राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-202
लखनऊ, रविवार 10 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

हर गांव में पहुंचेंगी यूपी की रोडवेज बसें : दयाशंकर सिंह 02

इस बार बिहार की सभी 40 सीटें पीएम मोदी की झोली में : शाह 12

मुख्यमंत्री योगी ने जौनपुर में 900 करोड़ की 256 परियोजनाओं का किया लोकार्पण, कहा

मोदी की गांरटी से भारत बना बड़ी अर्थव्यवस्था

समृद्धि न्यूज

जौनपुर। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जौनपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया। तत्पश्चात वह बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचे जहां उन्होंने एक लाभार्थी सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, मोबाइल व प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित लोगों को घर की चाबियां, किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दिया।

इसके साथ ही आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने बटन दबाकर जिले की लगभग 900 करोड़ की 256 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी मैं नगर पालिका परिषद के चुनाव में आया था और आप लोगों ने जीत दर्ज कराकर जनपद में ट्रिपल इंजन की सरकार को मजबूती प्रदान किया था। मोदी की गारंटी ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है यह नए भारत का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जय श्री राम का नारा लगाने पर लाठियां बरसाई जाती थी और हम लोग अब जय श्रीराम का नारा लगाने वालों को भगवान श्रीराम का दर्शन कर रहे हैं। आज मोदी जी के डबल इंजन की सरकार के कारण भारत में एक बार फिर से रामराज की स्थापना हुई और विराट विशाल भव्य राम मंदिर बनाकर अयोध्या में तैयार हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ काशी में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाकर लोगों को दर्शन करने का काम हम कर रहे हैं। सीएम योगी ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं का भी जिक्र किया और कहा कि महाराणा प्रताप ने घास की रोटी को खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी भी विदेशी आक्रांताओं के सामने फिरंगियों के सामने घुटने नहीं टेके। उन्होंने उसे लड़ते हुए अपने तमाम राज्यों को भी वापस लाकर भारत का गौरव बढ़ाया।

▸ सीएम ने छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, मोबाइल व पीएम आवास योजना से आच्छादित लोगों को घर की चाबियां, किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

कमल खिलेगा तो होगा विकास

जौनपुर में मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय का सपना था जो आज हकीकत बन चुका है और बेहतर ढंग से काम भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि जौनपुर की धरती परिश्रम और पुरुषार्थियों की धरती है। यहां आदि गंगा गोमती का आशीर्वाद सबको मिलता रहता है। यहां के लोगों ने अपनी प्रतिभा के बल से पूरे देश में लोहा मनवाया है, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो चाहे वह वैज्ञानिक के क्षेत्र में हो। उन्होंने जौनपुर के लोकसभा प्रत्याशी के लिए भी लोगों से एक बार फिर कमल खिलाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि यदि कमल खिलेगा तो लक्ष्मी की वर्षा होगी और जौनपुर में काफी विकास किया जाएगा।

चंदौली को 743 करोड़ की 78 परियोजनाओं की दी सौगात

चंदौली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद में विकास की नई इबारत लिखी। जिले के रामपुर मचिया गांव स्थित नवीन मंडी के पास आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री ने नागरिकों को 743 करोड़ की 78 परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें खेल स्टेडियम सहित 37 परियोजनाएं का शिलान्यास और 41 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। अब चंदौली आकांक्षात्मक जिला नहीं, विकसित यूपी का विकसित जनपद होगा। जनसभा में चुनावी तेवर में दिखे मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 पहले इस जनपद की स्थापना हुई थी। कोई सोचता था कि चंदौली में मेडिकल कॉलेज बनेगा। आज बन गया। कभी सोचा था कि यहां पुलिस लाइन बनेगा। आज यहां पुलिस लाइन में आवासीय और अनावासीय भवनों के निर्माण शिलान्यास किया जा रहा है। अब चंदौली के पास अपना पुलिस लाइन होगा। इसके अलावा नौगढ़ तहसील के आवासीय और अनावासीय भवनों का भी उद्घाटन हो रहा है। साथ ही अन्नदाता किसानों के लिए पंप स्टेशन के लोकार्पण का कार्य हो रहा है। यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं।

2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातावरण

सीएम ने जनसभा में कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातारण था, लेकिन, आज आप जिस भारत का दर्शन कर रहे हैं, वह एक नया भारत है। यहां सुरक्षा की गारंटी है, संस्कृति का संवर्धन किया जा रहा है और देश आर्थिक समृद्धि का कीर्तिमान गढ़ रहा है। मोदी की गारंटी की गारंटी है। गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। सभा में मुख्यमंत्री ने अबकि बार चार सौ पार फिर मोदी सरकार का नारा बुलंद कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश तीसरी बड़ी ताकत बनने जा रहा है, इसमें कहीं कोई संशय नहीं है।

विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर का विकास जरूरी : प्रधानमंत्री

पीएम ने जोरहाट में 17,500 करोड़ से कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

एजेंसी

जोरहाट/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत और विकास को अपनी डबल इंजन सरकार का मंत्र बताया और कहा कि विकसित भारत के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर का विकास जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी पूरे पूर्वोत्तर को अपना परिवार मानते हैं। इसीलिए हम उन परियोजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्षों से लंबित पड़ी हैं प्रधानमंत्री शनिवार को असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं से असम में विकास की गति और भी तेज होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास भी और विरासत भी विकास के साथ-साथ विरासत हमारी डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि विरासत के संरक्षण के साथ ही असम की डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए भी उतनी ही तेजी से काम कर रही है।

इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व तेज गति दिखाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में सरकार पूर्वोत्तर को नजरअंदाज करती थी। हालांकि, मोदी पूरे पूर्वोत्तर को अपना परिवार मानते हैं। इसीलिए उन परियोजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देने वाली कांग्रेस और उसके दोस्तों ने आज कल कहना शुरू किया है कि मोदी का परिवार नहीं है। उनकी गाली के जवाब में पूरा देश खड़ा हो गया है, पूरा देश कह रहा है - मैं हूं मोदी का परिवार। देश का ये प्यार मोदी को इसलिए मिलता है क्योंकि मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को सिर्फ अपना परिवार ही नहीं माना बल्कि उनकी दिनरात सेवा भी कर रहा है।

वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट के एप्रन पर प्रदेश के मंत्री, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और जिले के आला अफसर भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर कुछ देर मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद प्रधानमंत्री शहर के लिए रवाना हो गए। दो दिवसीय काशी प्रवास पर आए प्रधानमंत्री बरेका गेस्टहाउस में रात्रि विश्राम के पूर्व श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन करेंगे। रात्रि विश्राम के बाद प्रधानमंत्री रविवार सुबह 10.45 बजे बरेका हेलीपैड से आजमगढ़ रवाना होंगे। काशी में प्रधानमंत्री के लगभग 15 घंटे के प्रवास को देखते हुए उनके कार्यक्रम स्थल और आने-जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

पीएम मोदी आज एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 का करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। आधुनिक सुविधाओं वाले चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 का आज लोकार्पण होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग से इसका लोकार्पण करेंगे। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ उड़ान स्कीम के तहत लखनऊ से आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ और श्रावस्ती की फ्लाई बिग एयरलाइन की सेवा का शुभारंभ भी होगा। इन पांच शहरों के लिए 19 सीटों वाले विमान की सेवा दो मार्च को आरंभ होनी थी, लेकिन टर्मिनल 3 के लोकार्पण के साथ इसे शुरू करने की योजना के कारण स्थगित कर दिया गया था।इसी के साथ उड़ान स्कीम के तहत लखनऊ से आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ और श्रावस्ती की फ्लाई बिग एयरलाइन की सेवा का शुभारंभ भी होगा। इन पांच शहरों के लिए 19 सीटों वाले विमान की सेवा दो मार्च को आरंभ होनी थी, लेकिन टर्मिनल 3 के लोकार्पण के साथ इसे शुरू करने की योजना के कारण स्थगित कर दिया गया था।

संक्षिप्त समाचार

ईडी का तमिलनाडु में खनन मामले में 10 ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में 10 ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि यह कार्रवाई लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के दामाद आधव अर्जुन के परिसरों के अलावा चेन्नई और कोयंबटूर में कुछ अन्य लोगों के कई ठिकानों पर भी चल रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने मार्टिन के खिलाफ एक अन्य मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच की है, जो सिक्किम सरकार की लॉटरी की बिक्री से संबंधित कथित अपराधों के खिलाफ सीबीआई के मामलों से संबंधित है। केंद्रीय जांच एजेंसी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इसकी जांच कर रही है।

रामपुर में हादसा, बाइकों में जोरदार भिड़ंत, तीन की मौत

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर में आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पर दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर सरकथल के पास हुआ। स्वार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लोहर्रा निवासी साजिद (22) पुत्र मोहम्मद उमर व आरिफ (20) पुत्र जमील निवासी नानकार रानी बाल काटने का काम करते हैं।

सेना ने तीन बारूदी सुरंगों का पता लगाकर किया निष्क्रिय

पुंछ। पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने शनिवार को तीन बारूदी सुरंगों का पता लगाया गया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मेंढर उप जिला में मनकोट सेक्टर के आगे के इलाकों में विभिन्न स्थानों पर गश्त के दौरान सेना के जवानों ने शक्तिशाली बारूदी सुरंगें देखीं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों को तुरंत बुलाया गया और बारूदी सुरंगों को सुरक्षित ढंग से नष्ट कर दिया गया।

जेटली राजनेता के बजाय एक लोक सेवक थे : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के विभिन्न क्षेत्रों के योगदानों की सराहना की और उन्हें एक राजनेता के बजाय एक लोक सेवक बताया। पार्टी लाइनों से परे जेटली की अद्वितीय स्वीकार्यता पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि उनकी पार्टी के साथ-साथ विपक्ष के लोग भी उनकी प्रशंसा करते थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के बहुउद्देशीय स्टेडियम का नाम अरुण जेटली के नाम पर रखने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, मैं अरुण जेटली को बहुत अलग तरीके से परिभाषित करता हूं।

एनसीबी ने तस्करी मामले में सादिक को किया गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीबी ने शनिवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले की जांच के संबंध में तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा यह मामला लगभग दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। एनसीबी के उपमहानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि सादिक को शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

एनसीबी ने सादिक को भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच फैले अंतरराष्ट्रीय मादक तस्कर गिरोह का सरगना करार दिया है। तमिल फिल्मों के निर्माता सादिक को सत्तारूढ़ द्रमुक से हाल में निष्कासित किया गया था। एजेंसी ने मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से सादिक के कथित संबंधों का खुलासा किया था और इसके बाद उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया था। राज्य में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम इस मुद्दे पर लगातार द्रमुक को निशाना बना रहे हैं। एनसीबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था और दिल्ली के एक गोदाम में छापेमारी में 50 किग्रा मादक पदार्थ बनाने वाला रसायन 'स्यूडोएफेड्राइन जब्त किया था। वर्ष 2023 के अंत में ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के अधिकारियों ने भारत से उनके देशों में तस्करी की जा रही भारी मात्रा में स्यूडोएफेड्राइन के बारे में गोपनीय जानकारी दी थी।

▸ मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ा यह मामला दो हजार करोड़ से ज्यादा का

सीबीआई ने संदेशखाली में शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर की छापेमारी

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखाली स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए। इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14- सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। उन्होंने बताया कि सीबीआई अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शेख के आवास पर लगाई गई सील को परिसर में प्रवेश करने के लिए खोल दिया। वे जांच के लिए इलाके की वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं और उसका नक्शा भी तैयार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि फोरेंसिक टीम को उनके घर पर सबूत इकट्ठा करने में कई घंटे लग गये।

किसान और गांव के विकास के बिना भारत का विकास नहीं हो सकता : राजनाथ सिंह

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 25 करोड़ लोग गरीबी के संकट से बाहर आ चुके हैं। यह मैं नहीं बल्कि नीति आयोग कह रहा है। एक बार फिर मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाइए, देश में गरीबी नहीं रहेगी।

रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिना किसान और गांव के विकास के भारत का विकास नहीं हो सकता।छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार बनते ही 100 दिन में ही जो विकास पटरी से उतर चुका था, वह पटरी पर लौट आया है। राजनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ बनाया। लेकिन पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ के लिए ठीक नहीं रहे। 5 साल जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अब भाजपा सरकार दोबारा छत्तीसगढ़ को संवारेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि जहां सारी उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरू हो जाती है। राजनाथ सिंह ने कहा, इजरायल, फिलीस्तीन के कारण दुनिया में महंगाई बढ़ी है लेकिन भारत में मोदीजी ने महंगाई को नियंत्रित किया और खाद, बीज की कीमत को भी नहीं बढ़ने दिया। इसका नतीजा है कि भारत अकेला देश है जो 300 रुपये में यूरिया की बोरी देता है।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 64 रनों से जीता 5वां टेस्ट

धर्मशाला। धर्मशाला में खेला गया भारत और इंग्लैड के बीच पांचवां मैच आखिरकार भारतीय टीम ने जीत ही लिया। इस मैच में भारत ने मेहमान टीम को 64 रनों से हराया है। इसी के साथ इस सीरीज पर भारत ने 4-1 से कब्जा जमाया है। यहां तक कि टीम इंडिया पहला मैच इस सीरीज का हारी थी, लेकिन सीरीज के बाकी चारों मुकाबले जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया। इंग्लैंड की टीम भारत में बैजबॉल पर टेस्ट सीरीज जीते के इरादे से आई थी, लेकिन पहले मैच को जीतने के बाद भी इंग्लिश टीम वापसी नहीं कर सकी है। वहीं इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी।

आंध्र में बीजेपी ने टीडीपी के साथ किया गठबंधन

एजेंसी

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर उठापटक जारी है। इस बीच लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन को लेकर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी (जेएसपी) प्रमुख पवन कल्याण ने नयी दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा की।

बताया जा रहा है कि बीजेपी, टीडीपी और जेएसपी के बीच 17.62 का फॉर्मूला तय हो गया है। टीडीपी के एन चंद्रबाबू नायडू जो कभी 2018 तक भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का अभिन्न अंग थे, अब गठबंधन को फिर से मजबूत करने की संभावना तलाश रहे हैं। नयी दिल्ली में हुई सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

सूत्रों की मानें तो तीनों दलों ने सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय कर लिया है। अगले एक या दो दिनों में आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती चर्चा सीट-बंटवारे की व्यवस्था के इर्द-गिर्द घूमती रही। संभावित गठबंधन में भाजपा छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जेएसपी दो पर और टीडीपी शेष 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों में से भाजपा और जेएसपी कथित तौर पर 30 संसदीय क्षेत्रों की विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सहमत हो गए हैं।

समानता बनाए रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी : सीजेआई

एजेंसी

बीकानेर। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को बीकानेर में हमारा संविधान, हमारा सम्मान कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में समानता बनाए रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है। संविधान की भावना के मुताबिक हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा।

संविधान निर्माताओं की सोच थी कि मानवीय गरिमा का स्थान सबसे ऊपर है। बाबा साहेब अंबेडकर ने सुनिश्चित किया था कि संविधान में न्याय के मूल्य, स्वतंत्रता और समानता के साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा कायम रहे। उन्होंने बीकानेर में ई-कोर्ट की सुविधा शुरू करने की घोषणा की। बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में न्याय मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा कि अक्सर मैं देखता हूं कि लोग अपने से जूनियर को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते। अपने ड्राइवर से ढंग से बात नहीं करते। लोग सोचते हैं कि ड्राइवर छोटा है। सफाई करने वाले को हीन भावना से देखते हैं।

ताकत पश्चिमी सीमा से लाई गई सैन्य टुकड़ी, चीन सीमा के 532 किमी. हिस्से की करेगी रक्षा

भारत ने चीन सीमा पर तैनात किए 10 हजार और सैनिक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। यह जवान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन सीमा के 532 किमी. हिस्से की रक्षा करेंगे।

चीन ने सीमा पर भारतीय सेना बढ़ाने की आलोचना करते हुए कहा कि इससे तनाव कम नहीं होगा। भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने निजी चर्चा के बाद सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया है। एक वरिष्ठ भारतीय सैन्य अधिकारी ने कहा कि देश की पश्चिमी सीमा (पाकिस्तान) पर तैनात सैनिकों की 10 हजार मजबूत इकाई को अब चीन के साथ सीमा के एक हिस्से की रक्षा के लिए अलग रखा गया है। इसके अलावा विवादित चीनी सीमा के लिए पहले से ही नामित 9,000 सैनिकों की मौजूदा टुकड़ी को नवनिर्मित लड़ाकू कमान के तहत लाया जाएगा। यह संयुक्त बल 532 किमी. (330.57 मील) की सीमा की रक्षा करेगा, जो चीन के तिब्बत क्षेत्र को भारत के उत्तरी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश से अलग करती है। हालांकि, भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन एक ब्रीफिंग में चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर और अधिक सैनिकों को जोड़ने का भारत का कदम तनाव कम करने के लिए अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा पर हजारों सैनिकों को तैनात किया है, जिससे बीजिंग के साथ उसके पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और बढ़ने की संभावनाएं पैदा हो गई हैं।

दूसरी तरफ, सीमा के इस हिस्से में सैनिकों की तोपखाने और हवाई समर्थन के साथ अभूतपूर्व तैनाती इस क्षेत्र के रणनीतिक महत्व और भारत की नजर में एलएसी की बढ़ती संवेदनशीलता को उजागर करती है। भारत और चीन के बीच मई, 2020 से शुरू हुए सीमा गतिरोध के बाद भारत ने चीन के साथ अपनी सीमा पर गश्त करने के लिए अतिरिक्त 50 हजार सैनिकों को तैनात किया। इस बीच जून, 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ घातक सीमा संघर्ष में कम से कम 20 भारतीय सैनिक मारे गए थे, जिसके बाद दोनों पक्षों के संबंध गंभीर रूप से तनावपूर्ण हो गए थे। चीन और भारत ने तब से एलएसी के आसपास सैन्य-संबंधित बुनियादी ढांचे को उन्नत किया है। इतना ही नहीं, दोनों पक्षों की ओर से सीमा पर अधिक सैनिकों की तैनाती करने के अलावा मिसाइलों, तोपखाना रेजिमेंटों और विमानों को भी अपनी-अपनी सीमा के भीतर ले जाया गया है।



किसानों की समस्याओं की हो रही अनदेखी

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लाक ईकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर ब्लाक अध्यक्ष डाक्टर हरीराम पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई , बैठक में मुख्य रूप से आगामी 14 मार्च को दिल्ली में आयोजित किसान महापंचायत एवं 15 मार्च को मासिक रक्तदान की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें सर्व सम्मति से 13 मार्च को दिल्ली महापंचायत के लिए बड़ी संख्या में जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में चलने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के प्रति जो गलत व्यवहार हो रहा है और किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। इसमें तत्काल सुधार नहीं लाया गया तो ब्लॉक और तहसील स्तर पर विशाल घेराव किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने सभी किसानों को 14 मार्च दिल्ली में किसान महापंचायत के लिए 13 मार्च को बड़ी संख्या में बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का आह्वान किया, बैठक में किसानों की अहम समस्याओं को देखते हुए निम्नलिखित मांगों का प्रस्ताव पारित कर सरकार से अविलंब समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है, तहसील अध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि समय से निस्तारण न होने पर संबंधित विभागों का घेराव किया जाएगा , बैठक में नहरों की अधूरी सफाई हुई हैं उनका पूर्ण रूप से सफाई अविलंब पूरी कराने, औशानेश्वर धाम से बारा होते हुए सुल्तानपुर रोड तक जो साधनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है उसे किसान हित को देखते हुए अविलंब हटाने , जिससे कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर ट्राली गन्ना ढुलाई, किसानों को मकान निर्माण हेतु गिट्टी मोरंग सामग्री लाने में हो रही दिक्कतों, आपात काल की स्थिति में एंबुलेंस के आवागमन बाधित सहित सभी समस्याओं को देखते हुए अविलंब बैरियर हटाने, चकोरा ग्राम अंतर्गत गोमती नदी सिंगागढ़ घाट अमौनी घाट पर प्रस्तावित प्लाटून पुल का निर्माण अविलंब शुरू करने, नगर पंचायत सुबेहा में फायर स्टेशन का निर्माण अविलंब पूरा करने सहित तमाम मांगें रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, जिला सचिव संतोष सिंह, तहसील अध्यक्ष हैदरगढ़ अशोक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ डॉक्टर हरी रामपाल, मोहम्मद रईस नगर अध्यक्ष हैदरगढ़, कमलेश कुमार, रामनिवास वर्मा रामनाथ सुल्तान कांति लीलावती सत्यनारायण रामसेवक रामप्रसाद बल्ले दुखी आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज विकासखंड त्रिवेदीगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था राम भरोसे चल रही है कहीं फार्मासिस्ट चला रहे अस्पताल तो कहीं गायब रहते हैं कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर। स्वास्थ्य कर्मचारियों की भ्रष्ट कार्य प्रणाली के चलते ग्रामीणों को दर दर भटकना पड़ रहा है। धरती पर दूसरा भगवान चिकित्सक और स्वास्थ्य क्षेत्र को सेवा का दर्जा दिया गया है परंतु समय के फेर में यह धारणा तेजी से बदलती नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के लचर रवैये के चलते मरीजो तक सेवाएं पहुंच ही नहीं पा रही हैं जिनके वह हकदार है इसी क्रम में आज दोपहर 3:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरियानी में चिकित्सक मौजूद नहीं मिले और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल स्थित हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर रामनगर पर भी दोपहर 3 बजे ताला बंद मिला।

थाना समाधान दिवस में आये सात मामले, दो का निस्तारण

मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस मे 7 मामले आये जिसमे एक मामले मे एफआईआर दर्ज कराते हुए दो मामलो का मौक़े पर ही निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस मे ग्राम सुरसंडा निवासी सियाराम पुत्र रामकुमार ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की जिसपर प्रभारी निरीक्षक ने मौक़े पर ही बुलाकर विवाद का निस्तारण कराया। भौराखुर्द निवासी राजनरायण तिवारी पुत्र भवानी प्रसाद ने घूर को हटाने एव महेश कुमार पुत्र बाबूलाल ने खड़ंजे पर अवैध कब्जे की शिकायत की। जरहरा भनौली थाना जैदपुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र अमर सिंह ने मोटरसाइकिल से हुई दुर्घटना की शिकायत की, बनियतारा निवासी अंकुर वर्मा पुत्र रणवीर सिंह ने खेत मे मेड बाँधने के संबंध मे शिकायत की पपनामऊ लखनऊ निवासी प्रसादी पुत्र मैकु ने बैनामे की जमीन पर कब्जा दिलाये जाने की गुहार लगायी। बरौलिया थाना बदोसराय निवासिनी ललिता देवी पत्नी नन्हेलाल ने दुर्घटना की शिकायत की जिसका मुकदमा दर्ज कर मामले का निस्तारण किया गया। अन्य मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व एव पुलिस टीम का गठन किया गया है। इस मौक़े पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्मशाद अली, अनिल कुमार सिंह, रमेश्चंद्र, सुरेंदरनाथ राय, विभुति कुमार द्विवेदी राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी, हल्का लेखपाल दिवाकर, राजेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

जैदपुर, बाराबंकी। थाना परिसर में आज समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह व अतिरिक्त प्रभारी वीर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से आने वाले सभी शिकायतों की जनसुनवाई की गई। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न स्थान से आए फरियादियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा। सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी द्वारा संबंधित को उचित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया इस मौके पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र से आज करीब दर्जनों शिकायत प्राप्त हुई हैं। जिनमें कुछ शिकायतों का तत्काल निस्तारण कर दिया गया है तथा कुछ शिकायतों में टीम गठित करके जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

स्मार्टफोन वितरण से खिले युवाओं के चेहरे

- प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है और यह सपना तभी पूरा होगा

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

शिक्षा रुपी कुँजी से विकास की राह के हर ताले खुल सकते है।शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए हमारी सरकार युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट देने का कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है और यह सपना तभी पूरा होगा जब युवा पढ़-लिख कर देश का नाम रोशन करेंगे और देश को विकसित बनाने का काम करेंगे, आप सभी लोग मेहनत और लगन से पढ़ लिख कर इस राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने का काम करें। उक्त उद्गार पूर्व विधायक/सांसद बैजनाथ रावत ने ग्राम्यांचल पी जी कॉलेज हैदरगढ़ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत बीए बीएससी बीकॉम बीएड के 524 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर ग्राम्यांचल सेवा समिति के कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी, महाविद्यालय की सह प्रबंधक सुप्रिया पाठक, माता पिता धाम के पंकज मिश्रा, प्राचार्य लालमणि शुक्ला, बी एड प्रवक्ता राजेंद्र कुमार यादव, जे पी सिंह मनीष मिश्रा नीलम पांडे विष्णु कांत आदि मौजूद रहे।

श्रद्धालु की सड़क दुर्घटना में मौत, दूसरा घायल

हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

- घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए किया रेफर

दिल्ली से अयोध्या घूमने के लिए निकले पश्चिम बंगाल निवासी दो युवक शनिवार दोपहर बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में जहां एक 28 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

यूपीडा की एम्बुलेंस सेसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाये गये घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जहां गंभीर अवस्था के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है, वही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी गोविंद मंडल पुत्र स्वर्गीय सुकदेव मंडल 30, अपने साथी बोसपुर पी आर नंबर 4758 कोलकाता निवासी किंगशक धर पुत्र विजोयधर 28 के साथ मोटरसाइकिल से दिल्ली से अयोध्या घूमने के लिए जा रहा था शनिवार की दोपहर बाद जब 3:00 बजे के करीब वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 39.4 कि मी पर कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के बम्हरौली गांव की सीमा पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।जिसमें किंगशकधर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

शादी समारोह से बाइक हुई चोरी,थाने में दी तहरीर

जैदपुर, बाराबंकी। विवाह समारोह में सामिल होने गये व्यक्ति की बाइक चोरी होने हो गयी। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव निवासी राम लखन पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर चौकी पर शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह 28 फरवरी को कटैया गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। जहां पर अपनी बाइक यूपी 41आर 9038 को खड़ी करके शादी समारोह में शामिल होने गए। वापस आए तो उक्त स्थान से बाइक गायब मिली। जिसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं हो पाई। वही राम लखन ने शिकायती पत्र देते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

फ़िल्म की शूटिंग देखने के लिए दर्शकों की उमड़ी भीड़

बाराबंकी। दीप फिल्म एंड डिस्ट्रीब्यूशन के बैनर तले बन रही वाली भोजपुरी फिल्म शादी में उल्टा फेरा की बहलोलपुर में चल रही है। जिसको देखने के लिए क्षेत्र से सैकड़ों लोग पहुच रहे। हवेली नुमा बने मकान के अंदर यह पारिवारिक फिल्म शूट की जा रही है। फिल्म के डायरेक्टर लालजी यादव के निर्देशन में शनिवार को तलाक होने के बाद दहेज के समान वापस करने व हीरो हीरोइन के बिछने का दर्शय फिल्माया गया। शूटिंग देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।अन्य कलाकारों में राम सुजान सिंह अनूप अरोरा सोनू पांडेय ने भी भूमिका निभाई। यह फिल्म इस इलाके में सात आठ दिन शूट होगी जिसके बाद लोधेश्वर महादेवा में भी मंदिर पर शूटिंग होगी। सरयू नदी का किनारा,हरे भरे खेत व रेतीली भूमि के दृश्य भी इस फिल्म में फिल्माए जाएंगे।

खबरें एक नजर में

कार की टक्कर से दो सिपाही घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी। लखनऊ सुलतानपुर हाईवे पर गोसूपुर गांव के निकट शनिवार की शाम वैगन आर कार न यूपी 65 सी एस 6559 द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से बाइक सवार दो सिपाही गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल पुलिस कर्मियों का उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। हल्का सिपाही शुभम अवस्थी व दीवान रमेश मौर्य शाम 4 बजे शनिवार को हाइवे पर भिखरा की ओर से हैदरगढ़ की ओर आ रहे थे कि तभी गोसूपुर गांव के निकट कट के पास पीछे से आई वैगन आर कार ने पीछे से टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गोसूपुर के प्रधान अनुज डीडब्ल्यूईवेदी दीपू द्वारा दोनों पुलिसकर्मियों को आननफैनन में अपने वाहन से समुदायइक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया पुलिस कर्मियों के घायल होने की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षा का जय प्रकाश त्रिपाठी साहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी अस्पताल पहुंच गए ।

महाशिवरात्रि के पर्व पर जागरण का आयोजन

फत्तेपुर-खीरी। विकासखंड मितौली के ग्राम ढाखा स्थित मंदिर प्रांगण में गत शुक्रवार की रात्रि में विंध्याचल जागरण पार्टी नितेश सांवरिया आर्ट ग्रुप के बैनर तले भक्ति जागरण व सुंदर झांकियों का आयोजन किया गया। आदित्य पंडित, सुप्रीत मस्ताना, बेबी पारुल, आरती राठौर द्वारा बाबा भोलेनाथ मां पार्वती के विवाह गीत, सहित एक से बढ़कर एक भजनों को प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया तथा लोकप्रिय भक्ति गीतों पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई जिसे देख दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए। आशुतोष त्रिपाठी, मोहन पांडे, अवनीश पांडे, अमरजीत पांडे, अतुल पांडे के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के बहुतायत की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

महिला पुलिस को भी मैं हूं वीरांगना बैज लगाकर जेसीआई संकल्प टीम ने किया सम्मानित

लखीमपुर खीरी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिस को भी मैं हूं वीरांगना बैज लगाकर जेसीआई संकल्प टीम ने सम्मानित किया। महिला पुलिस टीम के वो सदस्य जिन्हें सम्मानित किया उसमें से रिटायर्ड महिला पुलिस नीरज मिश्रा, सर्वेश मौर्या, मोनिका श्रीवास्तव, भावना तिवारी, शिप्रा भारती, नीलम गंगवार, नेहा सिंह, निकिता राठौर, सुधा, उमा, आरती भारद्वाज, चंचल , अंजली, शीतल इत्यादि शामिल रहीं। उक्त कार्यक्रम में जेसीआई से नीति गुप्ता, रूपाली शुक्ला, मधुलिका त्रिपाठी, कीर्ति गुप्ता, उमा पितरिया, किरन, निधी गुप्ता, राधा सिंह, अपूर्वा, प्रियांशु, अनुज शुक्ला इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस में आई कुल 17 शिकायतें, पांच का मौके पर निस्तारण

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज कोतवाली में इस शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें आईं जिनमें पांच को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, शेष के निस्तारण के लिए टीमें रवाना की गईं। इस शनिवार को मैगलगंज कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह द्वारा की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 17 प्रार्थना पत्र आएं जिसमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 12 प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के लिए टीम रवाना की गईं हैं। इस मौके पर कानूनगो राजेन्द्र वर्मा, राजकुमार मौर्य, लेखपाल मनोज कुमार, राजकुमार, अरूण चौधरी हरिनाम मिश्रा व जीवनलाल सहित फरियादी मौजूद रहे।

डीएम का प्रयास सफल, 4292 गौवंशों की हुई सुपुर्दगी

बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले लेखपाल, ग्राम सचिव, होंगे सम्मानित, टॉप 05 को डीएम संग मिलेगा ब्रेकफास्ट का मौका

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

निराश्रित गौवंश के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संचालित विशेष सुपुर्दगी अभियान के तहत अबतक 4292 गोवंशों की सुपुर्दगी कराई गई। इसमें ग्राम्य विकास ने 2259, राजस्व विभाग ने 1805, आपूर्ति विभाग ने उचित दर विक्रेता के जरिए 228 गोवंश की सुपुर्दगी कराई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आश्रय स्थलों के समुचित रख-रखाव एवं बेसहारा गौवंश के संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना संचालित है, जिसके अंतर्गत इच्छुक पशुपालकों को गो-आश्रय स्थल से अधिकतम 04 गोवंश सुपुर्दगी में दिए जाने की व्यवस्था है। उक्त के साथ ही साथ सुपुर्दगी में लिए गोवंश से संबन्धित लाभार्थियों को भरण-पोषण हेतु प्रति गोवंश 50 रू0 प्रतिदिन दिया जा रहा है।

डीएम की अपील, निराश्रित गोवंश सुपुर्दगी लेकर करें गौ सेवा, उठाएं योजना का लाभः डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि गाय पालने पर सरकार से मिल रहे अनुदान का गोपालक लाभ उठाएं। शासन की योजना के मुताबिक स्थाई और अस्थाई गोशालाओं, पशु आश्रय स्थलों में रखे गए गौवंश में से कोई व्यक्ति पशुओं को सुपुर्दगी में ले सकता है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को 50 प्रतिदिन के हिसाब से प्रति गोवंश की दर से भुगतान किया जाएगा। निराश्रित गौवंश पालने वालो को अधिकतम चार गायें और उनके पालन-पोषण पर व्यय को प्रतिमाह 6000 रुपये सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। उन्होंने गाय, विशेषकर पंचगव्य की उपयोगिता बताते हुए कहा कि जहां गाय पाली जाती है, वहां संपन्नता बरसने लगती है।

सुपुर्दगी अभियानः बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले लेखपाल, ग्राम सचिव, प्रधान, कोटेदार होंगे सम्मानित

जनपद खीरी में संचालित विशेष गौवंश सुपुर्दगी अभियान के सफल क्रियान्वयन और अभियान में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने में बेहतरीन परफॉर्मेंस करने वाले कार्मिकों एवं आमजन को डीएम ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यही नहीं इस अभियान में टॉप फाइव पर रहने वाले लेखपाल, सचिव, प्रधान, कोटेदार को डीएम संग ब्रेकफास्ट करने का अवसर भी मिलेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस अभियान में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल शुरू की। इसके तहत विशेष गौवंश सुपुर्दगी अभियान में सर्वाधिक अच्छा करने वाले 05 लेखपालों, 05 सचिव और 05 प्रधान को डीएम आवास पर ब्रेकफास्ट पर बुलाया जायेगा। कोटेदार को इसके लिए न्यूनतम सुपुर्दगी 50 करानी होगी। जिले का कोई सम्मानित व्यक्ति यदि 100 या 100 से अधिक सुपुर्दगी कराएँगे तो उनको भी ब्रेकफास्ट पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

वारंटियों के विरुद्ध अभियान में तीन गिरफ्तार

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज पुलिस ने कच्ची शराब व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिनमें से पुलिस ने एक के पास से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देशन में कच्ची शराब व वांछित वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई गौरव कुमार द्वारा आर्म्स एक्ट व मारपीट के अलग अलग मामलों में वांछित चल रहे बृजकिशोर व हाकिम निवासी नयागांव को गिरफ्तार किया गया। वहीं मुख्य आरक्षी अनिल कुमार द्वारा रामेंद्र निवासी ककरहिया के पास से तीन पिपियों में भरी लगभग 60 लीटर कच्ची शराब बरामद करने का दावा किया है।

महाशिवरात्रि पर्व पर छोटी काशी गोला में निकली शिव बारात

- अमीर गुलाल पुष्प वर्षा करते और झूमते हुए गोला नगर के लोग हुए शामिल

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शाम को नीलकंठ मैदान से शिव बारात बड़े ही धूमधाम के साथ आकर्षक झांकियां बैंड बाजा और रोड लाइट के साथ गोला नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई पौराणिक शिव मंदिर के पास नीलकंठ मैदान से मनोहरी कला केंद्र के कलाकारों ने शिव पार्वती गणेश लक्ष्मी ब्रह्मा आदि देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में गोला नगर के शिव भक्ति बैंड बाजे की धुन पर अमीर गुलाल उड़ाते हुए पुष्प वर्षा और झूमते हुए बाराती के रूप में साथ में शामिल हुए। शिव बारात नीलकंठ मैदान से शुरू होकर अंबेडकर पार्क, अलीगंज रोड, अशोक चौराहा, विकास चौराहा, मोहम्मदी रोड, खुटार रोड मिल रोड, होकर पौराणिक शिव मंदिर पर बारात का समापन हुआ नगर में विभिन्न जगह प्रसाद के रूप में ठंडाई और मिठाई खिलाकर बारातियों का बहुत ही जोरदार स्वागत किया गया। शिव बारात में शिव मंदिर कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, राम जी रस्तोगी, सुरेश ठाकुर आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

विभिन्न समाधि स्थलों का हुआ अनावरण

- खंड शिक्षा अधिकारी ने तीनों की समाधि पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी

मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

मैगलगंज क्षेत्र के कस्बा औरंगाबाद में पं विश्वम्भर नाथ मिश्र, श्रीमती सावित्री मिश्रा समाधि स्थल एवं श्री मती प्रभा मिश्रा उपवन का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आयोजक शिक्षक संघ अध्यक्ष पसगवां पवन मिश्रा द्वारा माता, पिता व अभी हाल ही में पत्नी प्रभा मिश्रा के आकस्मिक देहांत के बाद उनकी स्मृति में समाधि उपवन का निर्माण किया गया था। उपवन में लगे शिलापट का अनावरण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा किया गया साथ ही तीनों की समाधि पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवाब कल्बे हसन मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गू, शिक्षक शिवप्रकाश बाजपेई, संगम बाजपेई, जय प्रकाश शुक्ला, देव प्रकाश सिंह, पंकज वर्मा, शिवाकांत मिश्रा व लक्ष्मी कान्त मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

संचालन न होने से वीरान भानपुर खाद गोदाम

बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज

क्षेत्र के भानपुर गांव में बना गन्ना सहकारी समिति गोदाम का बुरा हाल है। कई वर्षों से इस भवन में न तो खाद का वितरण किया गया है और न ही कोई कर्मचारी यहां तैनात है। वीरान पड़े इस भवन को आज भी कर्मचारियों का इंतजार है। जन प्रतिनिधियों और प्रशासन की बेरुखी के चलते इन भवन का जीर्णोद्धार होना तो दूर किसानों को खाद के लिए इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद मयस्सर न होने के कारण किसानों के खेतों की पैदावार पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिससे किसानों में खासा आक्रोश है। वहीं लाखों की लागत से बनी बिल्डिंग आज गांव के बीच खड़ी लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत भानपुर में किसानों की सुविधा के लिए बनाया गया गन्ना समिति भीरा का खाद गोदाम आज किसी के काम का नहीं है। भानपुर के खाद गोदाम पर कई वर्षों पूर्व गन्ना सोसायटी भीरा की तरफ से खाद वितरित की जाती थी। इस खाद गोदाम से दर्जनों गांवों के लोग अपने खेतों में डालने के लिए खाद ले जाते थे। क्षेत्रीय किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो जाया करती थी। लेकिन समय के थपेड़ों के साथ धीरे-धीरे इस खाद गोदाम पर कर्मचारी आना बंद हो गए जिसके बाद इस खाद गोदाम से किसानों को खाद मिलना भी बंद हो गया है जिसके चलते आज यह गन्ना समिति का खाद गोदाम किसानों के लिए सफेद हाथी बन कर रह गया है।

खाद गोदाम से खाद न मिलने पर किसानों को लगभग दस किलोमीटर दूर भीरा जाकर खाद लाना किसी चुनौती से कम नहीं है।किसान उदयपाल, सुरेंद्र, विक्रम, हरिकेश, दीनदयाल, मोहनलाल,रामखेलावन, सूरज, पंकज,रमेश मुकेश आदि ने बताया कि कई बार गन्ना सोसाइटी के सचिव से खाद गोदाम पर कर्मचारियों की तैनाती कर खाद उपलब्ध कराने की मांग की परंतु किसानों की समस्या का किसी भी अधिकारी द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया।

> भानपुर के खाद गोदाम में कर्मचारी ना होने के कारण खाद गोदाम आज इस हालत में है। 25 वर्ष पूर्व से कोई भी नई भर्ती नहीं हुई है जिस कारण पुराने कर्मचारी रिटायर होते चले गए और कर्मचारियों की कमी हो गई। शासन प्रशासन को हर साल लिखकर भेजा जाता है लेकिन नए कर्मचारियों की भर्ती न होने के कारण यह समस्या है।
> **-गंगाराम यादव सचिव गन्ना समिति भीरा**

प्रेस वेलफेयर एसो. मोहम्मदी का शपथ ग्रहण सम्पन्न

मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज

प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सामूहिक रूप से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय संतोष कुमार पांडे, मुजीब अहमद सिद्दीकी, योगेश श्रीवास्तव व रजनीश सिंह के उनकी गली के लिए पत्थरों का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अनावरण किया गया उसके बाद विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के लिए एक भवन का निर्माण भी करने के लिए कहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, एसडीएम मोहम्मदी डॉ. अवनीश कुमार, सीईओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ,स्पेक्टर मोहम्मदी चंद्रशेखर समाजसेवी पलविंदर सिंह,प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवम राठौर, महामंत्री तनवीर अहमद सिद्दीकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल सिंह, कोषाध्यक्ष रियासत अली छोटे, हरिश्चंद्र, उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम रज़ा, शारिब अली मंसूरी, इलियास अली ,जाकिर खान, शादाब खान, आरिफ रजा खान, इमरान मंसूरी,सदाकत मंसूरी , शाहनवाज खान खान अश्विनी सिंह राजपूत अर्जुन सिंह अमित कुशवाहाआदि मौजूद रहे।

संचालन मोहम्मद असलम राजा ने किया। तहसील क्षेत्र मोहम्मदी, जेबीगंज, बरबर, अमीर नगर, रेहरिया के सभी सम्मानित पत्रकार साथी गण उपस्थित रहे।

बदोसराय कोतवाली में आये चार फरियादी

सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी। थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस बदोसराय उपजिलाधिकारी आनन्द तिवारी की अध्यक्षता एंव प्रभारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार यादव के संयोजन में हुआ। जिसमे कुल चार प्रार्थना पत्र आये दो का सुलह समझौता कराकर निस्तारण कर दिया गया है। एक मामले में राजस्व व पुलिस टीम मौके पर भेजी गई है। शनिवार को थाना सम्पूर्ण समाधान में ग्राम मरकामऊ के उमाशंकर व घूरु, कुंजबिहारी आदि के रास्ते में एसडीएम व थाना प्रभारी ने उमाशंकर को चार फुट रास्ता दिलवा कर मामले का समाधान कराया। वहीं एक अन्य प्रकरण में सुलह समझौता कराया गया। मदारपुर के प्रधान जयराम मौर्या ने प्राथमिक विद्यालय में करवाये जा रहे बाउन्ड्री निर्माण की शिकायत की एसडीएम ने निर्माण कार्य की जांच करवाने का आश्वासन दिया है।

नगर निगम के तीन जोन को मिलाकर बढ़ेंगी दस लाख लोगों की सुविधाएं

12 करोड़ 86 लाख के काम का हुआ लोकार्पण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। नगर निगम की 10 लाख की आबादी के लिए अच्छी खबर है। शनिवार को मेयर सुषमा खर्कवार और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने 12 करोड़ 86 लाख के काम का लोकार्पण किया। इस दौरान सड़क के साथ-साथ लखनऊ को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए जाने की कवायद किया गया। नगर निगम लखनऊ के झंडे वाला पार्क में सुषमा खर्कवाल ने जोन 1, जोन2 और जोन 6 के लिए योजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान जोन एक के लिए 6 करोड़ 22 लाख, जोन 2 में 2 करोड़ 39 लाख और जोन छह में 4 करोड़ 24 लाख रुपए के कार्य का लोकार्पण किया गया। इस दौरान कार्यकारणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, सुनील तिवारी पम्मी समेत कई लोग मौजूद रहे।

मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि आने वाले 6 महीने में शहर में कूड़ा प्रबंधन समेत सभी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। पिछले दिनों हुए सदन की बैठक में पार्षदों ने सबसे ज्यादा सफाई और कूड़ा प्रबंधन को लेकर सवाल खड़ा किया था। इस दौरान हंगामा भी हुआ था। इसके बाद से ही नगर निगम सफाई और कूड़ा प्रबंधन को लेकर सक्रिय हो गया है। ऐसे में 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा खर्च जोन एक और जोन छह में किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि जोन एक में 6 करोड़ से ज्यादा और जोन 6 में 4 करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट खर्च किया जाएगा।

अनुपूरक पुष्टाहार उत्पादन इकाईयों को बनाया जाएगा सुदृढ़ व सशक्त

टीएचआर इकाइयों के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन

पुष्टाहार उत्पादित कर आंगनबाड़ी केंद्रों पर की जाती है आपूर्ति

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में अनुपूरक पुष्टाहार उत्पादन इकाईयों टीएचआर प्लान्ट्स को और अधिक सुदृढ व सशक्तबनाया जाने की कार्यवाही की जा रही है।

टीएचआर इकाइयों के बेहतर व सफल संचालन हेतु जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। महिलाओं के माध्यम से पुष्टाहार उत्पादित कर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आपूर्ति की जाती है। प्रदेश के 43 जनपदों में टीएचआर योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत समूह की महिलाओं के माध्यम से पुष्टाहार उत्पादित कर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आपूर्ति का कार्य किया जा रहा है। 43 जनपदों में 204 टीएचआर इकाईयां स्थापित की गयी है, जिनके सुचारू रूप से संचालन हेतु समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा एक सुदृढ व निश्चित बाजार इन इकाईयों को प्रदान किया जाता रहा है। विभाग में नियमित लाभार्थियों की संख्या लगभग 2 करोड़ है। यह निश्चित संख्या स्वयं सहायता समूहों के द्वारा संचालित व्यवसाय का भाग है और व्यवसाय को निरंतरता तथा विस्तृत बाजार प्रदान करता है।

शासन स्तर पर महसूस किया गया कि ऐसी स्थिति में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को अपने कार्य मॉडल को अधिक क्षमता के साथ विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे इकाईयां निर्धारित कास्टनॉर्म के अन्तर्गत पुष्टाहार का उत्पादन कर सके। यह भी जरूरी समझा गया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा इकाईयों को कोस्ट इफिसिएनट बनाने के लिए बाजार में उपलब्ध मार्केटिंग स्ट्रेटजी तथा मॉडल पर अध्ययन करते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित अनुपूरक पुष्टाहार उत्पादन इकाईयों को और सुदृढ और सशक्त बनाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जानी आवश्यक है। स्वयं के स्पेसिलाइजेशन को विस्तृत करके इन स्वयं सहायता समूहों द्वारा खुले बाजार में अपने सामान की आपूर्ति की जा सकती है। इस हेतु ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किसी विषय विशेषज्ञ कन्सलटेन्ट से बिजनेस मॉडल रेस्टकचर कराये जाने सम्बन्धी अध्ययन कराया जाना होगा।

खबरें एक नजर में

नव मतदाता पंजीकरण अभियान का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। स्वीप योजना के अंतर्गत आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ द्वारा विशेष नव मतदाता पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की स्वीप संयोजक मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी तथा कैंपस एंबेसडर कैडेट शिवानी वर्मा,नैंसी विश्वकर्मा,बुशरा हामिद,कु अल्पना सिंह ,कैडेट तनु सारस्वत तथा पलक गुप्ता ने ऐशबाग रामलीला ग्राउंड में कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ प्रतिमा घोष,डॉ श्वेता उपाध्याय एवं श्रीमती ऐश्वर्या सिंह के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बड़ी संख्या में स्वयं सेविकाओं का ऑनलाइन पंजीकरण कराया। स्वीप संयोजक मेजर डॉ सोढ़ी ने छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया तथा मतदान के अधिकार का समझदारी से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही सभी को निष्पक्ष होकर धर्म,जाति, समुदाय भाषा या किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।

यूपी में कांग्रेस ने गठित की प्रदेश चुनाव समिति

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के लिए वरिष्ठ नेता अविनाश पांडे के संयोजन में राजनीतिक मामलों तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में चुनाव समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन सब नामो को मंजूरी दी है। उन्होंने दोनों समितियों के पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने को कहा है। अविनाश पांडे के संयोजन में 42 सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में अजय राय, मोहसिना किदवई, निर्मल खत्री, सलमान खुर्शीद, पी एल पूनिया, राजीव शुक्ला, राशिद अल्वी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित 42 नेताओं को शामिल किया गया है।कांग्रेस महासचिव ने बताया कि श्री राय के नेतृत्व वाली चुनाव समिति में सलमान खुर्शीद, प्रमोद तिवारी, इमरान प्रतापगढ़ी, विवेक बंसल, बेगम नूर बानो, सुप्रिया श्रीनेत सहित 39 सदस्य शामिल है।

69000 शिक्षक भर्ती : अभ्यर्थियों ने घेरा भूपेंद्र चौधरी का आवास

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित आरक्षित वर्ग 6800 शिक्षक अभ्यर्थियों ने शनिवार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के आवास का घेराव किया और नियुक्ति की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवास के सामने मौजूद पुलिस बल अभ्यर्थियों को नारेबाजी करने से रोकने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान अभ्यार्थियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई जिसमें एक महिला अभ्यर्थी बेहोश हो गई जबकि दूसरी महिला अभ्यर्थी के हाथ में चोट आई है उसके हाथ से खून बह रहा था। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया की लखनऊ हाई कोर्ट के डबल बेंच में 69000 शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करई जाए। अमरेंद्र पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद हैं की उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा।

पेंशन बढ़ोतरी को लेकर ईपीएफओ ऑफिस पर प्रदर्शन कल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनर 11 मार्च को देश भर के ईपीएफओ कार्यालय पर न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी और महामंत्री राजशेखर नागर ने बताया कि प्रदेश के 10 क्षेत्रीय ईपीएफओ कार्यालय लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी गोरखपुर, बरेली, आगरा अलीगढ़, मेरठ और नोएडा में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा पिछले दिनों एनएसी की टीम ने ईपीएफओ मुख्यालय दिल्ली में कई बैठक कर पेंशन वृद्धि के प्रस्ताव तैयार किए थे परंतु उसे अभी तक अनुमोदित कर आगे नहीं बढ़ाया गया हैजिससे यह मसला अधर में लटका है। कुछ ही दिनों में चुनाव आचार संहिता लग जाएगी। पेंशनर इसी के विरोध में ईपीएफओ ऑफिस पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे कि तत्काल न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए महीना, महंगाई भत्ता और पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाए। इस प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय, प्रांतीय, मंडलीय एवं जिला इकाई के पदाधिकारी के साथ-साथ अनेक विभागों के पेंशनर शामिल होंगे।

अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अब उन्हें जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। लेकिन, अब उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह फैसला गृह मंत्रालय द्वारा लिया गया है। बता दें कि अनुप्रिया पटेल अपना दल की नेता और लोकसभा सांसद हैं। 2014 के चुनाव में अनुप्रिया ने उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर सीट से अपना दल से चुनाव लड़ा था। अनुप्रिया पटेल मोदी सरकार की सबसे युवा मंत्री हैं और वे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। अनुप्रिया 2016 से 2019 तक भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री थीं। अनुप्रिया अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और उन्हें पार्टी ने सितंबर 2019 में अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था। वाई कैटेगरी की सुरक्षा में सिक्योरिटी में 6 से 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों समेत 22 जवान तैनात रहते हैं। इसमें कुछ कमांडो और पुलिसकर्मी होते हैं।

परिवहन मंत्री ने किया तीन सौ करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

हर गांव में पहुंचेगी रोडवेज बसें : दयाशंकर

बलिया में आधुनिक बस अड्डे की भी रखी आधारशिला

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/बलिया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। बलिया मुख्यालय पर बनने वाले आधुनिक बस अड्डे के साथ उजियार घाट पर भी बस अड्डा एवं लोक निर्माण विभाग की 72.86 करोड़ की लागत से बनने वाली 80 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें टेकार बन्धे से मुक्तिधाम मार्ग व जमुआ रिंग बन्धा से धरीक्षण दास की कुटिया मार्ग पर पुलिया भी शामिल है। नगर विकास विभाग की भी 17.60 करोड़ के 65 कार्यो का शिलान्यास तथा 6.38 करोड की 32 निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया नगर की जनता ने मुझे पांच साल दिया है। इन पांच वर्षो में हर वह काम करके दिखाऊंगा, जो चुनाव से पहले वादा किया था। एसटीपी का निर्माण भी रूका था, अब वह भी तेजी से बनेगा। नगर का सीवरेज सिस्टम दुरूस्त होगा। हर घर शुद्ध पेयजल की सप्लाई होगी। चुनावे वादे के 60 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज व कटहल नाला के सुन्दीकरण का भी शिलान्यास मुख्यमंत्री से कराऊंगा।परिवहन मंत्री ने कहा, हमारी योजना है कि प्रदेश के हर गांव में रोडवेज की बसें जाएंगी। जिस गांव से बस चलेगी, उसी गांव के ड्राईवर-कंटक्टर उस पर तैनात होंगे, जो प्रतिदिन गांव से मुख्यालय पर आने के बाद वापस अपने गांव चले जाएंगे।

विकास की नई गाथा लिखेगा आधुनिक बस अड्डा

उप्र परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने कहा कि परिवहन मंत्री का बलिया के विकास पर विशेष फोकस है। प्रदेश का अंतिम जिला होने के नाते यहां रोडवेज की हर सुविधा पहुंचाने पर हम सबका ध्यान रहेगा। एमडी ने कहा कि यहाँ बस स्टैंड ऐसा बन रहा है जो प्रदेश में कम ही जगहों पर होगा। इससे यहाँ के किसानों, व्यापारियों व पूरे जनपदवासियों को लाभ मिलेगा। वीरों की इस ऐतिहासिक धरती पर यह आधुनिक बस अड्डा विकास की नई गाथा लिखेगा। विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह ने कहा कि बलिया से मेरा पुराना नाता रहा है। सौभाग्य है कि यहाँ विकास कार्य में पहले एसडीएम व एडीएम के रूप मे और अब परिवहन विभाग में कार्यरत होने के नाते यहां के विकास में भागीदारी का मौकघ मिला है। डीएम रवींद्र कुमार ने कहा कि यहाँ बनने वाला मॉडल बस स्टेशन निश्चित रूप से इस जनपद की पहचान बनेगी। इसके लिए परिवहन मंत्री जनपद की ओर से बधाई के पात्र हैं।

जन समस्याओं के समाधान में ढिलाई न बरतें अधिकारी : सीएम योगी

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी 500 लोगों की फरियाद

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने गोरखपुर दौरे पर है। यहां पर उन्होंने आज यानी शनिवार को गोरखपुर मंदिर में दर्शन पूजन किया और इसके बाद जनता दरबार लगाया। सीएम ने इस जनता दरबार में पहुंचे लोगों की समस्या सुनीं और उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की ढिलाई या लापरवाही न बरती जाए और इस बात पर बल दिया कि जन समस्याओं को हल करना तथा उसका त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करने की अटकलों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि बसपा अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि बसपा के संबंध में गठबंधन को लेकर गलतफहमी और गलत जानकारियां फैलाई जा रही है। उन्होंने आम जनता से इस संबंध में सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। उन्होंने कहा, बहुजन समाज के हित में बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। मायावती ने कहा कि बसपा देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी और दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फर्जी एवं गलत खबर है।

सत्य निष्ठा नैतिक मूल्य सृजनात्मकता है नारी शक्ति की पहचान : ऋतु सिंह

विभिन्न क्षेत्रों की महिला विभूतियां उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। शुक्रवार को ब्रह्मा कुमारीज जानकीपुरम द्वारा भव्य महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया जिसमे द्वादश ज्योतिर्लिंग अमरनाथ की गुफा और चैतन्य देवियों को झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही विशेष मेले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह मौजूद रही।

इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारीस जानकी पुरम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की महिला विभूतियों को उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया जिसमें आर.टी.ओ अयोध्या सुश्री सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय की भूतपूर्व प्रोफेसर शशि शुक्ला व डॉ अमिता पांडेय प्रोफेसर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर शशि शुक्ला सीएमएस की प्रिन्सिपल सुश्री ज्योति कश्यप व डॉ अमिता पांडेय प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज अध्यक्षा इन्नव्हील क्लब को शॉल मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित किया गया।आरटीओ अयोध्या सुश्री सिंह ने सभा को महिला सशक्तिकरण की परिभाषा बताते हुये कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में स्वतंत्र निर्णय लेने के अधिकार को ही महिला सशक्तिकरण कहते हैं चाहे वह सामाजिक आर्थिक पारिवारिक या राजनीतिक निर्णय हो।अपने संबोधन में उन्होंने एक सुखद और श्रेष्ठ समाज में महिला की महत्ता को समझाया।उन्होंने अपने जीवन के कई अनुभवों को भी साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्हें सत्य की शक्ति से अपने सरकारी दायित्वों को निडरता से निभाने की प्रेरणा मिलती है।



महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की पावन नगरी में

₹482 करोड़ की 253 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

ठोस कचरा प्रबंधन हेतु 34 वाहनों को हरी झंडी

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

रवि किशन शुक्ल, सांसद, गोरखपुर | कमलेश पासवान, सांसद, बांसगांव | साधना सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर | डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महापौर, गोरखपुर

फतेह बहादुर सिंह, विधायक, कैम्पियरगंज | महेन्द्र पाल सिंह, विधायक, पिपराइच | विपिन सिंह, विधायक, गोरखपुर ग्रामीण | श्रीराम चौहान, विधायक, खजनी | राजेश त्रिपाठी, विधायक, चिल्लूपार

प्रदीप शुक्ल, विधायक, सहजनवा | इंजी. सरवन कुमार निषाद, विधायक, चौरी-चौरा | डॉ. विमलेश पासवान, विधायक, बांसगांव | डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान परिषद | देवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद | सी. पी. चंद, सदस्य, विधान परिषद

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : अपराह्न 4:00 बजे | स्थान : नगर निगम परिसर, गोरखपुर

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
- राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी)
- 200 टन प्रतिदिन क्षमता के स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन
- 50 टन प्रतिदिन क्षमता के सी एंड डी कचरा प्रबंधन संयंत्र

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
- डिजिटल लाइब्रेरी एवं नगर निगम टाउन हॉल का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य
- जल-निकासी हेतु नाली/नाला
- त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सड़क एवं नाली
- अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ पम्पिंग स्टेशन, अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं नाला
- स्वच्छ पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं
- ताल नदोर में कान्हा गौशाला
- एकला बंधा पर राप्ती रिवर फ्रंट एवं शहर के डिवाइडरों के ग्रीन बेल्ट का विकास
- समस्त 80 वार्डों में सड़क, नाली/नाला एवं अन्य कार्य
- पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण
- सीवर व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण
- विभिन्न स्थानों पर पथ प्रकाश व्यवस्था के कार्य
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

अटकलों का बाजार गर्म, कौन होगा कैसरगंज से भाजपा का दावेदार

तो क्या भाजपा महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क को देगी कैसरगंज से टिकट

नरेंद्र लाल गुप्ता

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कैसरगंज बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों पर यौन उत्पीड़क के आरोप लगाने के बाद से कैसरगंज लोकसभा सीट काफी चर्चा में रही है. भाजपा की दुविधा यह है कि वह सीधे तौर पर बृजभूषण को इग्नोर भी नहीं कर सकती है। यही वजह है कि भाजपा प्लान-बी पर काम कर रही है जिस लोकसभा सीट से सपा के नेता बेनी प्रसाद वर्मा लगातार जीतते रहे,वह कैसरगंज अब कमल खिलाता आ रहा है पिछले तीन चुनावों में बृजभूषण शरण सिंह ने जीत की हैट्रिक लगाई है। हां वही बृजभूषण जो पिछले दो साल से महिला पहलवानों के आरोप के कारण काफी विवादों में रहे हैं। बीजेपी की पहली लिस्ट में नाम नहीं आया तो अटकलें लगाई जाने लगीं कि हो सकता है इस बार



कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कट जाए।वही बहराइच जिले की यह सीट बृजभूषण मामले के कारण इस बार सुर्खियों में है 1991 में वह पहली बार गोंडा सीट से लोकसभा पहुंचे थे। छह बार के सांसद रहे बृजभूषण की लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं इसमें तीन विधानसभा क्षेत्र गोंडा जिले का हिस्सा हैं लखनऊ से यह क्षेत्र सौ किमी दूर है।

बाहुबली सांसद बृजभूषण का असर

पिछले चुनाव में बृजभूषण ने बसपा उम्मीदवार को 2.61 लाख वोटों के अंतर से हराया था वह यूपी की सियासत के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। हालांकि यौन शोषण के गंभीर आरोपों के कारण भाजपा को काफी मंथन करना पड़ रहा है। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि बृजभूषण को इग्नोर करना भाजपा के लिए अच्छा फैसला नहीं होगा। जब बृजभूषण सिंह पर प्रेशर बढ़ रहा था तो उन्होंने इशारों में ही संकेत दे दिया था कि उनके पास कई विकल्प मौजूद हैं। कुछ दिन में कोर्ट का फैसला भी आने वाला है। ऐसे में संभव है कि भाजपा उसके बाद कैसरगंज पर कोई फैसला ले। अटकलें लगाई जा रही हैं कि बृजभूषण शरण सिंह की जगह भाजपा उनके बेटे या किसी विश्वासपात्र को टिकट दे सकती है। इससे भाजपा बृजभूषण को नाराज नहीं करेगी खास बात यह है कि बृजभूषण का प्रभाव केवल कैसरगंज सीट तक ही सीमित नहीं है। उनका आसपास अयोध्या, गोंडा,श्रावस्ती तक असर देखने को मिलता है।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण

इस सीट पर कुल 18 लाख से ज्यादा वोटर हैं। इसमें करीब साढ़े आठ लाख महिला मतदाता हैं। कैसरगंज का कुछ इलाका क्षत्रिय बहुल है। गोंडा वाले हिस्से में ब्राह्मण आबादी ज्यादा है। यहां अक्सर क्षत्रिय और ब्राह्मण दो धड़े बने रहते हैं। कुर्मी समुदाय के प्रभाव के कारण बेनी प्रसाद वर्मा पहले जीतते थे लेकिन नए परिसीमन में समीकरण बदल गए। इस क्षेत्र में अल्पसंख्यकों की भी अच्छी तादाद है।

कैसरगंज सीट से जीते सांसद

1952	शकुंतला नायर	हिंदू महासभा
1957	भगवानदीन मिश्र	कांग्रेस
1962	बसंत	स्वतंत्र पार्टी
1967	शकुंतला नायर	भारतीय जनसंघ
1971	शकुंतला नायर	भारतीय जनसंघ
1977	रूद्र सेन चौधरी	जनता पार्टी
1980	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1984	राणा वीर सिंह	कांग्रेस
1989	रूद्र सेन चौधरी	भाजपा
1991	लक्ष्मीनारायण मणि त्रिपाठी	भाजपा
1996	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1998	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
1999	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2004	बेनी प्रसाद वर्मा	सपा
2009	बृजभूषण शरण सिंह	समाजवादी पार्टी
2014	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2019	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा

शिक्षण कार्य के लिए दान में दिया प्रोजेक्टर

▸ प्रोजेक्टर पाकर खिले बच्चों के चेहरे ,शिक्षकों ने कहा पढ़ाई में मिलेगी सहायता

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर के बच्चों एवं स्टाफ के लिए बहुत ही खास रहा। सोशल मीडिया वाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब और अखबारों की सुर्खियों के माध्यम से युवा समाजसेवी मनीष यादव महेशपुर के शिक्षकों व बच्चों की गतिविधियों को देखकर बहुत प्रेरित व प्रभावित हुए।

खासकर वह विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल के बच्चों के प्रति समर्पण से बहुत प्रभावित हैं। इसी का परिणाम रहा कि मनीष यादव ने बच्चों के शिक्षण को रोचक व ज्ञानवर्धक बनाने के लिए

स्कूल की प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल को दान स्वरूप छब्बीस हजार मूल्य का प्रोजेक्टर खरीद कर भेंट किया। डिजिटलाइजेशन के इस युग में तकनीक बहुत मायने रखती है। बच्चे इससे अछूते न रहें। किसी प्रकार का अभाव महसूस न करें। स्मार्ट क्लास के होने से अध्ययन अध्यापन बहुत ही असरदार हो जाता है। इस नेक कार्य के लिए बच्चों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ व स्कूल की प्रधानाध्यापिका वन्दना पटेल ने समाज सेवी मनीष यादव का आभार व्यक्त किया।

पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर ठगे 25 लाख रुपए, पुलिस अधीक्षक से हुई शिकायत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

धानेपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के रहने वाले दुष्यंत कुमार तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश के हौशंगाबाद जिले के रहने वाले दीपक पाठक ने इंडियन ऑयल कंपनी के किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप दिलाने का वादा किया था। उसने दीपक की बात पर भरोसा कर उसके बताए गए बैंक खाते में 25 लाख रुपये भेज दिए।

कुछ दिन तक टाल मटोल करने के बाद उसे ठगी किए जाने का एहसास हुआ। जब उसने छानबीन की तो इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता फर्जी निकला। पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपने पैसे की मांग की तो दीपक ने उसे 25 लाख रुपए का चेक दे दिया, लेकिन जब उसने चेक अपने बैंक खाता में जमा किया तो वह चेक बाउंस हो गया। पीड़ित ने बताया कि विपक्षी इंडियन ऑयल कंपनी का फर्जी एवं कूटरचित प्रपत्र देकर उसे फर्जी पर पत्रों के आधार पर विश्वास में लेते हुए और धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचना करके भारत सरकार के महत्वपूर्ण उपकरण इंडियन आयल कंपनी का किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए ठग लिया। इस मामले में एसपी विनीत जायसवाल ने धानेपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया था। इस संबंध में धानेपुर के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश के जिला हौशंगाबाद के रहने वाले दीपक पाठक पुत्र बड़े लाल पाठक के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

लापरवाही बरत रहे हैं कोतवाल, नहीं मिल रहा पीड़ितों को इंसाफ

▸ लगभग चार दिन पहले देहात कोतवाल से जानकारी मांगी गई, उन्होंने कहा दर्ज हो चुकी है प्राथमिकी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी सरकार की मंशा है कि प्रदेश में गुंडाराज का खात्मा हो और अपराधियों को सजा मिले। लेकिन इसके उलट गोण्डा पुलिस फरियादियों की सुनवाई करती नहीं दिख रही है। ताजा प्रकरण थाना कोतवाली देहात सालपुर पुलिस चौकी क्षेत्र भदवा सोमवंशी का है।

पीड़ित थाने और चौकी से लेकर एसपी ऑफिस का चक्कर काट रहा है। मगर एफआईआर तक दर्ज नहीं हो रही है। वही माफियाओं और बदमाशों के खिलाफ सख्ती से पेश आने वाले योगी आदित्यनाथ की



मंशाओं पर सरकारी मशीनरी पलीता लगाने में जुटी है। यही वजह है कि चार दिन से फरियादी थाने और चौकी के चक्कर काट रहा है। लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। वही पीड़ित अपने सभी जरूरी कामों को छोड़कर थाने और चौकी की बीच फुटवाल बना हुआ है।

आरोप है कि दबंगों ने पीड़ित के लड़के शिवराम कि उम्र करीब 17 वर्ष को गांव के ही कलावती पत्नी पुजारी व सेनू व मोनू पुत्री पुजारी ने 4 मार्च 2024 को सुबह करीब साढ़े सात बजे थोड़ी सी बात को लेकर शिवराम को मारा पीटा और बाल पकड़कर घसीटते हुये डण्डा व लात, घूसा से मारा,उसी समय प्रार्थी का लड़का शिवराम घर से गायब हो गया। घटना के समय प्रार्थी व उसकी पत्नी घर पर नहीं थे।

प्रार्थी जब घर वापस आया तो लड़के की तलाश करने लगा तो लड़का अंग्रेज सिंह के भट्टे पर कदम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। प्रार्थी के लड़के के गले मेँ साड़ी के फन्दे से बाधंकर विपक्षीगण ने लटका दिया था और विपक्षी गण ने तीन दिन पूर्व पहले धमकी दिया कि यदि हमारी कोई भी बात ईधर से उधर तुम्हारे लड़के ने किया तो तुम्हारे लड़के को जान से मार डालेगे। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इसकी शिकायत लेकर जब वह थाने पहुंचा तो उससे तहरीर ले ली गई लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की।

नानपारा कोतवाली में तैनाती के दौरान लगा था आरोप

बहराइच जिले के कोतवाली क्षेत्र नानपारा में जैसे ही निरीक्षक देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव की तैनाती हुई ऐसा लगा कि एकदम से अपराधों की बाढ़ सी आ गई। अवैध रूप से उगाही का खेल बड़े पैमाने पर शुरू हो गया। जरायम पेशा लोगों की तो जैसे चांदी हो गई। इनकी तैनाती से ही कसाई टोला के कसाई समुदाय के लोग पीड़ित होने लगे कई बार मामला प्रकाश में आया कि पुलिसकर्मी कसाई समुदाय को बेवजह मांस काटकर बेचने का आरोप लगा कर महीना मांग रहे हैं। एक के घर में तो चोरी करते हुए घरवालों ने तीन चोरों को पकड़ा तो उन चोरों ने बयान दिया कि दो सिपाहियों ने यहां पर चोरी करने के लिए भेजा था। एक बड़ा चाकू भी पुलिस वालों ने दिया था उस प्रकरण में पुलिस की काफी फजीहत हुई और चोरों को बचाने के लिए कोतवाल देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार को ही निशाने पर लिया और पीड़ित परिवार को पकड़कर मारा पीटा और वह बेचारे डर गए। फिर कोतवाल साहब ने बाद में सुलहनामा लिखवा लिया।

अपराधियों को बचाने में माहिर गोण्डा देहात कोतवाल

दूसरी घटना मासूपुर ग्राम में एक व्यक्ति के घर में दबंग घुस गए और गृह स्वामी को बुरी तरह से और तलवार आदि से मारा पीटा। मगर उसमें भी कोतवाल साहब ने कोई कार्यवाही नहीं की। नानपारा कोतवाली में तैनाती 20 अक्टूबर 2020 का है ग्राम रमगढ़ी में एक बुजुर्ग को दबंगों ने पीट-पीटकर मार दिया। जबकि विवाद शुरू होते ही पत्रकार जिब्राइल खान ने 20 मिनट पहले कोतवाल को विवाद की जानकारी दी मगर पुलिस मौका ए वारदात पर पहुंचने की बजाए हाईवे पर खड़ी रही और हत्या आरोपी ग्राम प्रधान से फोन पर संपर्क में थे। प्रधान ने पुलिस वालों से बोला था कि जब आपको बुलाया जाएगा तब आपको आना है और हत्या होने के बाद ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक दोषी ग्राम प्रधान और एक पूर्व प्रधान को कोतवाल साहब बचाने में लगे हुए थे। कोतवाल साहब ने मुख्य तीन आरोपियों की गिरफ्तारी तक नहीं की थी। पत्रकार जिब्राइल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव भी थे। वही एसोसिएशन के पदाधिकारी के रिश्तेदारों की हत्या पर एसोसिएशन आंदोलित हो गया था और उच्च अधिकारियों से संपर्क में था। प्रदेश अध्यक्ष राशिद अली ने तो पत्रकार के परिवार के साथ में न्याय न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दे दी थी। एसोसिएशन ने प्रदेश के डीजीपी और गृह सचिव से मिलने का मन बना लिया था। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह महासचिव जहांगीर खान ने रणनीति तैयार कर ली थी। इस प्रकरण को लेकर देश के सभी प्रांतों में आंदोलन करने की रूपरेखा भी तैयार कर ली थी। इसी वजह से अधीक्षक बहराईच को लापरवाह कोतवाल पर कार्यवाही करनी पड़ी थीं।

खबरें एक नजर में

आवास के नाम पर प्रधान ने मांगे 20 हजार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। परस पुर विकास खण्ड के नारायन पुर मर्दन गांव के प्रधान पर प्रधान मंत्री आवास के नाम पर 20 हजार रुपये वसूली करने का आरोप लगाया है। ग्राम के अमर नाथ पुत्र हरि प्रसाद, राम गोपाल पुत्र भीष्म, राज नारायण, रेवती रमण भवानी प्रसाद दिनेश कुमार ने जनता दर्शन में जिलाधिकारी से शिकायत किया है कि गांव के प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों से आवास देने के नाम पर बीस हजार रुपये वसूला गया है। अपने तीन बहुओं के नाम पर भी प्रधान मंत्री आवास दिया गया है। जिन का आलीशान मकान बना है उन को भी आवास दिया गया। ग्राम में शिव प्रसाद के घर से अभिमन्यु तक खड़ंजा लगाया गया है जिस में पीले इट लगाया गया है। दिव्ययांग शौचालय मानक विपरीत बनाया गया। आरसी सी सेंटर, हैंड पम्प रिबोर के नाम पर लाखों रुपये निकाल लिया गया। गौ आश्रय स्थल में 90 पशु है और 250 पशुओं के नाम पर पैसा निकालने का आरोप लगाया है।

विवाहिता की गला दबा कर हत्या, मुकदमा दर्ज

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता महिला की दहेज में सोने की जंजीर न मिलने की वजह से गला दबा कर हत्या कर दी गई। पति सहित चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उमरी बेगम गंज थाना क्षेत्र के कपनी साई तकिया निवासी 22 वर्षिय सबीना पत्नी मोनू ने घर मे फाँसी लगा लिया। मृतका का मायका भौरी गंज निवासी भुलई की पुत्री थी। भुलई ने बताया कि उस ने अपने पुत्री सबीना की शादी पांच साल पहले किया था। शादी में गाड़ी सोने की जंजीर नगद रुपया दिया था। बाद में सोने की जंजीर के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। जिस को लेकर उस की गला दबा कर हत्या कर दी गई। मृतका के पिता भुलई ने मोनू, आशमा , ताज मोहम्मद, ननकई के खिलाफ में मुकदमा दहेज हत्या का दर्ज कराया है।

महाशिवरात्रि धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात

बहराइच, समृद्धि न्यूज। महाशिवरात्रि पर नगर में शुक्रवार की शाम 7 बजे रामजानकी मंदिर से धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। आकर्षक

झांकियों से सजी बारात में बाबा बर्फानी का 7 फ़ीट का बर्फ से बनाया गया शिवलिंग बिल्कूल अलग ही नज़ारा पेश कर रहा था।इसके पूर्व सुमित जयसवाल,शिवम गुप्ता, अभिषेक यादव,सौरभ गुप्ता, अखिल गुप्ता, किशन स्वरूप गुप्ता, रोहन वाल्मीकि, राज चक्रवर्ती, हर्षित सिंह,टिंकू मौर्या, मोहित शाही,अरविंद वाल्मीकि,कार्तिक कौशल आदि शिव भक्त बाबा बर्फानी शिवलिंग बनाने में दिन रात जुट रहे।बारात में मनमोहक झांकिया व बैंड बाजा शिवभक्तों को थिरकने पर मजबूर कर रहा था।इस दौरान नगर के विभिन्न चौराहों पर मुख्य मार्गो पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी गई थी।थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह मय दल बल के साथ निगरानी कर रहे थे। नगर के गणमान्य नागरिक बरात में शामिल रहे।

नेपाल-बहराइच के सीमावर्ती क्षेत्र अति संवेदनशील

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले में आसन्न लोक सभा चुनाव और त्योहारों की अति संवेदनशीलता को देखते हुए गृह मंत्रालय की ओर से एक कंपनी सशस्त्र सीमा बल के जवान भेजे गए हैं। सभी जवान नवीन थाने में रोके गए हैं। नेपाल सीमा से सटा बहराइच जनपद अति संवेदनशील है। जिसके चलते जिले में बड़ी घटनाएं भी कभी कभी हो जाती है। मार्च माह में होली और रमजान को लेकर प्रदेश सरकार काफी संवेदन शील है। सीमा सुरक्षा के लिए हजारों एसएसबी के जवान होने के बाद भी गृह मंत्रालय की ओर से जिले में एक कंपनी एसएसबी जवानों को भेजा गया है। इसमें निरीक्षक और सहायक निरीक्षक से लेकर जवान भी शामिल हैं। सभी जवानों को बहराइच नानपारा मार्ग के निकट बने रिसिया नवीन थाने में ठहराया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पयागपुर के सीओ हीरालाल कनौजिया ने थाने पहुंच कर जवानों के लिए उपलब्ध संसाधन की जांच की। सीओ ने बताया कि सभी जवान गोरखपुर से भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव और त्योहारों को देखते हुए सभी जवान आए हैं।

निजी काम में नहीं लाई जा सकती है वक्फ संपत्ति : धर्मपाल

▸ पीएम का सपना- मदरसे से पढ़े छात्र के एक हाथ में कुरान दूसरे में हो लैपटॉप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार के पशुधन और अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ बोर्ड मंत्री धर्मपाल सिंह शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। लोक निर्माण विभाग में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार का सपना है कि मदरसे से पढ़ने वाले छात्र के एक हाथ में लैपटॉप और दूसरे हाथ में कुरान होना चाहिए।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वक्फ की संपत्ति निजी प्रयोग में नहीं लाई जा सकती है। प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। रामलीला मैदान में चुनाव कार्यालय उद्घाटन से पूर्व लोक निर्माण विभाग में वह रुके।

गार्ड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश में संचालित मदरसों की जांच अभी भी चल रही है। इसके बाद मदरसों के संचालन पर फैसला होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वक्फ बोर्ड की काफी संपति है। इसकी जांच हो चुकी है। इसका उपयोग निजी काम के लिए न हो, ऐसे में यहां अस्पताल या सार्वजनिक उपयोग के लिए भवन का निर्माण हो सकता है।उन्होंने कहा मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों के एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में लैपटॉप होना चाहिए। यह सरकार की सोच है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नगर मैजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया समेत अन्य मौजूद रहे।



सांसद ने महिला डिग्री कॉलेज भवन का किया उद्घाटन

बहराइच समृद्धि न्यूज। शहर से स्थित महिला डिग्री कॉलेज में सांसद निधि से बने भवन का शनिवार को बहराइच लोकसभा क्षेत्र के सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय परिवार के साथ छात्रों को भी लाभ होगा। शहर के सिविल लाइन में स्थित महिला महाविद्यालय परिसर में सांसद निधि द्वारा प्राप्त धनराशि से भवन का निर्माण हुआ है। सांसद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शिवभूषण सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकडीवाल ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य आदर्श अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रबंध समिति की सदस्य डॉ. रंजना उपाध्याय एवं डॉ. मोहिनी गोयल एवं प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार-कंटेनर की भिड़ंत में नवजात की मौत

▸ घायल सास और बहू लखनऊ रेफर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

श्रावस्ती जिले के लोग 22 दिन के मासूम बेटे की तबियत खराब होने पर कार से शुक्रवार रात को जिला मुख्यालय बहराइच इलाज के लिए आ रहे थे। बलरामपुर बहराइच मार्ग पर रात एक बजे कार और कंटेनर में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में 22 दिन के मासूम की मौत हो गई। जबकि दंपती समेत चार लोग घायल हो गए। सास बहू को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है।श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी मनोज सिंह उर्फ नहर सिंह पुत्र गार्ड बाबू सिंह की पत्नी ने 22 दिन पूर्व बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार रात में बेटे की तबियत खराब हो गई। जिस पर परिवार के लोग कार संख्या 32 इसी 0843 से मासूम के इलाज के लिए बहराइच जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में आ रहे थे।कार में मनोज की पत्नी लक्ष्मी, मां सीमा सिंह, लव कुमार सिंह पुत्र नान बाबू सिंह और लल्लू गोस्वामी पुत्र अनोखी बेटे के इलाज के लिए आ रहे थे। रात एक बजे के आसपास कार सवार बहराइच बलरामपुर मार्ग पर कोतवाली देहात के दोनक्का के पास पहुंचे। तभी कन्नौज से आ रही कंटेनर संख्या यूपी 74 एटी 0615 की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी लोग घायल हो गए। चीख पुकार मच गई।घायलों को कोतवाली देहात पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में लाया गया। यहां पर डॉक्टर मनोज चौधरी ने 22 दिन के मासूम बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि सास और बहू की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला अस्पताल में देहात कोतवाल बीके मिश्रा, चौकी के सिपाही अखिलेश कुमार ने सभी घायलों का हाल जाना।

एमपी की तरह यूपी में भी बने स्वर्ण कला बोर्ड : प्रदेश अध्यक्ष

▸ स्वर्ण समाज को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग, आने वाले समय पार्टी का होगा गठन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज की यात्रा शनिवार को जिले में पहुंची। जिसका स्वागत ज्वेलर्स एसोसिएशन की ओर से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश की तरह उत्तर प्रदेश में स्वर्ण कला बोर्ड के गठन की मांग की।उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन जनपद बहराइच की बैठक जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी के नेतृत्व में शहर के एक रेस्टोरेंट में हुई।

मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव कमल वर्मा आगरा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक वर्मा प्रदेश की महामंत्री जया

वर्मा संयुक्त रूप से रहीं। मुख्य अतिथि मुकुल वर्मा ने समाज के उत्थान को लेकर पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के संबंध में जनपद के पदाधिकारीयो को अवगत कराया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग किया कि एमपी की तरह यहां भी स्वर्ण कला बोर्ड का गठन किया जाए। शासन द्वारा शस्त्र लाइसेंस एवं चोरी के माल पकड़े जाने पर व्यापारियों के साथ हो रही असुविधाओं से बचने के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। समाज के पीड़ित तबके के लिए किया जा रहे प्रयासों के संबंध में भी अवगत कराया। प्रदेश महासचिव कमल वर्मा ने समस्त व्यापारियों से एकजुट होते हुए समाज की राजनीतिक भागीदारी होने की संभावनाओं को बल दिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक वर्मा ने समाज के निचले तबके के लोगों को ऊपर उठाने के लिए किया जा रहे प्रयासों के संबंध में अवगत कराया। स्वागत जिलाध्यक्ष मनीष रस्तोगी ने बुके देकर किया।बहराइच जिले में स्वर्णकार समाज को संगठित करने के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जिला महामंत्री आदित्य सोनी अंशु ने बुके देकर स्वागत किया। जिला कोषाध्यक्ष आकाश सोनी एवं जिला उपाध्यक्ष शुभम सोनी मनु ने मुख्य अतिथि का बैज लगाकर एवम अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया। वरिष्ठ संरक्षक मगन बिहारी रस्तोगी ने मुख्य अतिथि को गिफ्ट हैंपर देकर स्वागत किया। संरक्षक नागेश्वर नाथ रस्तोगी ने मुख्य अतिथि का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज जनपद बहराइच के संरक्षक नागेश्वर नाथ रस्तोगी, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊजी ,सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुमित खन्ना, महामंत्री राजेश रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र रस्तोगी सत्या, उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज एसोसिएशन के जिला महामंत्री आदित्य सोनी अंशु, जिला कोषाध्यक्ष आकाश सोनी, जिला उपाध्यक्ष शुभम सोनी, शिवम सोनी, विशाल, राकेश, मगन, अशोक विनीत, सोनू, शिव भगवान रस्तोगी, सतीश अग्रवाल, कन्हैया, रत्नाकर, मुकेश, जगदम्बा आदि सैकड़ों की संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

नकली घी-तेल पर सांसद बृजभूषण ने किया प्रहार

▸ कहा, हम किसी की आलोचना नहीं करते लेकिन कई लोगों ने दीपक जलाया पर जला नहीं

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। मोटे अनाज के बारे में लोगों में जागरुकता फैलाने व बढावा देने के लिए पूरे प्रदेश में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है।आप को बताते चलें कि प्रदेश की जनता को 'पुष्टाहारफ्र से लाभान्वित करने के लिए प्रदेश सरकार ने अब मिलेट्स यानी 'श्री अन्न' के प्रति लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित 'उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम' के माध्यम से श्री अन्न के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की है।इसी क्रम में जनपद बहराइच के विधानसभा पयागपुर अंतर्गत

ब्लाक विशेश्वरगंज में कृषि विभाग के द्वारा जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मोटे अनाज के उत्पादन एवं खाने से इसके फायदे के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता पयागपुर के क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने की। वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचे कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने भाषण में फिर नकली घी तेल पर प्रहार करते हुए कहा की हम किसी की आलोचना नहीं करते लेकिन कई लोगों ने दीपक जलाया पर जला नहीं,मोटे अनाज के बारे में बोलते हुए कहा कि अगर स्वस्थ जीवन जीना है तो मोटे अनाज खाएं,प्रधानमंत्री जी का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं कि जब जब कोई विदेशी महमान यहां आया उसके खाने में मोटे अनाजों से बने पकवान जरूर परोसे एवं उसकी महत्वा एवं गुणवत्ता के बारे में भी बताया, वहीं पत्रकारों के सवाल पर भड़के सांसद कहा जो बोल दिया वही समाचार है । कार्यक्रम के संबोधन में विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि जनपद स्तरीय मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम हमारे विधानसभा में आयोजित हुआ है यह बड़ी बात है,इस आयोजन से विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों को इसके बारे में व्यापक जानकारी मिली,एवं जानकारी होने पर किसान अपने खेतों में मोटे अनाज को उपजाकर अच्छी कमाई भी कर सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सच्चिदानंद पाठक कृषि निदेशक बहराइच टी पी शाही सहित विशेश्वरगंज एवं पयागपुर के सभी मण्डल अध्यक्ष एवं सेक्टर संयोजक सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सन्ना मिस और रितेश मिस्टर फ्रेशर चुने गए

▸ स्पार्क कालेज में आयोजित हुई फ्रेशर पार्टी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को तेजवापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत आलादादपुर स्थित स्पार्क कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कॉलेज में नर्सिंग के जूनियर विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन सीनियर विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कॉलेज की निदेशक डॉ अभिलाषा

वर्मा रहीं। नर्सिंग विभाग के प्रधानाचार्य मोहसिन ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि बेहतर डॉक्टर तैयार करना। कार्यक्रम का आरंभ रचनात्मक तरीके से किया गया इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शामिल मोहसिन व सीनू ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले रितेश को मिस्टर तथा सन्ना को मिस फ्रेशर घोषित किया। वहीं मिस्टर इवनिंग शिवम् और मिस इवनिंग तेजस्विनी को चुना गया।

गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क का उद्यानमंत्री ने किया उद्घाटन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शहरवासियों को एक सुंदर और सुव्यवस्थित सामुदायिक पार्क मिल गया है। उद्यान विभाग परिसर में शनिवार को गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान का लोकार्पण हो गया। कार्यक्रम श्री हरमिंदर जी पटना साहिब के जत्थेदार बलदेव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

यूपी सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान का लोकार्पण किया। उद्यान को उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ कार्यदायी संस्था ने तैयार किया है।

उद्यान के उद्घाटन के साथ ही कई महापुरुषों की प्रतिमाओं का भी लोकार्पण हुआ। साथ ही हाईटेक नर्सरी, योगा पार्क, तिरंगा झंडा सहित कई अन्य चीजों को जनता को समर्पित किया गया।

मंत्री ने दिलाई इतिहास की याद

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इतिहास को याद करते हुए कहा कि औरंगजेब ने कहा कि उसे एक ऐसा शख्स सामने चाहिए था, जो यह कह दे कि वो इस्लाम कबूल ना करेगा। तब गुरु गोविंद सिंह जी ने अल्पायु में ही यह संदेश भिजवाया था कि वह कभी इस्लाम नहीं कबूल करेंगे। देश और समाज के लिए जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी, उनके लिए मैं कुछ कर पाया तो मैं अपने आप को भाग्यशाली समझूंगा।

गर्भवती महिलाओं के लिए बना स्पेशल योगा पार्क

दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस उद्यान में वात्सल्य योगा पार्क का निर्माण किया गया है। जो लताओं बेलों से ढंका होगा। उसमें गर्भवती के साथ साथ हर उम्र की महिलाएं योगा कर पाएंगी। वहीं, 60 साल से अधिक के सीनियर सिटिजन के लिए सत्संग भवन बनाया गया है, ताकि वे खुली हवा में सत्संग कर पाएं। इस सत्संग भवन में हर तरह के वाद्य यंत्र भी होंगे। पार्क के अंदर बनाए गए फुटपाथ पर हर मोड़ पर रायबरेली की संस्कृति से जुड़ी चीजों को पेश किया गया है। यह आने वाली पीढ़ियों को बताएंगे कि हमारे पूर्वज ऋषि मुनि कौन-कौन थे। पार्क के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक धरोहरों को सजोने का कार्य किया गया है।

संपत्ति के विवाद में रिश्तों का कत्ल, छोटे भाई ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अमावा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है रायबरेली में निमंत्रण में आए देसी परदेसी की मौत हो गई यहां रिश्ते को कलंकित करते हुए छोटे भाई पर अपने सगे बड़े भाई को मौत के घाट उतारने का आरोप लगा है ।घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया परिजनों की सूचना पर पहुंची मिल एरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और भाग रहे हत्यारोपी भाई को दुसौंती के बगहा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अमावा गांव का है यहां संपत्ति के विवाद को लेकर दो भाइयों में कई वर्षों से नाराजगी चल रही थी सब परदेश में कमा रहे थे छोटे भाई प्रदीप यादव उर्फ सोनू ने अपने सगे बड़े भाई प्रमोद पुत्र संत प्रसाद यादव उर्फ छोटू कि आरोप है की गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया मृतक के रिश्तेदारों के मुताबिक प्रमोद चंडीगढ़ में अपने पूरे परिवार के साथ रहता है बताया जाता है कि मृतक चंडीगढ़ जाने वाला था जिसे स्टेशन उसका बहनोई सुरेश छोड़ने जाने की तैयारी में था जब शाम 7:00 बजे तक मृतक नहीं दिख तो उसके बहनोई ने उसके घर जाकर देखा और फोन मिलाकर खोजने की कोशिश की तो बाहर से ताला बंद कमरे में उसने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर उसका साला प्रमोद हाथ पैर बांधे दिखाई दिए उसने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला तोड़कर शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के बहनोई सुरेश के द्वारा मिल एरिया पुलिस को जानकारी दी गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बहनोई सुरेश ने प्रदीप कुमार उनकी पत्नी कमलेश लड़के प्रिंस को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है मृतक प्रमोद के पीछे तीन बेटियां खुशी साक्षी प्रिंसी जो 15 वर्ष के अंदर की है मृतक एक भाजपा नेता का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है।

खबरें एक नजर में

शिव बारात का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जगमोहनेश्वर मंदिर से निकाली गयी शिव बारात का रास्ते में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बारात में तरह-तरह की आस्था की प्रतीक झाकिंया सजायी गयीं थी। झांकी के कलाकारों का प्रदर्शन इतना मन मोहक था कि जिधर से बारात निकली लोग मस्त होकर झूम रहे थे। शिव बारात में बैंड बाजे व डी.जे. धार्मिक गीतों की धुन माहौल को चार चांद लगा रहे थे। बारात के स्वागत स्थलों की कड़ी में जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी द्वारा अपने प्रतिष्ठान की ओर से बारात का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत स्थल पर महान औघड़ सन्त पूज्य अवधूत भगवान राम एवं पूज्य पारद शिवलिंग पर पुष्प, माला अर्पित कर पूजा, अर्चना के साथ दीप प्रज्जवलित कर प्रसाद वितरित किया गया। श्री रस्तोगी द्वारा बारात संचालकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अंग वस्त्र भेंट करने वालों में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं. वी.के. शुक्ला, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला, ओपी यादव, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भौमेश कुमार स्वर्णकार, इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, गोविन्द सोनी, सेवानिवृत्त प्राचार्य शिव नरायन सोनी, भाजपा नेता रवि सिंह चौधरी, विजय बाजपेयी, जया रस्तोगी, देवरंजन रस्तोगी, वीनू रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, निवेदिता रस्तोगी, वान्या रस्तोगी, श्रवण रस्तोगी, वामी रस्तोगी आदि लोगों ने विशेष भूमिका निभायी।

अज्ञात कार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, मौत

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर एक अज्ञात कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घटना 8 मार्च की देर रात की है जब शेखपुर समोधा गांव के पास बछरावां मौरावा मार्ग व चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास के चौराहे पर बछरावां की तरफ से मौरावा जा रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने चौराहा पार कर रहे बाइक सवार उमेश कुमार पुत्र रामेश्वर उम्र लगभग 29 वर्ष निवासी गजियापुर थाना बछरावां को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद कर चालक मौरावा की तरफ अपनी कार लेकर फरार हो गयाद्य आसपास मौजूद लोग घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर मौजूद हो गए और उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दीद्य मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एक निजी वाहन से इलाज के लिए घायल युवक उमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक उमेश के ऊपर अपने पूरे परिवार की जिम्मेदारी थी, वह अपने माता-पिता के तीन चार बेटों में सबसे बड़ा था और उसके स्वयं चार लड़कियां थी, बूढ़े बाप की जिम्मेदारी भी उमेश के कंधों पर थी। घटना की जानकारी होते ही पारिवारिक जनों में कोहराम मच गयाद्य पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैद्य इस बाबत कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की तहरीर प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर आगे के विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पिकप की टक्कर से वृद्ध घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर साइकिल सवार बुजुर्ग को अनियंत्रित पिकअप चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जमलापुर गांव निवासी रामबालक 60 पुत्र भजनी शनिवार को आसीवन कस्बा बाजार गया था जहां से वह सब्जी खरीदकर लौट रहा था अभी वह मुशीराबाद गांव के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रहे पिकअप चालक पवन पुत्र रामनाथ निवासी सहबसी ने साइकिल में टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना कर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

किशोरी ने फांसी लगा की आत्महत्या

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। अचलगंज थाना क्षेत्र के बेथर में बीती देररात एक किशोरी ने संदिग्ध हालातों फंदे से लटककर जान दे दी। शव देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र के किसान मनोज कुमार पुत्र मंगल पेशे से किसान है। मंगल को छोड़कर घर के सभी सदस्य खेतों पर आलू खोदने गए थे। रात घर लौटे परिजनों को बेटी साक्षी (15) कहीं नहीं दिखी। खोजबीन करने पर उसका शव कमरे में फंदे से लटका देख घरवालों के होश उड़ गए। उसे फंदे से उतारकर आनन-फानन सीएचसी पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका कक्षा 11 की छात्रा व दो भाईयों के बीच अकेली बहन थी। मृतका के हाथ में पेन से लिखा मिला है कि मुझे माफकर देना, गलत न समझना। घटना के पीछे वजह क्या रही इस संबंध में परिजन कोई जानकारी नहीं दे सके। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि किशोरी का शव फंदे से लटका मिला है पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजन घटना के पीछे वजह नहीं बता सके हैं।

टीम गढ़ीदूलाराय ने कप पर जमाया कब्जा

▸ मुख्य आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने कहा आगे से और बेहतर करूंगा आयोजन

सतांव, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

गन्ना काँटा मैदान में आयोजित हो रही पण्डित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति अंतरप्रान्तीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच शुक्रवार को गढ़ीदूलारॉय और किशुनखेड़ा ऊँचाहार के मध्य खेला गया।मुख्य अतिथि बतौर उपस्थिति रहे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के फाईनल मैच में पहुंचते ही मौजूद मंचासीन सभी ने पुष्प माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर भव्य स्वागत किया।इस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर हजारों की संख्या में दर्शक और खिलाड़ियों को राज्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलती है और आगे जाकर वही युवा जिले,प्रदेश व देश का नाम रोशन करते है।वही स्वतन्त्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सतांव के गौरा पार्वती मेला परिसर में 2करोड़ की लागत से बनने वाली हाईटेक नर्सरी का शिलान्यास भी किया फाइनल मुकाबला निर्धारित 15-15 ओवरों का खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी किशुनखेड़ा की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 9विकेट खोकर 131रन का लक्ष्य गढ़ीदूलारॉय टीम को दिया।132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गढ़ी दूलारॉय के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 9.1ओवरों में ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। 23गेंदों में 49रनों की बेहतरीन पारी के लिए गढ़ी दूलारॉय के ओपनर बल्लेबाज प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरी प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रफुल्ल यादव ही मैन ऑफ द सीरीज चुने गये।मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने विजेता टीम के कप्तान को 201000 रुपये की चेक व विजेता ट्राफी और उपविजेता टीम के कप्तान को 121000 रुपये की चेक और ट्रॉफी प्रदान की।प्रफुल्ल यादव को मैन ऑफ द सीरीज के उपहार स्वरूप एक चमचमाती हीरों डीलक्स मोटर साईकिल प्रदान की।

इंदु वर्मा को मिली कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष की कमान

▸ बीना सिंह जिला अध्यक्ष निर्वाचित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका संगठन की मीटिंग स्थानीय होटल में आहूत की गई इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी से लखनऊ से आई इंदु वर्मा व उषा मौर्य, जौनपुर से सरिता सिंह, प्रतापगढ़ से बबिता सिंह, बहराइच से हरिकेश सिंह गाजीपुर से सूरज सिंह समेत विभिन्न प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

आज इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रदेश कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से गीतांजलि मौर्य को निष्कासित कर इंदु वर्मा को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया प्रदेश महामंत्री उषा मौर्य ने बताया कि गीतांजलि मौर्य के मनमानी ढंग से कार्य करने के कारण उन्हें प्रदेश अध्यक्ष पद से निष्कासित किया गया है तत्पश्चात जिले में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से बीना सिंह को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है इस अवसर पर प्रियंका सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, विक्रम सिंह को जिला संरक्षक, स्नेहा सिंह को जिला महामंत्री, बीना श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष, संगीता सिंह को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, मंजू पांडे को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमिला को जिला मीडिया प्रभारी, अनीता सिंह को जिला संगठन मंत्री, ममता श्रीवास्तव को जिला कार्यवाहक संगठन मंत्री व श्री मती देवी को जिला संयुक्त मंत्री के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया जिला अध्यक्ष बीना सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष की मनमानी से आजिज आकर संगठन में कठोर निर्णय लेकर संपूर्ण कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है और वह उनकी समस्त कार्यकारिणी आंगनबाड़ी बहनों के हितों के लिए पहले भी कार्य करती आई हैं और आगे भी कार्य करती रहेंगी उन्होंने कहा कि गीतांजलि मौर्य अनैतिक तरीके से संगठन को चला रही थी जिन्होंने संगठन का कोई भी खाता अभी तक नहीं खोला था व मनमानी ढंग से कार्य कर रही थी इसी के आधार पर उनके द्वारा मनोनीत अध्यक्ष को व समस्त रायबरेली कार्यकारिणी को निष्कासित करके नई कार्यकारिणी का गठन आज किया गया है व इस अवसर पर संरक्षक विक्रम सिंह ने कहा की प्रदेश कार्यकारिणी से कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में इंदु वर्मा को मनोनीत किया गया है और जल्द ही समस्त प्रदेश कार्यकारिणी का मनोनयन कर सर्वसम्मति से घोषणा कर दी जाएगी।

क्रिकेट लीग में धानीखेड़ा ने सगवर को हराया

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। विकास खंड बीघापुर के गांव परौरी में हो रहे पीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को लीग मुकाबला धानीखेड़ा व सगवर की टीम के मध्य खेला गया। बल्लेबाजी करने उतरी धानीखेड़ा की टीम के दक्ष ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए, विवेक 22 रन व सुमित के 15 रन की बदौलत धानीखेड़ा टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 107 रन बनाए। सगवर टीम के सुरेश व सामरान को दो-दो विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सगवर टीम महज 43 रन पर ही आल आउट हो गई। टीम के लिए सर्वाधिक 24 रन सुरेश ने बनाए। धानीखेड़ा टीम की तरफसे सुमित ने 7 विकेट व दक्ष ने 2 विकेट लिये। सुमित द्विवेदी को उनके बेहतरीन ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया व हैट्रिक के लिए समिति की तरफ से पुरस्कृत किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका राजकुमार व विशाल ने निभाई। इस दौरान प्रमुख रूप से शीबू सिंह, अवधेश सिंह, बादल सिंह मौजूद रहे।

रायबरेली पहुंचा यूएस का साइंस स्टूडेंट

दुनिया भर में कर रहा है सनातन धर्म का प्रचार

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी से न्यूरो साइंस जैसे गूढ़ विषय की पढ़ाई करने वाला युवक सनातन धर्म के संवर्धन और प्रसार के लिए भगवा पहनकर स्वामी नारायण मन्दिर का भक्त हो गया है।

स्वामी नारायण का भव्य मन्दिर गुजरात के वड़ताल में स्थित है जहाँ से पूरे विश्व में लगभग दो हजार संत सनातन धर्म की रक्षा के लिए भ्रमण करते रहते हैं। महाशिवरात्रि के पर्व पर रायबरेली में डिग्री कालेज चौराहा स्थित पहलवान वीर बाबा मन्दिर के आमंत्रण पर यहाँ पहुंचे युवा संत अखण्ड जी ने स्वामी नारायण संप्रदाय को पूरी दुनिया में सनातन धर्म का संवर्धक बताया है। इस युवा संत ने कहा कि यूरोप अफ्रीका और मिडिल ईस्ट के कई देशों में स्वामी नारायण मंदिर पहले से स्थापित है और कई जगह इसका निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाला बताते हुए पीएम मोदी और सीएम योगी की भी जमकर सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री इस समय देश में विदेश में सनातन धर्म को मजबूत कर रहे हैं।

भोले भंडारी तेरी महिमा है न्यारी...

उन्नाव। नगर पंचायत बीघापुर स्थित बाबा गोदावलेश्वर धाम में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में शनिवार दोपहर को प्रदेश स्तरीय कलाकारों द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ-साथ कलाकारों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक लघुनाटिकाएं प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। कानपुर से आए कलाकारों ने फूलों की होली का सुंदर मंचन करते हुए कृष्ण राधिका के साथ फूलो की होली खेली, भाव विभोर दर्शक भी राधा कृष्ण के साथ जमकर झूमे। भगवान भोलेनाथ की झांकी प्रस्तुत करते हुए भोले भंडारी तेरी महिमा है न्यारी रखो लाज हमारी जैसे सुंदर गीत सुनाएं। कलाकारों द्वारा कृष्ण सुदामा का सुंदर मंचन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता मिशन जैसे विषयों पर लघु नाटक प्रस्तुत हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुश, दिलीप बाजपेई, कुलदीप अग्निहोत्री, रामदयाल भारती, दिनेश शुक्ला, विमलेश मिश्रा, पंडित रविशंकर शुक्ल, सूरज राणा, रिंकू वर्मा आदि रहे। मेला आयोजक व चेयरमैन प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

जुआरी फार्महब द्वारा किया गया निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जुआरी फार्महब द्वारा परशदेपुर में अपने जय किसान जंक्शन पर किसानों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन कंपनी के एरिया मैनेजर अनिल मौर्या द्वारा किया गया।

किसानों और उनके परिवारों को मुफ्त चिकित्सा जांच और दवा प्रदान करने के साथ-साथ जुआरी फार्महब लिमिटेड की सी एस आर गतिविधि के तहत जंक्शनों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।

जुआरी फार्महब पिछले 10-12 वर्षों से उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत वर्ष में अपने रिटेल स्टोर जय किसान जंक्शन के माध्यम से कृषकों को नवीनतम तकनीक के साथ उच्च गुणवत्तायुक्त संतुलित उर्वरक और अन्य आवश्यक विशेष पोषक तत्व प्रदान करके उनकी मिट्टी के स्वास्थ्य और फसल स्वास्थ्य की देखभाल कर रहा है।इस शिविर में डॉ डी. अन (जनरल फिज़िशियन) और नेत्र विशेषज्ञ डॉ निखलेश एवं डक्टर ऋषि ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।शिविर में 250 से अधिक मरीज़ शामिल हुए।शिविर में विभिन्न बीमारियों/स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं और बच्चों को डॉक्टरों ने सलाह दी और निःशुल्क दवाएँ प्रदान कीं।

डॉक्टरों ने न केवल किसानों के स्वास्थ्य की जांच की,बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जागरूकता भी फैलाई। ग्रामीणों ने शिविर में पूरे मनोयोग से भाग लिया।इस कार्य में जंक्शन के स्टोर मैनेजर शुभम शुक्ला,स्टोर सहायक विवेक पाण्डेय,सूची स्टोर मनैजर विवेक अवस्थी और मोहमद जावेद आदि प्रगतिशील किसान सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख पचास हजार से अधिक मुकदमों का किया गया निस्तारण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी परिसर रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन तरुण सक्सेना अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्जवलन व देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ा करके किया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि न्याय व्यवस्था में वादकारियों का हित सर्वोच्च होता है। वादकारियों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर लम्बित मामलों को निपटाने व आमजन को सुलभ व सुगम न्याय उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज उमाशंकर कहार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख पचास हजार से अधिक मुकदमे निपटाये गये तथा बारह करोड़ एक लाख छप्पन हजार तीन सौ तीस रुपये तिरासी पैसे की धनराशि पर सुलह-समझौता के आधार पर मामले निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको व फाइनेन्स कम्पनियों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामले निस्तारित कराये गये तथा मौके पर ही समझौते कराये गये। इस लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ई-चालान के मामले, चेक बाउंस (एन0आई0एक्ट) के मामले तथा वैवाहिक विवाद के मामले निस्तारित किये गये। तलाक के मुहाने पर खड़े कई जोड़ों का सुलह-समझौता कराकर वापस भेजा गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार रायबरेली में बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्री की प्रदर्शनी दीवानी न्यायालय में प्रदर्शित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा उपरोक्त स्टाल से रु0 9,809.00/- (नौ हजार आठ सौ नौ रुपये मात्र) का समान भी खरीदा गया। आमजन की सहायता के लिए न्यायालय परिसर में कई जगह सहायता पटल व हेल्प डेस्क बनाये गये।

एसपी ने थाना अचलगंज का किया निरीक्षण

▸ पीड़ितों की शिकायतें सुनी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

शनिवार दोपहर एक बजे अचानक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना थाने जा पहुंचे। जहां उन्होंने सीसीएन, महिला हेल्प डेस्क, थाने के अभिलेखों का निरीक्षण किया और रख-रखाव, सूचनाओं के संप्रेषण संबधी निर्देश दिए। जिसमें बिना अवकाश स्वीकृत कराये छुट्टी पर गए दो आरक्षी चंद्र केश व पुष्पा अनुपस्थित मिले। उन्होंने एसओ संजीव कुशवाहा से दोनो की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर आयोजित समाधान दिवस में उन्होंने पीड़ितो की शिकायते सुनी। अम्बिका विमल ने भूमि कारोबारी सहयोगी सोनू के विरुद्ध हिस्सा न देने की शिकायत की। हड़हा निवासी ललिता देवी पत्नी छोटे ने पारिवारिक हिस्सा न मिलने की शिकायत की। थाने के पड़ोसी दुकानदार अशोक शुक्ल व शैलेश कुमार ने एसओ से थाना परिसर में खड़े यूके लिप्टस के पेड़ से दुकानों का खतरा मानते हुए कटवाने का अनुरोध किया। कप्तान ने समाधान दिवस में कम संख्या में फरियादियों के आने का कारण जानना चाहा। एक घण्टे तक रुके एसपी के सामने कोई अन्य मामले नही आये।

ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की ग्राहक को आपत्ति, स्कूटर में समस्या के आरोप

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

06 मार्च 2024 आधिकारिक नोटिस के माध्यम से एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर के ग्राहक ने कंपनी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। कुणाल सिंह, निवासी ग्राम और पोस्ट-दुसौती, जिला-रायबरेली, उत्तर प्रदेश ने अपने वकील राघवेन्द्र सिंह के माध्यम से नोटिस जारी करके बताया कि उन्होंने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था, लेकिन स्कूटर में आ रही समस्याओं के कारण उन्हें मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न हो रहा है।

कुणाल सिंह ने नोटिस में बताया कि उन्होंने स्कूटर की मेंहनत की कमाई से 1,30,000 रुपये का निवेश करके ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था, लेकिन उन्हें स्कूटर के साथ आ रही समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उनके अनुसार, स्कूटर ने उन्हें वादा किया था कि यह ऑन रोड और ऑफ रोड सवारी के लिए सबसे अच्छा है, लेकिन इसने उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। समस्याएं मुख्यतः स्कूटर के काम करना बंद कर देने और उसकी मरम्मत में हो रही देरी के कारण उत्पन्न हो रही हैं, जिसका समाधान कंपनी द्वारा नहीं किया जा रहा है, कहा गया है।इस नोटिस के अंतर्गत, सिंह ने दो समाधान प्रस्तुत किए हैं। 1- उन्हें नए स्कूटर से बदला जाए, जिसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। 2- उनके पैसे उन्हें वापस कर दिए जाएं, ताकि वह दूसरा विकल्प चुन सकें।इस गतिविधि से जुड़े और तथ्य जानने के लिए हमने रायबरेली के निवासी कुणाल सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया है, लेकिन उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। कंपनी की पक्ष से किसी भी प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

राघवेन्द्र सिंह, कुणाल सिंह के वकील (अधिवक्ता) ने बताया कि इस नोटिस की एक प्रति उन्होंने भविष्य में संदर्भ के लिए अपने कार्यालय में रख ली है और इसमें 2 पन्ने हैं।

भाजपा की पंख पसार सूची

भारतीय जनता पार्टी ने पहली ही खेप में 543 सीटों में से 195 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करके लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजा दी है। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन इस मामले में बहुत ढीलम-ढाला लग रहा है और अभी तक 27 दलों के इस गठजोड़ को सीटें घोषित करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केवल उत्तर प्रदेश ही ऐसा राज्य है जहां कुछ सीटों पर समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है। चुनाव में अब 100 दिन का समय भी शेष नहीं बचा है हालांकि चुनाव आयोग ने अभी तक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है परंतु मई महीने तक नई लोकसभा का गठन होना जरूरी है इसलिए यह कहा जा सकता है कि विपक्षी गठबंधन बहुत धीमी चाल चल रहा है। भाजपा ने जिन 195 प्रत्याशियों की घोषणा की है उनमें सर्वाधिक प्रत्याशी पिछड़े वर्ग के हैं जो 29 प्रतिशत हैं और इनकी संख्या 57 है जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा महिला प्रत्याशियों की घोषणा भी यथोचित संख्या में की गई है। इसे देखकर यह कहा जा सकता है कि भाजपा सामाजिक न्याय के विपक्ष के विमर्श का मुंह तोड़ मुकाबला करना चाहती है। इन 195 सीटों में से 52 प्रतिशत सीटें समाज के पिछड़े हुए दबे वर्गों के लोगों को दी गई हैं जिनकी संख्या 102 बैठी है। इनके अलावा महिलाओं को 28 सीटें दी गई हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि भाजपा अपने उस फार्मूले पर चल रही है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब युवा किसान व महिला जातियों के रूप में दिया था। सीटों के बंटवारे में भाजपा ने एक और जहां पुराने महारथियों को वरीयता दी है वहीं नए युवा चेहरे भी खोजे हैं साथ ही कुछ ऐसे पुराने चेहरों को हटा दिया है जिनका आकर्षण समाप्त माना जा रहा था और काम के मोर्चे पर जिनकी उपलब्धि शून्य समझी जा रही थी। इनमें नई दिल्ली से भाजपा की सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है जो वर्तमान में विदेश राज्य मंत्री का काम देख रही है। उनके स्थान पर पार्टी ने भाजपा की ही एक जमाने की महारथी रही स्वर्गीय सुषमा स्वराज जैसी नेता की सुपुत्री बांसुरी स्वराज को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली के जिन पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है उनमें से कई पुराने प्रत्याशियों को हटा दिया है इनमें बदनाम हुए दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी भी शामिल है। जिन्होंने संसद में ही एक-दूसरे संसद सदस्य को खुलेआम गालियां दी थी। इसके साथ ही चांदनी चौक के सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन का पत्ता भी काट दिया गया है और उनकी जगह पर व्यापार जगत के नेता प्रवीण खंडेलवाल को लाया गया है। खिलाड़ी गौतम गंभीर ने तो पहले ही हथियार डाल दिए हैं और चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी है।

नरेंद्र मोदी के परिवार में हैं कौन-कौन

प्रो. रविकांत

नरेंद्र मोदी इंडिया गठबंधन के नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बार-बार आरोप लगाते हैं। औरंगाबाद, बिहार में 2 मार्च को नरेंद्र मोदी ने पूछा था कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बात क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने ताल ठोकते हुए नरेंद्र मोदी को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव वह हैं जिन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय किया। जिन्होंने गरीबों- वंचितों के भीतर चेतना और स्वाभिमान पैदा किया। जो लोग गलियों से अपना चप्पल पहनकर नहीं निकल सकते थे, उन्हें सिर उठाकर चलने की ताकत लालू यादव ने दी। जिन्हें कुएं से पानी नहीं भरने दिया जाता था, उन्हें कुआं खोदने लायक बनाया और इस लायक भी बनाया कि उनको भी पानी पिला सकें, जो उन्हें पानी नहीं पीने देते थे। लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने ठेठ बिहारी अंदाज में नरेंद्र मोदी को जमकर लताड़ा।

पटना के जिस ऐतिहासिक गांधी मैदान में 5 जून 1975 को जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान करते हुए दिनकर की पंक्तियों को दोहराया था कि श्सिंहासन खाली करो कि जनता आती है, उसी मैदान पर 3 मार्च को राजद और विपक्ष की जनविश्वास रैली संपन्न हुई। अनुमान है कि इस रैली में 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। इस मैदान पर अब तक के इतिहास की संभवतया यह सबसे बड़ी भीड़ थी। लेकिन भीड़ से ज्यादा महत्वपूर्ण था, लोगों का उत्साह और मंच पर मौजूद नेताओं के प्रति उनका विश्वास। लोगों में मौजूदा सत्ता के प्रति रोष इतना था कि जैसे ही नरेंद्र मोदी का नाम आता था लोग हिकारत से हुंकार उठते थे। मंच पर इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। एक तरफ वामपंथी पार्टियों के नेता डी राजा, सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य मौजूद थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के दोनों दिग्गज जननायक राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे थे। यूपी से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उपस्थित थे। तीनों नौजवानों राहुल गांधी, अखिलेश और तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार को ललकारते हुए उसे उखाड़ फेंकने का संकल्प किया। तेजस्वी यादव पिछले तीन-चार महीने के भीतर बेहद मंझे हुए वक्ता के तौर पर उभरे हैं। 28 जनवरी को जब एक बार फिर नीतीश कुमार ने पलटी मारी और नौंवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसके बाद तेजस्वी यादव ने विधानसभा में जो भाषण दिया था उस पर समूचे उत्तर भारत में चर्चा हुई। तेजस्वी यादव एक ऐसे नौजवान नेता के रूप में उभरे हैं जिनमें जोश और जज्बा ही नहीं बल्कि होश और हवास भी है। पटना के गांधी मैदान के मंच पर दहाड़ते हुए उन्होंने नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद के भाषण पर जमकर पलटवार किया।

नरेंद्र मोदी इंडिया गठबंधन के नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बार-बार आरोप लगाते हैं। औरंगाबाद, बिहार में 2 मार्च को नरेंद्र मोदी ने पूछा था कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बात क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने ताल ठोकते हुए नरेंद्र मोदी को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव वह हैं जिन्होंने बिहार में सामाजिक न्याय किया। जिन्होंने गरीबों- वंचितों के भीतर चेतना और स्वाभिमान पैदा किया। जो लोग गलियों से अपना चप्पल पहनकर नहीं निकल सकते थे, उन्हें सिर उठाकर चलने की ताकत लालू यादव ने दी। जिन्हें कुएं से पानी नहीं भरने दिया जाता था, उन्हें कुआं खोदने लायक बनाया और इस लायक भी बनाया कि उनको भी पानी पिला सकें, जो उन्हें पानी नहीं पीने देते थे। लालू प्रसाद यादव ने अपने पुराने ठेठ बिहारी अंदाज में नरेंद्र मोदी को जमकर लताड़ा। परिवारवाद पर नरेंद्र मोदी के बार-बार हमले पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह अपना परिवार नहीं बना सके तो मैं क्या करूं? जाहिर तौर पर लालू यादव का इशारा नरेंद्र मोदी और उनकी पत्नी की तरफ था। लंबे समय तक नरेंद्र मोदी इस बात को छुपाए रहे कि उनकी शादी भी हुई है। लोकसभा चुनाव (2014) के समय उन्होंने दाखिल हलफनामे में पहली बार विवाहित होने और पत्नी के रूप में जसोदा बेन के नाम का जिक्र किया था। ट्रिपल तलाक के मुद्दे पर कथित रूप से मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाने वाले नरेंद्र मोदी से लोग पूछते हैं कि उन्होंने बिना तलाक दिए जसोदा बेन को क्यों छोड़ दिया? लालू प्रसाद यादव ने तो नरेंद्र मोदी के हिंदुत्व पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तो हिंदू भी नहीं है क्योंकि अपने माता-पिता के मृत्यु के बाद हिन्दू अपने सिर का मुंडन करवाता है। लेकिन मां की मौत के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने बाल नहीं कटवाए। लालू यादव के नरेंद्र मोदी ने तो परिवार ही नहीं बनाया वाले बयान को काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एक नई कैंपेन लांच की। भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों और समर्थकों ने अपने नाम के साथ ट्विटर पर बायो में मोदी का परिवार लिखकर ट्वीट किए। 4 मार्च को नरेंद्र मोदी तेलंगाना में थे। वहां पर भाषण देते हुए नरेंद्र मोदी ने पार्टी की इसी कैंपेन को ही आगे रखा। उन्होंने कहा कि इस देश के सारे लोग उनका परिवार हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी इस कैंपेन को 2019 के लोकसभा चुनाव के समय मैं भी चौकीदार जैसे कैंपेन की तरह आगे बढ़ना चाहती है। राफेल सौदे में घोटाले का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरते हुए कहा था कि चौकीदार ही चोर है। इसको काउंटर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी और उसके अनुषांगिक संगठनों और आईटी सेल ने श्मैं भी चौकीदार जैसा कैंपेन चलाया था। पुलवामा आतंकवादी हमला और फिर बालाकोट एयर स्ट्राइक के राष्ट्रवादी शोर में राहुल गांधी के आरोप पर श्मैं भी चौकीदार कैम्पेन सफल हो गया। बेमन से लोकसभा चुनाव में उतरे विपक्ष ने जैसे पहले ही हार मान ली थी। नतीजे में 2014 की 282 सीटों के मुकाबले 2019 में नरेंद्र मोदी को 303 सीटें मिलीं।

2024 के लोकसभा चुनाव के लिए नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 370 पार का नारा दिया है। लेकिन इस बार जमीनी हकीकत कुछ और है। इसीलिए लालू प्रसाद यादव की बात को पकड़कर एक नई कैंपेन लॉन्च की जा रही है। जो नरेंद्र मोदी पहले अपने भाषणों में मित्रों संबोधन का इस्तेमाल करते थे, वे आजकल श्मेरे परिवार वालों तक पहुंच गए हैं। दरअसल, राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी और उनके मित्रों अडानी-अम्बानी के बीच गठजोड़ को इतना एक्सपोज कर दिया है कि मोदी मित्रों शब्द बोलना ही भूल गए हैं। या यूं कहें कि बड़ी चतुराई से इस शब्द को छोड़कर नरेंद्र मोदी मेरे परिवार शब्द से लोगों को संबोधित करने लगे हैं। अब इसका एक्सटेंशन करते हुए मोदी कह रहे हैं कि श्यह देश मेरा परिवार है और हम इस देश के हैं। इस तरह के शब्दजाल से नरेंद्र मोदी पूरी कैंपेन को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। लेकिन सवाल यह है कि 10 साल की एन्टी इनकंबेंसी और लगभग हर मोर्चे पर असफल नरेंद्र मोदी क्या इस कैंपेन के सहारे चुनाव जीत पाएंगे? और असली सवाल तो यह है कि नरेंद्र मोदी जिसे अपना परिवार कह रहे हैंय उस परिवार में क्या वे किसान नहीं आते, जो दिल्ली की सरहदों पर इस बिगड़ते-बदलते मौसम में बैठे हुए हैं। वे दिल्ली पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। वे नरेंद्र मोदी सरकार को 2021 में किए गए वादे याद दिलाना चाहते हैं। तीन काले कानून वापस लेते हुए नरेंद्र मोदी ने किसानों से उनकी फसलों पर एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाने का वादा किया था। ये वादा भी नरेंद्र मोदी ने आसानी से नहीं किया था।

विचार

ट्रम्प बनाम जो बाइडेन

आदित्य नारायण

ट्रम्प अपने तेजतर्रार रवैये के चलते बाइडेन पर भारी साबित होते दिखाई देते हैं। अब इस बात का आकलन शुरू हो गया है कि अगर ट्रम्प दुबारा चुनाव जीते तो पूरी दुनिया पर इसका क्या असर हो सकता है। ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में काफी आक्रामक नजर आए थे। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिका को नाटो का हिस्सा नहीं होना चाहिए। इसमें यूरोप के लिए बेकार ही अमेरिकी डॉलर खर्च होते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रम्प खुद युद्ध बंद कराने के दावे करते रहे हैं।

अमेरिका में प्राइमरी चुनावों के बाद यह लगभग साफ हो गया है कि राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प और जो बाइडेन के बीच जोरदार टक्कर होगी। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रम्प का चुनाव चिन्ह हाथी होगा और डैमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन का चुनाव चिन्ह गधा होगा। अब यह बहस दिलचस्प हो गई है कि चुनावों में हाथी दहाड़ेगा या गधा दुलती मारेगा। प्राइमरी इलैक्शन में रिपब्लिकन पार्टी में ट्रम्प को चुनौती दे रही भारतीय मूल की निक्की हेली ने पराजय के बाद अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली है। अमेरिकी नागरिकों का कहना है कि इस बार भी प्रत्याशी वही हैं जो 2020 में आमने-सामने थे। बस साल बदल गया है। 2020 के चुनाव में बाइडेन ने कांटे की टक्कर में ट्रम्प को मात दी थी। तेज हुई राजनीतिक सरगर्मियों के बीच अमेरिका के लोग दोनों की उम्मीदवारी को लेकर बंटे नजर आते हैं। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि बहुत से अमेरिकियों को इन दोनों का चुनाव मैदान में आमने-सामने होना पसंद नहीं आ रहा। ट्रम्प के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने को लेकर बहुत सी आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन उन्हें काफी हद तक कानूनी राहत मिल चुकी है। ट्रम्प के खिलाफ ढेर सारे कानूनी मामले हैं जिनमें से चार आपराधिक अभियोग भी शामिल हैं। ट्रम्प की बचाव टीम ने जिस तरह से रणनीति बनाई, उसके चलते अब ट्रम्प को मुकद्दमों में काफी मोहलत मिल गई है। ट्रम्प अपने सनकी स्वभाव के कारण पहले से ही काफी बदनाम हैं।

ट्रम्प पर पिछले चुनावों में हार के नतीजों को पलटने की कोशिश, क्लासीफाइड डॉक्यूमैंट अपने पास रखने और यूएस कैपिटल पर हमला करने के लिए अपने समर्थकों को उकसाने के केस चल रहे हैं लेकिन ट्रम्प ने संघीय आपराधिक मामलों से अभियोजन से छूट के पूर्व राष्ट्रपति के अधिकार को लेकर अपील की थी। जब तक ट्रम्प को अभियोजन से प्रतिरक्षा के अधिकार पर फैसला नहीं हो जाता तब तक सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत के फैसलों को स्थगित रखा है। ट्रम्प पर मुकदमा चलाने की लड़ाई ने अमेरिकी सियासत की दरारों को उजागर कर दिया है। मतदाता ट्रम्प की क्षमताओं और उनके द्वारा खड़ा किए जाने वाले सम्भावित जोखिमों के आधार पर बंटे हुए हैं। डैमोक्रेट और रिपब्लिकन राष्ट्रीय स्तर पर अपने इन लोकप्रिय नेताओं के मुकाबले कोई दूसरा विश्वसनीय विकल्प खोजने में नाकाम रहे हैं। अमेरिकी मतदाताओं की नजर में उनके सामने कोई अन्य नेता नहीं है, जिसके झंडे तले पूरा देश एकजुट हो सके। इस बार के चुनाव में अर्थव्यवस्था, विदेशघ्नीघ्ति, जलवायु परिवर्तन और लोकतंत्र प्रमुख मुद्दे हैं। ट्रम्प और बाइडेन दोनों ही अमेरिकी इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे। ट्रम्प अपने तेजतर्रार रवैये के चलते बाइडेन पर भारी साबित होते दिखाई देते हैं। अब इस बात का आकलन शुरू हो गया है कि अगर ट्रम्प दुबारा चुनाव जीते तो पूरी दुनिया पर इसका क्या असर हो सकता है। ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में काफी आक्रामक नजर आए थे। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिका को नाटो का हिस्सा नहीं होना चाहिए।

इसमें यूरोप के लिए बेकार ही अमेरिकी डॉलर खर्च होते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रम्प खुद युद्ध बंद कराने के दावे करते रहे हैं। अपने शासनकाल में ट्रम्प चीन पर बहुत ही बरसे थे और यहां तक कि कोरोना वायरस को चाइनीज वायरस कहा था, लेकिन चीन के खिलाफ असल कार्रवाई जो बाइडेन ने की है। जहां चीन के खिलाफ ट्रम्प ने व्यापार को ज्यादा बैलेंस करने के लिए कार्रवाई की, बाइडेन की सख्त कार्रवाई राजनीतिक भी है। इसलिए जानकार मानते हैं कि चीन चाहेगा कि ट्रम्प वापस सत्ता में आएं ताकि व्यापार के जरिए मामला संभाला जाए। ट्रम्प फिर से जीते तो रूस से जंग लड़ रहे यूक्रेन को झटका हो सकता है और ट्रम्प की सत्ता में वापसी इजराइल को और मजबूती प्रदान करेगी। रूस भी उनकी जीत से प्रसन्न ही होगा। अब सवाल यह है कि ट्रम्प के जीतने पर भारत पर क्या असर होगा। भले ही डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैमिस्ट्री अच्छी रही है लेकिन टैरिफ मामले पर और जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर दोनों देशों में काफी मतभेद रहे हैं। ट्रम्प का पाकिस्तान विरोधी रवैया भारत के मन माफिक ही है। अवैध प्रवासियों के मामले में भी ट्रम्प का रवैया काफी सख्त रहा है। अब देखना यह है कि अमेरिकी मतदाता दोनों के बारे में क्या सोचता है। ट्रम्प बाइडेन को ड्डिबेट की चुनौती दे रहे हैं। देखना है चुनावों का आखिरी दौर आते-आते मतदाताओं का रूझान किसकी तरफ ज्यादा रहता है।

आत्ममंथन का वक्त

पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हालिया किसान आंदोलन के तौर-तरीकों व सरकारों की कारगुजारियों को लेकर जो तल्ख टिप्पणियां की हैं, वे आंख खोलने वाली हैं। हरियाणा-पंजाब की सीमा पर विगत तीन सप्ताह से मोर्चा संभाले किसान आंदोलनकारियों के तौर-तरीके व उससे निपटने के सरकारों द्वारा उठाये गए कदम मर्यादित व्यवहार पर नये विमर्श की जरूरत बताते हैं। यह सर्वविदित है कि किसानों की दिल्ली कूच की कोशिशों और पुलिस प्रशासन की उन्हें रोकने के प्रयास में लगातार टकराव की खबरें आती रही हैं। जिनमें कई किसानों, पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के घायल होने की भी बात कही गई। एक युवक की मौत की अप्रिय घटना भी सामने आई है। जिसको लेकर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी भी सामने आई। निस्संदेह, यह घटनाक्रम परेशान करने वाला है और इससे आवागमन बाधित होने से आम लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि लोकतंत्र में हर किसी व्यक्ति को लोकतांत्रिक ढंग से अपनी मांगें उठाने का अधिकार है। सरकारों का भी दायित्व बनता है कि समय रहते किसी भी संगठन या वर्ग की न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार करें ताकि आंदोलनकारियों को सड़कों पर उतरने की जरूरत न पड़े। वहीं आंदोलनकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि न्यायसंगत मांगों को लेकर आंदोलन तो करें, लेकिन आम लोगों की सुविधा व अधिकारों का ध्यान रखे। निस्संदेह, किसी भी व्यक्ति को लोकतांत्रिक आंदोलन करने व अभिव्यक्ति के अधिकार हैं। लेकिन किसी को निरंकुश व्यवहार की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही किसी आंदोलन की वजह से लंबे समय तक राष्ट्रीय राजमार्गों को भी अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। कोर्ट की वह टिप्पणी विचारणीय है जिसमें बच्चों को आंदोलन के दौरान ढाल बनाने को पंजाब की संस्कृति के विपरीत बताया गया है। अदालत ने प्रश्न उठाया है कि किसान आंदोलन कर रहे हैं या जंग पर जा रहे हैं? कोर्ट ने खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि क्या हथियार लहराने वाले आंदोलन को शांतिपूर्ण कहा जा सकता है? उल्लेखनीय है कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग को लेकर गत तेरह फरवरी से किसान आंदोलनरत हैं। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों की भी भागीदारी रही है। गत इक्कीस फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर टकराव के दौरान बठिंडा के युवक शुभकरण की मौत हो गई थी। अब अदालत ने मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। हाईकोर्ट ने आंदोलन के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए शुभकरण की मौत के मामले में जांच के लिये एक अवकाश प्राप्त न्यायाधीश समेत तीन सदस्यीय कमेटी को जिम्मेदारी सौंपी है। कमेटी में हरियाणा व पंजाब के एडीजीपी भी शामिल होंगे। हालांकि, अदालत में भी इस मुद्दे को लेकर हरियाणा व पंजाब सरकारों की दलीलें सामने आती रही हैं। एक ओर हरियाणा सरकार की तरफ से कहा जा रहा था कि कि पंजाब सरकार ने शुभकरण की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी। जिस पर कोर्ट का कहना था कि इस रिपोर्ट को देने में इतने विलंब की तार्किकता क्या है। बहरहाल, अदालत की सख्त टिप्पणियों के बाद किसान आंदोलनकारियों व सरकारों को अपनी रीति-नीतियों पर मंथन करना चाहिए।

मानवता को छल रहा मानव.....

कैसा दुनिया का दौर चल रहा है।
मानवता को आज मानव ही छल रहा है।।
लोगों के मन में ऐसी भरी है काम पिपासा।
इंसानियत की किसी से नहीं है कोई आशा।
हर कदम पर अपना अपनों को छल रहा है।
मानवता को आज...
आज गिर गई लोगों की भावना है।
लहू लिप्त दौलत पाने की कामना है।।
अपनों की लाश पर अपना ही चल रहा है।।
मानवता को आज....
घर में गृह लक्ष्मी कपड़ों को तरसती है।
दूसरों की पत्नी पर धनलक्ष्मी बरसती है।।
चीथड़ों में लिपट के बचपन पल रहा है।।
मानवता को आज..
स्त्री-पुरुष में अब ऐसे व्यभिचार हैं।
कर्मों से उनके अजंता भी शर्मशार है।।
दूसरों के पति-पत्नी से प्रेम चल रहा है।
मानवता को आज मानव ही छल रहा है।।

-सरिता सिंह, लखनऊ।

राशिफल

मेषः- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

बृषभः- शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

मिथुनः- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्कः- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

सिंहः- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

कन्याः- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

तुलाः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

वृश्चिकः- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।

धनुः- सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

मकरः- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

मीनः- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

लोकसभा चुनावः तारीखों की अधिसूचना जारी करने की उल्टी गिनती शुरू

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

2024 के आम चुनाव में 30 लाख वायल अमिट स्याही का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी आयु अधिकतम 6 महीने ही होती है, इसलिए चुनाव की तिथि के 1 से 3 महीने के अंदर ही इसकी सप्लाई की जाती है. इसे समय से तैयार किया जा सके, इसलिए चुनाव आयोग से कम से कम 6 महीने पहले इसका आर्डर ले लिया जाता है। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करे। निर्वाचन आयोग की गाइलाइन के मुताबिक वोटिंग से पहले वोटर्स के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है.। इस स्याही को नाखून के ऊपर गांठ तक लगाई जाती है।

वैश्विक स्तरपर दुनियां की निगाहें संसार की सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई है। लोकतांत्रिक स्वायत्त संस्था चुनाव आयोग भी पिछले कई हफ्तों से चुनाव की तैयारी में लगा हुआ हैजिसमें आज 8 मार्च 2024 को चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह सचिव व सहयोगियों के साथ बैठक हुई उधर चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण रोल अदा करने वाली चुनावी अमिट स्याही जिसे तर्जनी पर लगाया जाता है, करीब 15 मार्च 2024 तक अपना पूरा उत्पादन कर चुनाव आयोग के हैंडओवर करने की संभावना व्यक्ति की गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में तैयारी चुनाव आयोग मेंलगभग पूर्ण कर ली है ऐसा मेरा मानना है।

इसलिए ही शायद 14-15 मार्च 2024 को तारीखों के ऐलान होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मेरा मानना है कि इस अमिट स्याही जो शायद आम नागरिक इतना सीरियसली नहीं लेते या उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण स्याही पर नहीं जाता इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चुनाव आयोग की केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, उंगलियों की तर्जनी पर लगाए जाने वाली स्याही सहित सबसे समीक्षा बैठक भी तारीखों पर मंथन शुरू।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग की अंतिम चरणों की तैयारी में एक दिनांक 8 मार्च 2024 को केंद्रीय गृहसचिव और उनके सहयोगियों के साथ बैठक की करें तो, लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से कुछ दिन पहले, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने आम चुनाव के लिए सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करने हेतु गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया है। मिडिया नें बताया कि गृह सचिव शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और साथी चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती पर चर्चा की। यह बैठक चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की जम्मू-कश्मीर यात्रा से कुछ दिन पहले हो रही है। चुनाव आयोग ने लोकसभा और चार विधानसभा चुनावों के लिए 3.4 लाख केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की मांग की है। लगभग 97 करोड़ मतदाताओं के साथ, चुनाव आयोग पूरे भारत में लगभग 12.5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करेगा। वहीं चुनाव आयोग रेलवे के शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। रेलवे विभिन्न चरणों के दौरान केंद्रीय बलों को तैनाती के लिए ले जाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। ऐसे में चुनाव घोषणा के पहले रेलवे से भी निर्वाचन आयोग विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए खास वार्ता करेगा। लोकसभा 2024 चुनाव की तारीखों की घोषणा 14 या 15 मार्च को होने की संभावना है। मिडिया में बताया कि चुनाव 2019 की तरह 7 चरणों में हो सकते हैं। पहले चरण के लिए मतदान अप्रैल के दूसरे सप्ताह में हो सकता है। 14 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना है। अमिट स्याही वालों भी बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी भी शुरू हो गई हैं। 2024 के आम चुनाव में 30 लाख वायल अमिट स्याही का ऑर्डर मिल चुका है। इसकी आयु अधिकतम 6 महीने ही होती है, इसलिए चुनाव की तिथि के 1 से 3 महीने के अंदर ही इसकी सप्लाई की जाती है. इसे समय से तैयार किया जा सके, इसलिए चुनाव आयोग से कम से कम 6 महीने पहले इसका आर्डर ले लिया जाता है।

साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव सहित अन्य चुनावो में तर्जनी पर लगाई जाने वाली अमिट स्याही के महत्व योगदान व प्रमुख कारक की करें तो, वोटिंग के समय उंगली पर स्याही लगाकर ये सुनिश्चित किया जाता है कि वोटर्स दोबारा कई बार वोट न करे। निर्वाचन आयोग की गाइलाइन के मुताबिक वोटिंग से पहले वोटर्स के बाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है। इस स्याही को नाखून के ऊपर गांठ तक लगाई जाती है।अगर किसी की तर्जनी उंगली नहीं है तो ऐसे हालात में वोटर्स के बाएं किसी भी उंगली में नीली स्याही लगाई जा सकती है।अगर वोटर्स का बाया हाथ ही नहीं है तो ऐसी परिस्थिति में मतदाता के दाएं हाथ की तर्जनी उंगली पर स्याही लगाई जाती है।यदि मतदाता के दोनों हाथों में कोई उंगली नहीं है तो ऐसे में उसके हाथ के किसी भी एक हिस्से पर स्याही लगाई जाती है।

यदि वोटर्स का दोनों हाथ ही नहीं है तो इस स्थित में उसके पैर के अंगूठे पर स्याही से निशान लगाया जाता है। दरअसल, फर्जी मतदान रोकने और वोट डाल चुके मतदाता की पहचान के लिए यह विशेष स्याही बाएं हाथ की तर्जनी में लगाई जाती है, जो एक सेकंड के अंदर अपना निशान छोड़ती है और 40 सेकंड से भी कम समय में सूख जाती है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रका

सांसद के साथ रामलला के दर्शन को अयोध्या रवाना हुए भाजपा कार्यकर्ता

इटावा, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश संगठन द्वारा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद इटावा के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को राम लला के दर्शन हेतु 9 मार्च की तारीख तय की गई थी।

पार्टी की ओर से क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने राम मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन करने के लिए जनपद इटावा से जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत एवं लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया के नेतृत्व में 70 बसों से 4000 भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता शनिवार की सुबह अयोध्या रवाना हुए। लोकसभा सांसद एवं प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि %वर्तमान पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है कि उन्हें रामलला के ऐसे दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। यह सिर्फ इसलिए नहीं हुआ है कि सभी ने इसके लिए काम किया है बल्कि भगवान के आशीर्वाद और इच्छा के कारण एवं मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रतिबद्धता के कारण यह देव कार्य संभव हो पाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने बताया कि जनपद इटावा जिले की तीनो विधानसभा के प्रत्येक मंडल से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की गई है। राम लला के दर्शन के लिए प्रमुख रूप से सांसद पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, हरनाथ कुशहवाह, विमल भदौरिया, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, संजीव भदौरिया, विनीता गुप्ता, विरला शाक्य लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव सहित जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

पुलिस कर्मियों ने दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की

इटावा। आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में पुलिस कर्मियों ने दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया। एसएसपी द्वारा द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, फायर ब्रिगेड इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

अश्वनी एडवोकेट भाजपा में शामिल

इटावा, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट अश्वनी सिंह ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ सदर विधायका सरिता भदौरिया के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की वार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी में जनरल वर्ग का कोई सम्मान नहीं है उनका जो पीडीए है वह सिर्फ दिखावा है आज हम सभी असली पीड़ीए के साथ हैं आगामी लोकसभा चुनाव में विधायक जी के साथ भारतीय जनता पार्टी को पूरे दमखम के साथ जिताने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर विधायका सरिता भदौरिया ने सभी सम्मलित लोगों का स्वागत करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी में कार्य करने के लिए बहुत नौजवान संकल्पित है निश्चित ही हमारा संकल्प अबकी बार 400 पार करने के लिए हम सभी व्यापारी, नौजवान, वकील और सभी सम्मानित जनता से आग्रह करके उनको आमंत्रित कर रहे हैं कि भाजपा में कार्य करें तीसरी बार 400 पार कर हम फिर सरकार बनाने जा रहे हैं एडवोकेट अश्वनी सिंह ने अपने सैकड़ो लोगों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है भारतीय जनता पार्टी सदैव उनके साथ है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की एक भी सीट पर विपक्षियों का खाता भी नहीं खुलेगा भारतीय जनता पार्टी पूरी की पूरी सीटे जीतेगी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट अश्वनी सिंह सिंह के अतिरिक्त जिला समाजवादी पार्टी के सचिव आशुतोष यादव बिना यादव धीरज यादव संजय तोमर अंशु चौहान सहित सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की केदारेश्वर मंदिर पर किए गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी देवताओं का सम्मान है भगवान सबके होते हैं केदारेश्वर मंदिर तैयार होने पर हम सब वहां पूजा अर्चना करेंगे परंतु कुछ लोग भय के कारण राजनीतिक मान्यताओं के कारण की कही हमारा वोट बैंक फिसल न जाए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का नाम भी नहीं लेते हैं।

दिल्ली पुलिस ने धर्म निरपेक्ष संविधान की धज्जियां उड़ाई : आलोक

इटावा, समृद्धि न्यूज। दिल्ली मे नमाज पड़ रहे लोगों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गयी मारपीट और दुर्व्यवहार पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें रोष व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों मे निंदा की है, उन्होंने कहा कि नमाज़ के दौरान सजदा करते युवकों के साथ दिल्ली पुलिस का ये कैसा व्यवहार है। उन्होंने कहा इस तरह का दुर्व्यवहार कोई दुश्मनों से भी नही करता है,एक तरफ अरब देश में मंदिर बनबाकर भाजपा सरकार ये दिखाना चाहती है कि उसके कार्यकाल मे उसकी दुनिया मे स्वीकार्यता बड़ी है दूसरी तरफ सबका साथ सबका विकास का नारा देकर अपने देश के नागरिकों के साथ अत्याचार किया जा रहा है,अगर किसी स्थान विषेश पर नमाज पड़ने को लेकर प्रशासन को आपत्ति थी तो अन्य भी तरीक़े हो सकते थे, दिल्ली पुलिस के इस कृत्य से धर्म निरपेक्ष संविधान की धज्जियां उड़ायी गयी हैं, दोषी पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

खबरें एक नजर में

तमंचा कारतूस सहित वांछित गौ तस्कर गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण थाना चौबिया पुलिस ने वांछित गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। थाना चौबिया एवं थाना ऊसराहार पुलिस को नगला पीपल चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि ट्रक नं. यूपी 45 टी 1843 जिसमें गोवंश लदे है, और त्रिपाल से ढका हुआ है, किल्ली की ओर से भदामई की ओर आ रहा है । सूचना पर विश्वास करके जरिये दूरभाष थाना बसरेहर पुलिस एवं थाना चौबिया व थाना ऊसराहार पुलिस टीमों द्वारा मसनाई अड्डा तिराहे के पास से चैकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड मे आविद पुत्र नवी हसन एवं अभियुक्त राजीव यादव पुत्र सिपाहीलाल व राघवेन्द्र पुत्र हरीराम को को गिरफ्तार किया गया था एवं शेष की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी। थाना चौबिया पुलिस द्वारा थाना चौबिया क्षेत्रान्तर्गत मसनाई अड्डा पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर कुंवरपाल पुत्र सुघर सिंह निवासी नगला खेमी थाना चौबिया इटावा को तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित सदनपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में मन्सूर अहमद थानाध्यक्ष चौबिया, उ.नि. सन्तोष कुमार, का. धर्मेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा।

कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार युवक की मौत

महोबा, समृद्धि न्यूज। कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मृतक के चाचा की सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्यौरईया गांव निवासी कल्ला अनुरागी ने श्रीनगर थाने में दी तहरीर में बताया कि 7 मार्च की सुबह करीब 11 बजे उसका 25 वर्षीय भतीजा रामकुमार ई-रिक्शा से मजदूरी करने महोबा जा रहा था। श्रीनगर की ओर आ रही कार चालक हाकिम राजपूत निवासी ग्राम सिजहरी ने तेजी और लापरवाही से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भतीजे रामकुमार की मौत हो गई। वहीं चतुर कुशवाहा, रामदेवी, दयाराम सहित अन्य लोगों को गंभीर चोटें आयी। मृतक के चाचा ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी कार चालक हाकिम राजपूत के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है।

दो सौ मीटर रेस में प्रिया ने मारी बाजी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के देवपुर अदनखेड़ा स्थित नंदेश्वरी जूनियर हाईस्कूल में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में 200 मीटर की रेस में बालिका वर्ग में प्रिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी में देवपुर व अदन खेड़ा में कांटे की टक्कर में नेहा यादव के जबरदस्त प्रदर्शन के चलते देवपुर की टीम विजई हुई। बालक वर्ग में 200 मीटर में जय प्रकाश अदनखेड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बहुराजमऊ व खरौली के बीच वालीबाल मैच में खरौली ने बहुराजमऊ की टीम को दो सेट में लगातार पराजित कर विजय हासिल की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय प्रधानाचार्य नंद कुमार, उप प्रधानाचार्य प्रांशु सिंह, आयोजक विमलेश, शिवम ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। सफीपुर कस्बे के एक मैरिज लान में शनिवार को शिक्षा उन्नयन गोष्ठी के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से हम बेहतर मानव बनते हैं। शिक्षा रोजगार परक होने के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण में भी सहयोगी होनी चाहिए। शनिवार को कस्बे के एक मैरिज लान में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव, ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि अश्वनी दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत और खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह ने दीप प्रज्वलन कर किया। रमेश रावत ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर बल देते हुए कहा कि नौनिहालों की नींव मजबूत होने से आगे की शिक्षा का मजबूत आधार तैयार होता है। खण्ड शिक्षाधिकारी अनीता शाह ने सफीपुर ब्लाक क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के बेहतर बताते हुए कहा कि शिक्षकों के अथक प्रयास और ग्राम प्रधानों से सामंजस्य बनाकर कार्य करने का परिणाम है कि कायाकल्प के तहत अधिकांश विद्यालयों का कायाकल्प हो गया है जिससे यह ब्लाक जनपद में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि शेष रह गए विद्यालयों का भी कायाकल्प शीघ्र पूरा करा दें।

एसएसपी ने किया जसवंतनगर में पिंक बूथ का उद्घाटन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद के थाना जसवंतनगर क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं की सहायता एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जसवंतनगर कस्बा में महिला पिंक बूथ का फीता काट कर उद्घाटन किया गया ।

पिंक बूथ पर उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर एवं प्रभारी निरीक्षक जसवंतनगर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

हम बुंदेले अब करेंगे पूरा, शंकर भैया का मिशन अधूरा

- बुंदेलखंड दिवस के रूप में मनाया शंकर लाल का जन्मदिन
- बुंदेली समाज ने रिकार्ड 36वीं बार लिखे प्रधानमंत्री को अपने खून से खत

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्व. शंकर लाल मेहरोत्रा के 76वें जन्म दिवस को आज बुंदेली समाज ने बुंदेलखंड दिवस के रूप में मनाया एवं बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिकार्ड 36वीं बार अपने खून से खत लिखे। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि हमारे पास संसाधन नहीं हैं इसलिए हम अपने खून से प्रधानमंत्री को खत लिखते हैं। हम बुंदेले अब करेंगे पूरा, शंकर भैया का मिशन अधूरा।

आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बुंदेली समाज के एक दर्जन से अधिक साथियों ने आज खत लिखने के लिए अपना खून दिया और जय जय बुंदेलखंड, जय जय भारत अखंड के नारे लगाए। कोरोना काल शुरू होने से पहले 635 दिन अनशन कर चुके बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि शंकर भैया का मिशन अधूरा, हम बुंदेले अब करेंगे पूरा। वे साधन संपन्न थे और आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक ले गए। यदि 2001 में उनका आसमयिक निधन न हुआ होता तो बहुत पहले बुंदेलखंड राज्य बन गया होता। अब हम उनके संघर्ष को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी सरकार को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए बुंदेलखंड जैसे सभी पिछड़े भूभागों को अलग राज्य का दर्जा देना चाहिए। अटल सरकार ने शायद इसीलिए तीन नये राज्य एक साथ बनाए थे। कार्यक्रम में महामंत्री डा. अजय बरसैया, योगी आदित्यनाथ यूथ ब्रिगेड के वैभव तिवारी, गया प्रसाद, अमरचंद विश्वकर्मा, हरीओम निषाद, भीष्म देव सेन, कृष्णा शंकर जोशी, सिद्धगोपाल सेन, हरीओम ताम्रकार, अजय मिश्र, रमाकांत नगायच व सुरेश बुंदेलखंडी समेत तमाम बुंदेली जन मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।

- ग्रामोन्नति संस्थान महोबा के बैनर तले जिलेभर की किशोरियों महिलाओं ने दी रोचक प्रस्तुतियां
- जीवन में अपनी मां के योगदान के लिए घर जाकर धन्यवाद कहें किशोरियां : ज्योति चतुर्वेदी
- आर्थिक स्वतंत्रता के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बेहद ज़रूरी : विभा पुरवार
- विपरीत परिस्थितियों में धैर्यवान बनकर आगे बढ़ें महिलाएं : वन स्टॉप केंद्र प्रभारी

विश्व महिला दिवस के मौके पर शहर के अम्बे पैलेस हॉल में ग्रामोन्नति संस्थान द्वारा एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ज़िले भर से लगभग 3 सैकड़ा किशोरियों व महिलाओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए गीत, नाट्य, नृत्य आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। वहीं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों समेत समाजसेवियों द्वारा अपने उदबोधन से मौजूदा स्थिति में उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वनस्टॉप सेंटर की क्षमा द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। मुख्य अतिथि व महिला भाजपा विंग की जिलाध्यक्ष डॉक्टर विभा पुरवार एवं विशिष्ट अतिथि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका ज्योति चतुर्वेदी के साथ ही किशोर न्याय बोर्ड की कल्पना सोनी एडवोकेट का माल्यार्पण कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान ज़िले के अग्निशमन विभाग से प्रभारी देवेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र की महिलाओं को घरेलू कामकाज के दौरान सावधानी एवं अग्निकांड पर काबू पाने के तरीकों की जानकारी दी गई।

वीरभूमि कॉलेज की छात्रा यशस्वी तिवारी के ओजपूर्ण भाषण के उपरांत कस्तूरबा विद्यालय की पीटीआई नेहा पुरवार एवं सोनाली कुटार के नेतृत्व में कस्तूरबा की छात्राओं ने सोशल मीडिया के उपयोग व दुरुपयोग के बीच मकड़जाल में फंसकर अपराधी बनते किशोरों एवं युवाओं को स्थिति का चित्रण किया।

ग्रामोन्नति संस्थान की प्रबंध निदेशक कल्पना खरे ने अपने संबोधन में बताया कि महिलाओं के शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ साथ पारिवारिक, सामाजिक समानता की लड़ाई संस्थान बीते कई वर्षों से लड़ता चला आ रहा है। प्रत्येक वर्ष महिला दिवस पर ऐसे ही भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है और आगे भी किया जाता रहेगा।

कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका ज्योति चतुर्वेदी ने कहा कि जीवन में अपनी मां के योगदान के लिए घर जाकर किशोरियां धन्यवाद ज़रूर कहें। तो

भाजपा की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर विभा पुरवार ने आर्थिक स्वतंत्रता के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बेहद ज़रूरी बताया। इसके उपरांत वन स्टॉप केंद्र प्रभारी क्षमा ने विपरीत परिस्थितियों में धैर्यवान बनकर महिलाएं से आगे बढ़ने की बात कही। जबकि किशोर न्याय बोर्ड की कल्पना सोनी ने महिलाओं किशोरियों के साथ होने वाली मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक हिंसा के विरोध में आवाज़ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ऊषा अग्रवाल, ममलेश विश्वकर्मा, राकेश कुमारी, शीला, रेखा, नीरज सिंह, दिनेश यादव आदि संस्थान स्टाफ मौजूद रहे।

विश्व के सबसे बड़े तानाशाह हिटलर का कार्यकाल भी सिर्फ दस वर्ष था : अन्नू

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

आगामी लोकसभा चुनाव लोकतंत्र विरोधी और लोकतंत्र में समर्थकों के मध्य एक जंग है जिसमें एक ओर संविधान परस्त समाजवादी शक्तियां हैं तो दूसरी तानाशाह प्रवृत्ति के लोग हैं जो ईडी सीबीआई का दुरपयोग कर लोकतांत्रिक शक्तियों को डरा रहे हैं।

विधानसभा सफीपुर के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क कर आयोजित चौपालों में पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी डरने वाले नहीं हैं वैसे भी विश्व के सबसे बड़े तानाशाह हिटलर का कार्यकाल सिर्फ दस वर्ष का है क्योंकि अनीति, अन्याय और अमानवीय शक्तियों की उम्र दस वर्ष से अधिक नहीं होती है, इन दस वर्षों में एक लाख अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं जिनकी आय दोगुनी करने का वादा कर किसानी की लागत बढ़ा दोगुनी कर दी, जिससे आत्महत्या के सिवाय किसानों के पास दूसरा रास्ता नहीं बचा है लाखों नौजवान बेरोजगारी का शिकार है, आरक्षण पर पूर्ण विराम लगा दिया गया है। भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस महज शाब्दिक मायाजाल है हर विभाग में बेरोक टोक भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है, लोगों का कानून व्यवस्था से विश्वास उठ चुका है।

स्टेडियम में हुआ वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

के. के. कालेज, इटावा का दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति 2024 का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में अपर जिला न्यायाधीश दिलीप सचान ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाकर किया।

शुभारम्भ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के मंत्री ओमकार नाथ वर्मा, प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी परमजीत सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए एडीजे दिलीप सचान ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी को अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ खेल में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि एडीजे दिलीप कुमार सचान,विशिष्ट अतिथि मंत्री प्रबंध समिति ओमकार नाथ वर्मा,विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ाधिकारी परमजीत सिंह का शिक्षकों व कर्मचारियों ने बुके,अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। इस मौके पर आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर, प्रो. उदयवीर सिंह, प्रो.ओमकुमारी, श्री मनोज गुप्ता, प्रो. पदमा त्रिपाठी, डॉ.चित्रा यादव , डॉ.रमाशंकर यादव, डॉ. अनिल यादव, प्रो. राजवीर सिंह, डॉ.सुजीत कुमार, डॉ. अनुपम मिश्रा, डॉ. मिथलेश सिंह, डॉ. सुरभि सिंह, डॉ. सुशील वर्मा, डॉ. हिमांशु कुमार, प्रो. अनिल त्रिपाठी, मुरली कुमार, अजय कुमार, डॉ.अंकुर वर्मा, डॉ. सनोज यादव सहित सभी शिक्षक, कार्यालय अधीक्षक श्री मधुसूदन सिंह, लेखाकार अखिलेश वर्मा, पवन वर्मा, आशीष पटेल सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि महोत्सव में देवकली प्रांगण में हुआ रोमांचक दंगल

चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।

खरेला के गाँव ऐंचाना मे महाशिवरात्रि महोत्सव के मौके पर देवकली महादेव प्रागंड में रोमाचक दंगल हुआ जिसमे 02 दर्जनो बड़े पहलवानो ने अपने अपने दाव -पैच दिखाये। प्रारम्भ कुश्ती आकाश (राठ) वनाम प्रिंस (खडेही) विजय हुये, गगन (खडेही) बनाम आकाश (मसगॉव) बराबर हुई, भोला(बरायें) बनाम राहुल(राठ) विजय हुये, बलवीर(जालौन) वनाम वृजराज(रिवई) विजय हुये अन्तिम कुश्ती विनय (घौहल) वनाम प्रमोद (कबरई) के बीच 12 मिनट की घमासान कुश्ती हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरेला चैयरमैन संतोष सिंह ने कहां स्वयं निजी कोष द्वारा छात्रो के मदद की बात कही कि जिस विद्यार्थी को पढ़ाई व भर्ती हेतू जरूरत हो तो अवश्य मिले उनकी मदद की जायेगी, उनके साथ खजुराहो से राजू सिंह चौहान व बरायें से पूर्व प्रधान सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह, ग्राम कुआँ पूर्व प्रधान मुकेश द्विवेदी एवं डा0 रविकरण राजपूत, ग्राम बारी प्रधान कृष्णगोपाल मिश्रा, ग्राम बबेड़ी प्रधान रतनीष सिंह (राजेश सिंह), एव रिहुनिया पूर्व प्रधान भगवानदास चौधरी ब पुपवारा प्रधान श्यामकरण कुशवाहा, ग्राम प्रधान नटर्रा रविन्द्र राजपूत, प्रधानाचार्य सुमित सिंह राजावत युवा समाज सेवक आनंद द्विवेदी आदि अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक शिवप्रताप उर्फ रज्जू भदौरिया मानधिकार सर्वेक्षण, गौरक्षा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष एवं संचालक प्रदीप भदौरिया ने किया एवं दंगल कार्यक्रम सहयोगी। उपाध्यक्ष रज्जू भदौरिया एवं सत्यम तिवारी, ग्राम अध्यक्ष अमित ठाकुर रामबहादुर आदि युवा गणेश टीम ने भरपूर सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

नारी शक्ति फिटनेस रन में ऋचा यादव ने झटका प्रथम स्थान

- नेहरू युवा केंद्र इटावा ने पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में नारी शक्ति फिटनेस रन का किया गया आयोजन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

नेहरू युवा केंद्र इटावा युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बढ़पुरा खंड में नारी शक्ति महिला फिटनेस रन का आयोजन पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव बतौर मुक्य अतिथि रहे। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र इटावा द्वारा मुख्यातिथि एवं उपस्थित युवाओ का स्वागत किया गया । विद्यालय की पच्चीस युवतियों द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन -500 मीटर दौड़ में भाग लिया गया । प्रथम स्थान पर ऋचा यादव ने कब्जा किया। वही द्वितीय स्थान शिवानी दूबे ने हासिल किया एवं तृतीय स्थान पर खुशी रही । संस्थान के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाये आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है एवं अपने अधिकारो के प्रति धीरे धीरे सजग हो रही है।

इन कार्यक्रमो से महिलाओ को अपने सही स्वास्थ्य सेहत के प्रति जागरूक करने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केंद्र इटावा द्वारा नारी शक्ति को नमन करते हुए नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन जिले के प्रत्येक खंड में किया जा रहा है ।मंच संचालन कविता, अध्यापिका पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागियों को संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव एवं जिला युवा अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए ।बसरेहर खंड में खंड स्वयंसेवक मोहिनी कश्यप ,अजीत के द्वारा शंकरपुर में महिला दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रधान पारुल जी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। प्रथम स्थान मोहिनीं, द्वितीय पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान रागिनी ने हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में जिले के अन्य सभी खंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवियो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र इटावा के लेखाकार सर्वेश बाथम जी, खंड स्वयंसेवक प्रियंका, धारवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा ने यादव समाज को दिलाया सम्मान

सपा मुखिया ने अपने परिवार को आगे बढ़ाया, भाजपा किसी परिवार की पार्टी नहीं, यादव समाज हमेशा से राष्ट्रभक्त रहा

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

शनिवार को जानकी पैलेस में राष्ट्रीय यदुवंश परिषद एवं समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा की सदस्यता लिए यादव समाज के नेतृत्व में यादव समाज मोदी के साथ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश ने संबोधित किया।

सुभाष यदुवंश ने कहा कि यादव समाज अब पूरी तरह से भाजपा के साथ आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरा यादव समाज मोदी के साथ खड़ा होने को बेताब है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने परिवार के सिवा कभी किसी यादव को आगे नहीं बढ़ने दिया। सिर्फ यादव के वोट बैंक का इस्तेमाल कर किया। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यादव समाज को सबसे ज्यादा सम्मान देने का कार्य किया है। मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया। भूपेंद्र यादव को केंद्रीय मंत्री, नित्यानंद को केंद्रीय मंत्री, नंदकिशोर यादव को विधानसभा में स्पीकर बनाकर समाज को सम्मान देने का काम किया है।

भजपा ने मुझ जैसे एक गरीब किसान के बेटे को विधान पैसा के सदस्य दो बार प्रदेश का मंत्री प्रदेश का महामंत्री युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण दिया है। अखिलेश यादव अपने परिवार के सिवा अन्य किसी यादव के आगे बढ़ने पर उसपर अभद्र टिप्पणी करने लगते है। हाल में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के उत्तर प्रदेश आगमन से बौखलाकर अपमानजनक टिप्पणी की। लोकसभा चुनाव के अभी तक घोषित प्रत्यशियों में सिर्फ परिवार के 3 यादवों को टिकट दिया अन्य किसी को नहीं। भारतीय जनता पार्टी में काम करते हुए पार्टी में कुछ भी बनने का सपना देख सकते हैं अन्य दलों में अगर आप नेता के पुत्र नहीं है तो आपको सिर्फ बड़े नेताओं के पुत्रों को जिंदाबाद नारा लगाने के लिए ही रखा जाता है। भाजपा में आपकी योग्यता पर निर्भर करता है कि आप क्या बन सकते हैं और क्या नहीं। भारतीय जनता पार्टी किसी परिवार की पार्टी नहीं है जिसे परिवार वाले ही चलाएंगे। यादव समाज हमेशा से राष्ट्रभक्त रहा है। समाज के सबसे ज्यादा नौजवान सेवा में है, आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानी फांसी पर झूले हैं।

यादव समाज हमेशा गोपालक रहा है वह कभी गाय काटने वालों के साथ नहीं रहेगा हमेशा गौ माता की रक्षा करने वालों के साथ रहेगा। यादव समाज को मेहनतकश लोगों में गिना जाता है। कार्यक्रम में हरेंद्र यादव, मनोज यादव, देवेंद्र यादव, नितिन यादव, उदयन पालीवाल, तकदीर यादव, बृजलाल यादव, यज्ञेश यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के अधिवक्ता, शिक्षक, प्रधान एवं बुद्धजीवी वर्ग सम्मिलित हुआ।

शिकायतों के समाधान में न बरतें लापरवाही : डीएम

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप थाना समाधान दिवस कदौरा में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया, प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अंतर्गत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये जिससे फरियादियों को किसी भी प्रकार कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा, यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त जमीनी विवाद शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को समयबधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कहा कि थाना दिवस में छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करा जाये तथा उनका समय सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न की जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा छोटी से छोटी शिकायतों का गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

क्विज प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया सम्मानित

- प्रतियोगितायें ऐसा मंच जहां बच्चों की छिपी प्रतिभा को उभारने का मिलता अवसर: ज्ञानप्रकाश

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने के लिये समय-समय पर अनेकों प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर से होकर ब्लाक स्तरीय व जिला स्तर पर बाद में मंडलीय प्रतियोगिताओं का आयोजन जिनका मुख्य मकसद ग्रामीणांचल में निवास करने वाले बच्चों की प्रतिभा को उचित मंच दिलाया जा सके। उक्त बात राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत डकोर विकासखंड की क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को संबोधित करते हुये खंड शिक्षाधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी ने कही। ब्लॉक डकोर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एस.एस. कॉलेज मड़ोरा में किया गया।

प्रतियोगिता में ब्लॉक के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का परिणाम आज ही घोषित किया गया जिसमें कक्षा 6, 7 व 8 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र, शील्ड एवं पुरस्कार स्वरूप जीके की पुस्तक खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदान की गई एवं परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों को खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानप्रकाश अवस्थी एवं डकोर ब्लॉक एआरपी टीम ने प्रमाण पत्र, एक नोटबुक, एक-एक पेन भी वितरित किए। बच्चों ने परीक्षा के बाद गीत, कविता इत्यादि की भी प्रस्तुति की। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों के अनेकों शिक्षक मौजूद रहे।

तहसील परिसर के शिव मंदिर में भक्तों ने कराया भंडारा

- महाशिवरात्रि पर नगर के विभिन्न मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर में विभिन्न मंदिरों पर अखंड रामायण पाठ, शिव स्तुति, शिव महापुराण आदि का पाठ किया गया। शनिवार को मंदिरों में हवन कर कार्यक्रम का समापन किया गया और जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

भगवान शिव के पर्व महाशिवरात्रि पर नगर के विभिन्न मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील परिसर में रानी ताई बाई के महल में स्थित पुरातन शिव मंदिर पर अखंड रामायण पाठ व सवामनी हवन का आयोजन किया गया। इसके अलावा मोहल्ला पुरानी हाट स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला जोशियाना स्थित शिव मंदिर, कोतवाली स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर आदि में अखंड रामायण पाठ, शिव स्तुति, महमृत्युंजय जप, शिव महापुराण का पाठ किया गया। शनिवार को कार्यक्रम के समापन पर हवन पूजन किया गया। शाम को जगह जगह भंडारे का आयोजन किय गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर भंडारे को चखा। कार्यक्रम में लेखपाल वैभव त्रिपाठी, एड. प्रदीप गुप्ता, उमेश दीक्षित, आरके बाबू आदि ने सहयोग किया।

दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर होता है समझौता : डीजे

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रचलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है। सुलह समझौते के दौरान सभी का मान सम्मान बना रहे और त्वरित न्याय मिले,इसका ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वादों को निस्तारित कराया जाता है। लोक कल्याण की भावना से ओतप्रोत उसी स्वरूप को माननीय उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा विस्तार रूप देते हुए एक स्थल और एक मंच पर बहुत सारे वादों को सुलह समझौते के आधार पर समाप्त कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराने के निर्देश दिए जाते हैं जिसमें दोनों पक्षों के हित के साथ सामाजिक प्रेम भावना भी सामाजिक है।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यदि प्रयास में दोनों पक्ष सफल नहीं होते हैं तभी उन्हें न्यायालय की शरण में जाना चाहिए।उन्होंने बताया कि जनपद न्यायालय परिसर के अतिरिक्त कलेक्ट्रेट एवं सभी तहसीलों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराया जाएगा।इसी क्रम में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा कि लोक अदालत के आयोजन में आने वाले दोनों पक्षों के बैठने व शुद्ध पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था कराई गई है। इसके साथ ही लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्तियों की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है और यह प्रयास किया जा रहा है कि आज इस वृहद लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के माध्यम से समाप्त कराकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य का लाभ दिलाया जा सके।

खबरें एक नजर में

कमरा लेने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

जालौन (उरई)। किराए पर कमरा लेने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों के बीच मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी जब्बार व सलमान के बीच किराए पर कमरा लेने को लेकर आपस में विवाद हो गया। आपसी कहासुनी से शुरू हुआ विवाद बढ़कर एक दूसरे के साथ गाली, गलौज व हाथापाई तक पहुंच गया। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर दोनों कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

नाला सफाई न होने से ग्रामीण परेशान, एसडीएम से लगायी गुहार

जालौन (उरई)। मकान के सामने नाला की सफाई न होने से बदबू और गंदा पानी भर रहा है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर नाला की सफाई कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी अमरचंद्र ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके घर के सामने नाला निकला है। महीनों से इस नाले की सफाई नहीं हुई है। जिसके चलते नाला सिल्ट से पूरा भर चुका है। सिल्ट से भरा हुए नाले का पानी उसके घर तक आ रहा है। जिससे घर में सीलन हो रही है। इतना ही नहीं नाले में पड़ी गंदगी के चलते दिन रात बदबू में रहना पड़ रहा है। जिससे परेशानी हो रही है। प्रधान से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण ने नाले की शीघ्र ही सफाई कराने की मांग एसडीएम से की है।

पांच फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायतें

जालौन (उरई)। कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में पांच शिकायतें पंजीकृत हुई। जिन्हें निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंपा गया। कोतवाली परिसर में बीडीओ प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में मात्र पांच ही शिकायतकर्ता पहुंचे। जिन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। बीडीओ ने शिकायतों को संबंधित लेखपालों को सौंपकर शिकायतों का तीन दिन में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए लेखपाल मौके पर पहुंचें और शिकायर्ता को भी निस्तारण के संबंध में अवगत कराएं। यदि शिकायतकर्ता निस्तारण से असंतुष्ट है तो इसकी भी जानकारी दें। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार, अतिरिक्त निरीक्षक जगदंबा शरण दुबे, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

चांद की तस्दीक होते ही मस्जिदों में इबादत का दौर होगा शुरू

जालौन (उरई)। रहमतों व बरकतों का महीना माह-ए-रमजान सोमवार से शुरू हो रहा है। रमजान की तैयारी को लेकर घरों और मस्जिदों में इंतजाम शुरू हो गए हैं। रमजान के चांद की तस्दीक होते ही मस्जिदों व घरों में इबादत का दौर शुरू हो जाएगा। लोगों ने रमजान की तैयारी को बाजार में खरीददारी शुरू कर दी है। बाजार में भी खजूर, सूतफेनी, सिंवई आदि की बिक्री शुरू हो गई है। मस्जिदों में भी तरावीह का इंतजाम शुरू हो गया है। शहर काजी मौलाना साबिर बताते हैं कि पाक रमजान माह बस शुरू होने की वाला है।

धार्मिक कार्यों में जो भागीदार बनता उसका आज और कल संवरता: महंत बृजेश

- कभी भी दुख की घड़ी में मित्र व भाइयों का साथ न छोड़ें

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

गूढ़ा न्यामतपुर स्थित श्रीशनि धाम नवकुंडीय रूद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति भी दिलाई गई।

गूढ़ा न्यामतपुर के पास स्थित श्रीशनि धाम पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के अंतिम दिवस महंत ब्रजेश महाराज ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों में जो भागीदार बनता है उसका आज और कल दोनों ही संवरते हैं। धर्म और संस्कृति के रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। हमेशा सत्संग में बैठें और सच का साथ दें। घरों में बच्चों को धर्म और संस्कृति के बारे में जानकारी दें। गोपालन की महिमा बताते हुए कहा कि गोपालन से दुख और दरिद्रता दूर होती है। इसलिए अपने घरों में कम से कम एक गाय का पालन अनिवार्य रूप से करें और साथ ही प्रत्येक घर से गोग्रास भी निकाला जाए। कहा कि मित्र अगर विपत्ति में है तो उसका हमेशा साथ दें। कभी भी दुख की घड़ी में मित्र और भाइयों का साथ न छोड़ें। उधर, नवकुंडीय रूद्र महायज्ञ में यज्ञाचार्य मिथलेश महाराज ने पूर्णाहुति दिलाई और संसार में सुख व शांति की कामना की गई। इस मौके पर मंदिर के महंत बृजेश महाराज, भूपेश बाथम, अनुराग, विनोद, कपिल, राकेश, अनिल, संतोष, वंदना, निहारिका, सरोज, मनीषा आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने अभियान के तहत किया बूथों का निरीक्षण

यदि किसी भी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से पृथक करें

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

उप जिलाधिकारी ने मतदाता पुनः निरीक्षण अभियान में बूथ का औचक निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए उक्त निरीक्षण पर बीएलओ के बीच हड़कंप मच गया।

खबर के अनुसार शनिवार के दोपहर समय लगभग 3 बजे उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल अचानक एमएसबी इंटर कॉलेज स्थित बूथ पर अचानक पहुंचे बूथ पर मौजूद बीएलओ को कड़े निर्देश देते हुए कहाकि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है ऐसे युवकों को मतदाता बनाकर मतदाता सूची में अंकित करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने यह भी कहा कि महिला के अनुपात के साथ पुरुष का अनुपात बराबर करें उन्होंने अपने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि मतदाता सूची में यदि किसी भी मतदाता का नाम डबल अंकित है या कोई मतदाता की मृत्यु हो चुकी है ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से पृथक करें साथ में उन्होंने कहा इस अभियान में सभी बीएलओ बड़ी मेहनत के तहत दिए गए कार्यों को पूरा करें कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे।

रमजान माह से पूर्व नगर की सफाई, बिजली व्यवस्था हो दुरुस्त: अशफाक

जालौन (उरई)। आगामी पवित्र रमजान माह से पूर्व नगर में साफ-सफाई, बिजली पानी की व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को मांग पत्र भेजा है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन, रहीस नाना, जावेद, सलीम, भूरे वारसी आदि ने जिलाधिकारी को मांग पत्र भेजकर लिखा कि 11 मार्च दिन सोमवार से रमजान का पवित्र महीना शुरू होने जा रहा है। रमजान के पवित्र माह में रोजेदारों को दिक्कत न हो इसके लिए नगर में स्थित मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करायी जाए, सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं को बंद कराया जाए। अफ्तारी व शहरी के समय बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। इसके साथ ही सुबह शाम जलापूर्ति कराई जाए।

दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

दुद्धी सोनभद्र , समृद्धि न्यूज।

नगर के डीहवार बाबा मंदिर तिराहे के समीप शुक्रवार की दोपहर 1 बजे दो बाइकों की टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार कुल तीन लोग घायल हो गए ,वहीं दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी दुद्धी भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार कर एक कि स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रन्नु गांव निवासी 40 वर्षीय देव नारायण पुत्र रामचरण अपनी 6 वर्षीय पुत्री को बाइक पर बिठाकर रेलवे स्टेशन मोड़ के पास स्थित एक निजी अस्पताल से उपचार कराकर घर वापस हो रहे थे कि डीहवार बाबा मंदिर तिराहे के पास उनके बाइक में दूसरे बाइक से जोरदार टक्कर हो गई।जिससे दोनों बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी । दुर्घटना में पहले बाइक पर सवार देवनारायण की 6 वर्षीय पुत्री समेत दूसरे बाइक का चालक 24 वर्षीय अमित कुमार पुत्र मुन्ना व पीछे सवार 23 वर्षीय शिवम पुत्र गुड्डू दोनों निवासी काली मंदिर कुल तीन लोग घायल हो गए, राहगीरों ने सभी घायलों को उपचार हेतु स्थानीय सीएचसी भर्ती कराया। जहाँ तीनों का प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने अमित की स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कुरआन, मदनी कायदा में अव्वल बच्चों को बांटे गये पुरस्कार

जालौन (उरई)। दावते इस्लामी इंडिया के मदरसतुल मदीना फैजाने तिरमिजी के बच्चों के नाजिरा, कुरआन और मदनी कायदा करने पर 15 बच्चों की दस्तारबंदी की गई। जिसमें अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे स्थित हुसैनी मस्जिद में दावते इस्लामी इंडिया के मदरसा तुल मदीना में पढ़ने वाले बच्चों ने नाजिरा, कुरआन और मदनी कायदा पूरा किया।

नाजिरा व कुरआन पढ़ने वाले 15 बच्चों में अलतमश और अयान ने मदरसा में टॉप किया। दोनों बच्चों को मुख्य अतिथि हाजी नानू एवं विशिष्ट अतिथि मोहम्मद इमरान व आसिफ सिद्दीकी ने मदरसे की ओर से साइकिल देकर सम्मानित किया।

औपचारिकताओं में निपटा थाना दिवस, शिकायतें भी रहीं पेंडिंग

कालपी (जालौन)। थाना स्तर पर आयोजित सत्र का अंतिम समाधान औचित्यहीन साबित हुआ। इस दिवस पर मामलों के निस्तारण के अधिकृत अधिकारी ही गायब रहे। विदित हो कि शासन ने माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को थाना स्तर पर जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान दिवस के आयोजन की शुरूआत काफी पहले की थी पर यह जिम्मेदारों की बेरुखी के चलते इस दिवस का भी परिणाम अन्य दिवसों की तरह ही हुआ है। सूत्रों की मानें तो इस सत्र का यह अंतिम समाधान दिवस था कि अब कुछ दिनों में चुनावी आचार संहिता लग जाएगी लेकिन शायद घोषणा होने से पहले ही जिम्मेदारों ने इस दिवस से मुंह मोड़ लिया है। इस दिवस के अभिलेखानुसार शनिवार को कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस की अगुआई खण्ड विकास अधिकारी कदौरा को करनी थी लेकिन वह नही आई जिसके चलते कोतवाली प्रभारी व अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ भी इस दौरान आई शिकायतों का बेहतर ढंग से निस्तारण नहीं कर सके। और पुलिस के साथ महज लेखपाल प्रमोद द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह, दयाशंकर मौजूद रहे।

जिला बनाने की मांग को लेकर कचहरी गेट पर किया प्रदर्शन

दुद्धी सोनभद्र , समृद्धि न्यूज।

दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे कचहरी गेट पर अधिवक्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया।वक्ताओं ने कहा कि जनपद सोनभद्र दुद्धी क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है । यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित,औद्योगिक बहुल्य,आदिवासी बहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए। बता दे की लंबे समय से दुद्धी को जिला बनाने की मांग के परिपेक्ष्य में आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरजोर ढंग से उठाई जा रही है। शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है। कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे जिले बने हैं जो प्रस्तावित जिला दुद्धी से काफ़ी छोटे हैं चाहे वह जनसंख्या में हो या क्षेत्रफल में। दुद्धी को जिला नहीं बनाएँ जाने से यहां के आदिवासियों को जिला मुख्यालय आने जाने में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

इस मौके चेयरमैन प्रेमचंद यादव,छोटेलाल अग्रहरी,सत्यनारायण यादव, शिवशंकर प्रसाद,उदय लाल, अमरावती, रविंद्र यादव,आशीष कुमार गुप्ता, संतोष कुमार,अभिनाथ यादव, विष्णुकांत तिवारी,राकेश कुमार,अजय रतनेन्द्र जायसवाल, संजय यादव,श्रीचंद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

चेक बाउंस के मामले में लगाया अर्थदंड के साथ सुनाई सजा

- अर्थदंड ना देने की दशा में अभियुक्त के भू राजस्व से उक्त रकम की वसूली की जाएगी

दुद्धी सोनभद्र , समृद्धि न्यूज।

न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन दुद्धी मजिस्ट्रेट अरुण सिंह की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को अर्थदंड के साथ एक वर्ष की सजा सुनाया है ,अर्थदंड ना देने की दशा में यह राशि अभियुक्त की भू राजस्व से वसूल की जाएगी।

आदेश के मुताबिक अभियुक्त लवलेश कुमार को परिवाद संख्या 5456/2015 अंतर्गत 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हुए चेक की धनराशि 300000 (तीन लाख)रुपये इस पर 9 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से लगभग परिवाद प्रस्तुति 29/04/15 के निर्णय दिनांक 05/03/24 ,95 माह तक परिवाद के चलने के मुबलिक 213750 रुपये ब्याज चेक की धनराशि तीन लाख रुपये में जोड़ते हुए 513750/ रुपये के निर्धारित किया है न्यायालय ने दोनों पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं की दलील सुनने के उपरांत फैसला सुनाया है न्यायलय ने अभियुक्त को अर्थदंड के साथ 1 साल के साधारण कारावास से दंडित किया है ,अर्थदंड ना देने की दशा में अभियुक्त के भू राजस्व से उक्त रकम की वसूली की जाएगी।

बता दे कि स्थानीय क़स्बा निवासी राजेश मोहन पुत्र स्वर्गीय सीतेश मोहन ने तीन लाख रुपये के चेक बाउंस के मामले में स्थानीय न्यायलय में 2015 में परिवाद दर्ज कराया था , परिवादी का आरोप था कि विपक्षी लवलेश कुमार ने उनसे 3 लाख रुपये पैसे उधार लिए थे इसके बदले में उन्हें डेढ़ -डेढ़ लाख रुपये का चेक यह कह कर दिए थे कि इसे बैंक से निकाल लीजिएगा।

कार्यालय ग्रा0पं0 प्रहलादपुर संतोष वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:02/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 09/03/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रहलादपुर संतोष द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/03/2024 से 14/03/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/03/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	प्रेमचन्द्र के खेत से जगदीश के खेत तक मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य पुलिया सहित	4.47 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मनोरमा राजपूत) ग्रा0पं0 प्रहलादपुर संतोष, शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

सुलह समझौते के आधार पर 40,957 वादों का हुआ निस्तारण

- जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया आयोजन

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रभारी जनपद न्यायाधीश व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी लोकेश वरूण, प्रधान न्यायाधीश विनोद कुमार जायसवाल, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी शाहिद रजा, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अशोक कुमार प्रेमी, अपर जिला जज लवली जायसवाल द्वारा नवीन न्यायालय परिसर में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एमएसीटी न्यायालय में कुल पर 98 वाद संदर्भित किये गये जिनमें सुलह समझौते के आधार 82 वाद निस्तारित किये गये। इस दौरान परिवार न्यायालय में कुल 94 वाद संदर्भित किये गये। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 91 वाद निस्तारित किये गये। स्थायी लोक अदालत में कुल 15 वाद संदर्भित किये गये। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 03 वाद निस्तारित किय गये। सत्र न्यायालय स्तर पर कुल 290 वाद संदर्भित हुए। जिसमें से 226 वाद निस्तारित हुए, मजिस्ट्रेट न्यायालय स्तर पर 2660 कुल वाद सदर्भित हुये। जिसमें से कुल 1738 वाद निस्तारित हुये। इस प्रकार जनपद न्यायालय कन्नौज में निस्तारण हेतु कुल 3157 वाद सदर्भित किये गये थे, जिनमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 2140 वाद निस्तारित कर मूल्य 4,80,01,779 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त प्रशासन स्तर पर 57,622 कुल वाद संदर्भित किए गए थे। जिसमें से 38,808 वाद निस्तारित किये गये। जिनमें सुलह समझौते के आधार पर 8,4560253 रुपये का अकाउंट निस्तारित किये गये। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु कुल 60,804 वाद संदर्भित हुए। जिसमें से सुलह समझौते के आधार पर 40,957 वाद का निस्तारण कर मूल्य 13,25,77,632 रूपये आदेशित किय गये। राष्ट्रीय लोक अदाललत में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, ग्राम्य न्यायालय तिर्वा द्वारा भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त बार के अध्यक्ष एवं सचिव, बैंक एवं बीमा कम्पनियों के अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिवक्तागण, लीगल एडं डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक, न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया। कलेक्ट्रेट एवं तहसील स्तर पर भी लोक अदालत का आयोजन किया गया।

प्रदेश में तिर्वा तहसील को मिला 87वां स्थान

- मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण का मामला
- फरवरी माह में दर्ज हुई 286 शिकायतों में 275 का कर दिया निस्तारण

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

प्रदेश में जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण में सभी तहसीलों की समीक्षा के दौरान तिर्वा तहसील ने उपलब्धि हासिल की है। फरवरी माह में मुख्यमंत्री संदेभित 286 शिकायतों में 275 का निस्तारण किया गया। जिसके फल स्वरूप तहसील तिर्वा को यू.पी. में 87वां स्थान दिया गया। इस सफलता पर उपजिलाधिकारी ने तहसील कर्मियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री को आम जनता सरकार के पोर्टल पर अपनी शिकायतों को दर्ज कराकर न्याय की मांग करती है। तहसीलों में इन शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। जिसपर तिर्वा तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी माह में तिर्वा तहसील से मुख्यमंत्री पोर्टल पर 286 शिकायतों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 275 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ डीएम संदर्भित 973 शिकायतें भेजी गई। जिसमें 930 का निस्तारण कर दिया गया। जिसके फलस्वरूप में प्रदेश में तहसीलों के समीक्षा के दौरान तिर्वा तहसील को 87वां स्थान मिला है। 87वां स्थान मिलने पर तहसील कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। एसडीएम अशोक कुमार ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी। वहीं और अधिक मेहनत करने को लेकर प्रेरित किया।

जानकारी देते तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह

एसपी ने बीएसएफ के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा पुलिस लाइन सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मतदान को शांति पूर्ण वातावरण में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के संबंध में बीएसएफके अधिकारियों/कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमे निर्वाचन आयोग व शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों, निर्देशों से अवगत कराया।

खबरें चलते-चलते

औद्योगिक गलियारे के लिए ड्रोन से हुआ हवाई सर्वेक्षण

तिर्वा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निकट ठठिया थाना क्षेत्र के अलीपुर अहाना गांव में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक गलियारा के निर्माण को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके लिए जिला प्रशासन ने अलीपुर अहाना गांव में 1300 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया था। इसका सीमांकन भी जिला प्रशासन ने करा लिया है। शनिवार को उक्त चिन्हित भूमि का हवाई सर्वेक्षण तहसीलदार अवनीश कुमार ने ड्रोन के जरिए किया। तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि एक्सप्रेस-वे के निकट औद्योगिक गलियारा बनाने के प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए कई प्रदेशों के उद्योगपति इस क्षेत्र में अपने उद्योग लगाएगें। जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। प्रदेश सरकार इन उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए भूमि मुहैया करा रही है। इसके लिए 1300 किसानों की 144 हेक्टेयर जमीन चिन्हित हो चुकी है। जल्द ही किसानों से भूमि खरीदने के लिए बैनामे की प्रकिया शुरू होगी। भूमि का हवाई सर्वेक्षण कराने के लिए ड्रोन का उपयोग कर किया गया है। उन्होने चिन्हित भूमि के किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिन किसानों के नाम अधिगृहण की सूची में छूट गए है और उनके पास खतौनी है। ऐसे सभी किसान उनके कार्यालय में 12 मार्च तक अपनी आपत्ति दे सकते हैं।

कस्बा चौकी इंचार्ज प्रशांत गौतम लाइन हाजिर

तिर्वा। तिर्वा कोतवाली में तैनात कस्बा चौकी इंजार्च प्रशांत गौतम को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने शिकायतों के निस्तारण के मामले में लापरवाही बरतने पर उन्हे लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर कन्नौज में तैनात रहे शैलेन्द्र कुमार को तिर्वा कस्बा का चौकी इंजार्च बनाया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ.प्रियंका बाजपेई ने बताया कि कस्बा चौकी इंचार्ज प्रशांत गौतम को लेकर कस्बे के कुछ लोगों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही व भेदभाव बरतने का आरोप लगाया था। इस शिकायत पर एसपी ने मामले की जांच कराई थी। शिकायतों के सही पाए जाने पर उन्हे लाइन हाजिर कर दिया गया। विस्तृत जांच पड़ताल के लिए एसपी ने उन्हे जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होने बताया कि कन्नौज कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार को तिर्वा कस्बा चौकी प्रभारी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होगा

छिबरामऊ कन्नौज। इस बार ब्लॉक क्षेत्र के जोड़ों को विवाह करने के लिए कन्नौज तक की दौड़ लगानी पड़ेगीअधिकारियों के फरमान पर इस बार मुख्यमंत्री स्वामी विवाह समारोह कन्नौज के पीसीएस डिग्री कॉलेज में आयोजित करने की तैयारी हुई है। ब्लॉक क्षेत्र से आधा सैकड़ा लोगों का विवाह संपन्न कराया जाएगा मुख्यमंत्री स्वामी विवाह योजना के तहत इस बार विकासखंड क्षेत्र से आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे जांच के बाद 50 जोड़ो लोगों की सूची तैयार कराई गई थी सम्राट आयोजन होने की तिथि का इंतजार किया जा रहा हैकार्यक्रम की तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है लेकिन इस बार आवेदन करता को विवाह करने के लिए कन्नौज के पीसीएस डिग्री कॉलेज तक की दौड़ लगानी पड़ेगी ऐसे में ब्लाक अधिकारियों के साथ-साथ आवेदन करता हूं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा अलका की पहले लोगों सेउम्मीद थी कि हर बार की तरह इस बार भी विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम शहर में ही आयोजित हो लेकिन उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह उच्च अधिकारियों ने पानी फेर दिया

समाधान दिवस में छह शिकायतों में से दो हुई निस्तारित

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समय रहते निष्पक्ष ढंग से निस्तारित करने का कार्य करें। जिससे पीडितों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याएं सुनने के उपरांत प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कहीं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनसंपर्क के दौरान महिलाओं सहित बुजुर्गों को भी किया सम्मानित

छिबरामऊ कन्नौज

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान माल्यार्पण के साथ शाल ओढ़ाकर महिलाओं सहित बुजुर्गों को भी सम्मानित किया और कहा पीएम मोदी व सीएम योगी की योजनाओं से महिलाएं स्वावलंबी एवं सशक्त बना रही हैं। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत से कराए गए कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी गांव के बुजुर्गों से कराया।

ग्राम रमपुरा खोजीपुर, नगला मुरली, रसूलपुर, बिकूपुर आदि गांव में जनसंपर्क के दौरान प्रिया शाक्य ने कहा महिलाओं को स्वावलंबी व सशक्त बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। अबकी बार मोदी सरकार 400 पार का नारा देते हुए कहा प्रदेश सरकार ने लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किया है। विकास योजनाओं का लाभ हर गरीब वंचित दलित महिला नौजवान एवं अन्नदाता किसान को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। प्रदेश में बढ़ते औद्योगिकीकरण से युवाओं को रोजगार मिल रहा है। गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से उनके जीवन स्तर में सुधार आया है। सभी सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता को अपनाया गया। इससे भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगा और योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचा है। इस दौरान ग्राम रमपुरा खोजीपुर में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण गांव के बुजुर्ग राजीव कुमार शाक्य, भगवंतपुर के मजरा नगला मुरली में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण शिवनाथ सिंह यादव, ग्राम पलयौरा में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण गणेश मिश्रा, रसूलपुर में नाला का लोकार्पण रामप्यारी, बिकूपुर में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण देवेंद्र मिश्रा एवं नाला का लोकार्पण गांव के बुजुर्ग चंद्रपाल ने किया।

पोलिंग बूथों पर पहुंचकर बीएलओ ने बनाए वोट

समधन, समृद्धि न्यूज़

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोरों पर है। इसी के मद्देनजर सभी पोलिंग बूथों पर बीएलओ ने पहुंचकर नए मतदाताओं जिनकी उम्र वर्ष 2024 में 18 वर्ष हो गई है। इसके अलावा जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है। उनके वोट लिस्ट से काटने संबंधी व वोटर लिस्ट में मतदाताओं के नाम, पता, फोटो में गड़बड़ी आदि कार्य को निपटने का कार्य किया गया। शनिवार को समधन नगर के प्राथमिक विद्यालय में पोलिंग बूथ पर चार बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें बूथ संख्या 409 पर हनीफ अली, बूथ संख्या 410 पर सतीश चंद्र, बूथ संख्या 411 पर आदित्य कुमार बूथ संख्या 412 पर सोएब हसन अली की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें बूथ संख्या 410 के सतीश चंद्र ड्यूटी पर अनुपस्थित रहे। इसके अलावा समधन में कई बूथों पर बीएलओ अनुपस्थित रहे जिससे कार्य बाधित रहा।

एक बार फिर मुस्लिम प्रत्याशी लगा सकती है बसपा

- जनपद कन्नौज को बसपा सरकार में ही जनपद बनाया गया

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

संसदीय क्षेत्र में बसपा एक बार फिर मुस्लिम प्रत्याशी लड़ने का मन बना रही है लेकिन2000 के उपचुनाव में बसपा का मुस्लिम प्रत्याशी लड़ने का दाम सफल नहीं रहा था और अखिलेश यादव के सामने प्रदेश के गद्दार पर मुस्लिम नेता अखबार अहमद डंपी को हरा सामना करना पड़ा सबसे दिलचस्प बात यह है कि बसपा में कन्नौज को जिला बनाने की सौगात लेकिन ना तो कन्नौज से किसी विधानसभा से बसपा का कोई विधायक बना ना ही कोई सांसद बना ऐसे में बसपा की कन्नौज में कोई वजूद नहीं है जनपद बनाने में बसपा की एम भूमिका रही बसपा ने कन्नौज को अपना गढ़ नहीं बना सकी जब-जब चुनाव आता है तो बसपा विधायक से लेकर सांसद तक का अपने प्रत्याशी उतरते लेकिन छिबरामऊ विधानसभा से दो नंबर पर बसपा का प्रत्याशी रहता है जीत किसी की हो मगर बसपा दो नंबर पर बनी रहती है बसपा ने अपने मजबूती से जमीनी स्तर से कोई वजूद नहीं बनाया हवा हवाई में है बसपा उड़ती रहती है जब चुनाव आते हैं तब बसपा का प्रत्याशी व कार्यकर्ता कुछ दिनों के लिए दिखाई दिए देते हैं इससे पहले कोई भी किसी की दुख दर्द में बसपा का कोई कार्यकर्ता किसी के घर ना आना-जाना नहीं है जब बसपा चुनाव के टाइम अपने प्रत्याशी घोषित करते हैं तभी तक झंडा बैनर पदाधिकारी दिखाई देते हैं चुनाव जाते ही सब कुछ गायब हो जाता है बसपा का ऐसी स्थिति में बसपा कोई भी प्रत्याशी किसी जात का ले कामयाबी होते हुए नहीं दिखाई देती है क्योंकि जमीनी स्तर पर कोई भी बसपा का नेता काम करने को तैयार नहीं होता है ना किसी के दुख दर्द में बसपा का कोई प्रत्याशी या कार्यकर्ता नहीं मिलता है कभी-कभी चुनाव में बसपा को बस्ता लगाने वाले भी नहीं मिलते हैं किसी किसी पोलिंग भूतों पर एजेंट देखने को नहीं मिलते हैं की कोई भी बसपा का यहां एजेंट है ऐसी स्थिति में बसपा प्रत्याशी कैसे कामयाब हो सकता है।

संसद से शिकायत पर नगर पालिका को अपना ही आदेश लेना पड़ा वापस

छिबरामऊ कन्नौज। नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंगके तहत करीब चार दर्जन नल को वाइब्रेटर अपनी सेवाएं दे रहे थे लोगों के मुताबिक 2 दिन पहले उनमें से करीब 31 नल को वाइब्रेटर को फोन पर सूचना देकर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईऔर तत्काल प्रभाव से नए लोगों को उनके स्थान पर ड्यूटी पर लगा दिया गया था। नगरपालिका के इस नरेंद्र से पुरानी हवेलियों और उनके परिजनों में जाखल वाली मच गई थी अभी मैं लगाया गया में किसी का माहौल था लेकिन उनकी यह खुशियां दो दिन भी नहीं कायम हो सकी बताते हैं कि पुराने हटाए गए ऑपरेटर गुरुवार को कन्नौज सांसदभाजपा सुब्रत पाठक से मिले और उन्हें अपनी समस्या बताई।

पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

- क्रिटिकल व बर्नेवल बूथों का किया भौतिक सत्यापन दिये निर्देश

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

आगामी लोकसभा चुनाव में अराजक तत्वों की अनदेखी घातक साबित न हो इसलिये पुलिस अधीक्षक नें प्रभारी निरीक्षक के साथ नगर व क्षेत्र के क्रिटिकल व बर्नेबल बूथों का निरीक्षण करनें के उपरान्त कहा कि पुलिस पूर्व में चुनाव के दौरान हुई गतिविधियों के आधार पर सभी मतदान केन्द्रों व बूथों का व्योरा तैयार कर उसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपे।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द नें प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के साथ प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, नया पंचायत घर, आंगनबाडी केन्द्र डुडबा बुजुर्ग, प्राथमिक विद्यालय मिरगावां, भुडहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पनगवां व पल्टेपुर्वा, प्राथमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम सौंसरापुर में बर्नेवल व क्रिटीकल मतदान केन्दों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें बताया कि कोतवाली क्षेत्र में कुल 153 मतदान केन्द्र व 287 बूथ बनायें गये हैं। जिसमें से 27 बर्नेवल हैं।

मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते एसपी व अन्य

सीओ के दुर्व्यवहार से नाराज किसानों ने जिलाध्यक्ष का किया घेराव

- 11 मार्च को होगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन: शमीम

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

जिलाध्यक्ष से मामले की शिकायत करते किसान

सदर क्षेत्राधिकारी द्वारा भाकियू टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार का मामला उस समय सुर्खियों में आ गया जब नाराज कार्यकर्ताओं ने अपने ही जिलाध्यक्ष का न सिर्फघेराव कर लिया बल्कि पूरे मामले की जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को ट्वीट कर दी।

बीती शाम इस्माइलपुर स्थित जिला कार्यालय पर दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे जिला उपाध्यक्ष जीतू यादव एवं कन्नौज तहसील अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी को घेरकर नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि वह एक निजी मामले को लेकर सीओ सदर के पास न्याय व्यवस्था के लिए गए थे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सीओ सदर ने उनकी बात नहीं सुनी बल्कि उन्हें डांट कर कार्यालय से भगा दिया। इस संबंध में भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वह अपना रवैया सुधार लें उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित किया जा चुका है 11.03. 2024 दिन सोमवार को जिला मुख्यालय पर ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरा भरोसा दिलाते हुए कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अधिकारों की लड़ाई अंत तक लड़ी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद तिवारी, इरशाद अली, उपेंद्र सिंह राजपूत, राहुल कुमार गौतम, मो. शहराज, गुफ्रान सिद्दीकी, मुईन अहमद, सुरेश यादव, ठाकुर महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस | तालग्राम थाना में आयोजित हुआ समाधान दिवस

थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी जन समस्याएं

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना तालग्राम पहुंचकर थाना दिवस पर आये जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकरियों को दिये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुवायना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण क्षेत्र से आने वाली जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें तथा उनसे अच्छा व्यवहार बरतें। इस दौरान नायब तहसीलदार छिबरामऊ भरत, प्रभारी निरीक्षक थाना तालग्राम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ब्लॉकों में हुआ नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में कन्नौज के समस्त ब्लॉकों में नारी शक्ति फिटनेस रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी ब्लॉकों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया, साथ ही स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरुकता गोष्ठी एवं शपथ का भी आयोजन कराया गया। ब्लॉक कन्नौज में मुख्य अतिथि कन्नौज महिला थाना प्रभारी रंजना पांडे रहीं। ब्लॉक छिबरामऊ में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल उपस्थित रहे, जहां प्रतियोगिता में अपर्णा कुमारी ने प्रथम स्थान व काजल राजपूत ने द्वितीय स्थान और रश्मि राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तालग्राम में जिला पंचायत सदस्य इतेंद्र राजपूत ने प्रतिभागियों से परिचय कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां पारुल यादव प्रथम, काजल यादव द्वितीय और दिव्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत: 284017 मामलों का निस्तारण कर 70068721 रुपये की हुई वसूली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश निर्देशन में जिला न्यायालय से तहसील न्यायालयों तक शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य तथा अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अध्यक्ष बार एसोसिएशन जवाहर सिंह गंगवार एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगणों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। प्रभारी अध्यक्ष/प्रभारी जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में प्रातः 10.30 बजे से सांयकाल तक राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक

प्रभारी जिला जज व प्रधान न्यायाधीश ने फीता काटकर किया शुभारंभ

विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर सम्बन्धित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह सन्धि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 45 बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को निस्तारित कर 2,46,23,500/- रुपये की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी। 84324 विद्युत बिल सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया गया। अशोक कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय एवं अन्जू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश द्वारा कुल 32 पारिवारिक/वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 05 पति पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा

लोक अदालत का शुभारंभ करते प्रभारी जिला जज व प्रधान न्यायाधीश आदि — समृद्धि न्यूज

किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 63 वादों का निस्तारण कर 1,35,78,000/- धनराशि प्राप्त करायी गयी। नरेश कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता द्वारा अपने न्यायालय से 8 मामले निस्तारण कर रूपया 7,60,425/- की धनराशि एवार्ड की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में

लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज, प्रधान न्यायाधीश व बार एशो0 अध्यक्ष आदि — समृद्धि न्यूज

जनपद के विभिन्न न्यायालयों/ विभागों/ कार्यालयों द्वार अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किये गये। कुल लम्बित 47 मामलों में से 3728 तथा प्री लिटिगेशनन के 281691 मामलों में से 280289 मामले निस्तारित किये गये हैं। इस प्रकार कुल 285808 मामलों में से 284017 मामलों का निस्तारण कर कुल 70068721/- रुपया धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों एवं अधिकारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर सहयोग देने वाले अधिकारीगण में महेन्द्र सिंह, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट/कृषि न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत कृष्ण कुमार विशेष न्यायाधीश डकैती, शैली राय विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट, अंकित कुमार मित्तल अपर जिला जज, नरेन्द्र प्रकाश अपर जिला जज, सुमित प्रेमी विशेष न्यायाधीश पाक्सो, अन्जू कम्बोज अपर प्रधान न्यायाधीश, संदीप तिवारी अपर जिला जज त्वरित न्यायालय प्रथम, घनश्याम शुक्ला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रीतिमाला चतुर्वेदी सिविल जज व0प्र0, ज्ञानेन्द्र कुमार प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीयूष भारती अपर सिविल जज व0प्र0 08, प्रियंका गाँधी सिविल जज व0प्र0/एफ0टी0सी0, शाम्भवी द्वितीय सिविल जज अ0प्र0 सिटी, साक्षी मिश्रा जे0एम0 सदर, विजय रतन गौतम न्यायाधीश ग्राम न्यायालय अमृतपुर, यथार्थ विकम सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, माला कुमारी सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, बलवीर सिंह यादव विशेष जे0एम0, राम सिंह मौर्या लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोर्ट मैनेजर व विभिन्न न्यायालयों, बैंकों व विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, परा विधिक स्वयंसेवकगण एवं वादकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल कार्यकम के समापन पर विष्णु चन्द्र वैश्य जनपद न्यायाधीश एवं संजय कुमार सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक प्राधिकरण फर्रुखाबाद द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में हुआ फ्लैग मार्च

कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजकतत्वों को चेताया

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। आगामी लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है और तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए शमशाबाद थाना पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशानुसार शनिवार को थानाध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के जवानों ने कस्बे में पैदल मार्च कर जहां एक ओर आम लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था से खिलबाड़ करने वाले अराजकतत्वों को भी चेताया। थानाध्यक्ष शमशाबाद बलराज भाटी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स द्वारा शमशाबाद थाने से फ्लैग मार्च आरंभ हुआ। जो नगर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करता हुआ आगे बढ़ा। नगर में स्थित थाना चौराहे से आरंभ होने वाले

पुलिस फोर्स के साथ फ्लैगमार्च करते थानाध्यक्ष बलराज भाटी — समृद्धि न्यूज

फ्लैगमार्च को नगर के मोहल्ला मीरा दरवाजा, इमली दरवाजा, बाजार कला, मोहल्ला गढ़ी, बाजार मंडी सहित तमाम मोहल्ले की गलियों में फ्लैग मार्च हुआ। जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर थाना चौराहे पर समापन हुआ। हालांकि लोकसभा चुनाव की तैयारियो के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए शमसाबाद थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान जहां एक ओर आम लोगों से संपर्क स्थापित कर समस्याओं को पूछा गया, वहीं दूसरी ओर अराजकतत्वों को भी कड़ा संदेश दिया गया। संदेश में शायद यहीं अर्थ था कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। अराजकत तत्वों की जगह जेल की सलाखों में है।

पटरी क्रॉस करते समय मालगाड़ी से कटकर वृद्धा की मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। पटरी क्रॉस करते समय मालगाड़ी से कटकर वृद्धा की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम किन्दर नगला त्योरखास निवासी रेवती उर्फ राधा उम्र 70 वर्षीय पत्नी जंगबहादुर बीते दो दिन पूर्व अपनी नातिन कोमल के यहाँ गुरसहायगंज कन्नौज गई हुई थी। वहाँ से शनिवार को रेवती उर्फ राधा अपने दिहौता पंकज पुत्र गुड्डू को साथ लेकर पैसेन्जर ट्रेन द्वारा वापस लौटकर आ रही थी। जैस ही ट्रेन कायमगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर रुकी, रेवती व पंकज ट्रेन से उतर गये। पंकज रेलवे स्टेशन पर रुक गया। रेवती ट्रैक पार कर रही थी। उसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से मालगाड़ी आ गयी और

मृतका की फाइल फोटो

वह उसकी चपेट में आ गयी। जिससे कटकर उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जीआरपी चौकी इन्चार्ज रामकेश ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही वृद्धा के तीन बेटे राजीव, सुधीर, सुशील सहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खबरें चलते-चलते

विजिट में बच्चों ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत विजिट का आयोजन किया गया। ओम प्रकाश पाल खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंजद्ध द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। विजिट में बच्चों को संकिसा के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण में बच्चों को महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक कहानियों को बताया गया। बच्चे उनके जीवन से जुड़े हुए पहलुओं के चित्रों को देखकर काफी उत्साहित हुए। आज के शैक्षिक भ्रमण में कायमगंज ब्लॉक के 100 छात्र तथा 20 अध्यापक शामिल हुए। अंकोरवाट मंदिर में बच्चों को शांति तथा ध्यान मुद्रा के बारे में बताया गया। आज की विजिट में कंगन ब्लॉक कायमगंज की टीम, एआरपी अश्विनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, चंद्रकांत दुबे, वसीम उद्दीन खान, उदय यादव, अमीर सिंह, रहवर हुसैन, सुनील कुमार, आकांक्षा, जितेंद्र, अभिषेक, बृजेश आदि अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

अंकोरवाट मंदिर में मौजूद बच्चे

जमीन से कब्जा छोड़ने के लिए थाना दिवस में दिया प्रार्थना पत्र

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरोली निवासी अमर सिंह पुत्र लंकुश राम यादव ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया मेरी गांव के किनारे सड़क के पास जमीन है। जिस जमीन पर रोहिल्ला निवासी पंकज पुत्र रामदास जबरिया कब्जा किए हुए हैं। जब उनसे अपनी जमीन छोड़ने को कहता हूं, तो गाली-गलौज और मारपीट पर अमादा हो जाते हैं। कई बार उनसे कहा मेरी जगह छोड़ दो। इस सबंध में सूचना थाना पुलिस को भी कई बार दे चुका हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए थाना दिवस में लिखित सूचना दे रहा हूं।

विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने का विरोध करने पर पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम नवादा निवासी जयचंद पुत्र लटूरी सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया 9 मार्च को समय करीब प्रातः 8.00 बजे अपने घर के पास पड़ी विवादित खाली जगह में गांव का ही धर्मेंद्र कठेरिया निर्माण कार्य करवा रहा था। उसी समय गांव के सुखवासीलाल बाथम पुत्र दुलारे लाल, जयचंद पुत्र लटूरी लाल वहां पर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करने को कहा। साथ ही कहा यह विवादित जगह है। हमारे आपके बीच में विवाद खत्म हो जाए इसके बाद निर्माण कार्य करना, लेकिन दबंग कठेरिया समाज के लोगों ने बाथम समाज के लोगों को जमकर मारापीटा। जिससे जयचंद के काफी चोटें आई। उसे नवाबगंज थाने लाया गया। यहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक इलाज चल रहा था। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

महिला लापता, पुलिस को दी तहरीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना अंतर्गत ग्राम मंझना निवासी सरदार पुत्र भगवान दास जाटव ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया दिनांक 5 मार्च 2024 को समय लगभग दोपहर 2.00 बजे मेरी पत्नी दीपाली उम्र लगभग 40 वर्ष बिना बताए घर से चली गई। देर शाम तक दीपाली जब वापस नहीं आई तो पीड़ित ने आसपास रिश्तेदारियों में फोन करके जानकारी की, लेकिन पत्नी दीपाली का अभी तक कोई अतापता नहीं चल सका है। उसकी पत्नी दीपाली पीले रंग का सूट पहने हैं। पैरों में सैंडल, एक बैग जिसमें पहनने के कपड़े भी है।

सीओ ने थाना दिवस में सुनीं समस्यायें

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से फरियादी अपनी-अपनी समस्यायें लेकर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ने सभी की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार ने की। जिसमें दूरदराज से आये ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्यायें सीओ के समक्ष रखी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरैनामऊ निवासी बृजपाल पुत्र पुत्तूलाल ने थाना दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा है कि मैंने दिनाक 2 मार्च को शिकायत की थी परंतु आरोपी अखलेश, सुरेश उर्फ सर्वेश तथा रिंकू, पिन्टू पुत्रगण विष्णूकान्त के विरुद्ध

थाना दिवस में समस्यायें सुनते क्षेत्राधिकारी व मौजूद कोतवाली प्रभारी आदि

अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। आज उन्होंने फिर से क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। इस पर क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी से जल्द कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही क्षेत्राधिकारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करें। थाना दिवस के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कस्वा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, कानूनगो जगदीश कुमार, लेखपाल सहित आदि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

कंपिल, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। स्वजनों ने महिला की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी अकील राजमिस्त्री का कार्य करता है। शनिवार सुबह वह काम करने घर से बाहर गया था। घर पर उसकी 19 वर्षीय पत्नी आसमा अकेली थी। सुबह करीब 10 बजे घर के आसपास खेल रहे बच्चों ने आसमा का शव घर के आंगन में कुंडे के सहारे दुपट्टे से लटका देखा, तो उनकी चीख निकल गयी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। मोहल्ले वालों ने घटना की सूचना अकील व

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

पुलिस को दी। सीओ सतेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। कुछ समय बाद बेटी की ससुराल पहुंचे कोतवाली कायमगंज के गांव रायपुर निवासी पिता इसरार ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि बेटी की शादी दो वर्ष पूर्व की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता मिला छात्रा का शव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध हालत में छात्रा का शव फांसी पर झूलता मिला। सूचना पर पंहुची पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दारापुर निवासी राजबहादुर ई-रिक्शा चालक हैं। उसकी 18 वर्षीय पुत्री साक्षी पंडित दीनदयाल उपाध्यय इंटर कालेज निबिया की छात्रा थी। शनिवार को दोपहर लगभग दो बजे घर के दो मंजिल पर बने कमरे में उसका शव फांसी पर झूलता हुआ मिला। ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 के साथ ही थानाध्यक्ष मोहम्मद कामिल आदि फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे और शव को कब्जे में ले लिया। मृतका की माँ नीतू आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

परिजन कथा सुनते रहे, चोरों ने साफ कर दिया घर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

बीती रात घर में ताला डालकर गांव में हो रही कथा सुनने गये परिजन जब वापस आये, तो उन्हें घर का ताला टूटा मिला तथा घर का सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों ने पुलिस को घर में चोरी होने की तहरीर दी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी अंकित पुत्र गोरेलाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती रात 8.00 बजे अपने पूरे परिवार के साथ गांव में हो रही श्रीमद् भागवत कथा का सुनने गये थे। इस दौरान घर में ताला डाल दिया था। जब परिजन रात में कथा सुनकर लौटकर आये, तो घर ताला टूटा पड़ा था तथा सभी सामान अस्त व्यस्त पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि उनके जाने के बाद परिजनों ने रात में किसी पहर घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने बताया कि चोर जेवरात एक हार, एक जंजीर, दो लेडीज अंगूठी, एक ब्रजमाला, एक जोड़ी झुमकी, एक

गुमशुम बैठे परिजन — समृद्धि न्यूज

पेंडल, एक बेसर, एक नाक की बाली तथा चांदी की तोड़ियां तथा 40000 रुपये नगद बक्से में रखे थे, उनको भी चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने रात में पहुंचकर जांच पड़ताल की। सुबह पीड़ित ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर घटनास्थल को दिखाया तथा सुबह दोबारा पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद पीड़ित को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित ने मामले की थाने में कोई लिखापढ़ी नहीं की थी।

थाना दिवस — अधीनस्थ से तलब की फाइल, थाने के भवन को कस्बा चौकी बनाया जायेगा

थाना दिवस में पहुंचे डीएम व एसपी ने जर्जर थाने का किया निरीक्षण

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व एसपी विकास कुमार ने थाना दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने नवीन थाना निर्माण की कार्यवाही की भी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शनिवार को थाना दिवस में पहुंचे तथा थाने के जर्जर भवन को देखा। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि अभिलेखों में वर्तमान थाने में 97 डिस्मिल भूमि है, लेकिन मौके काफी कम है। थाना प्रभारी राजेश राय ने डीएम, एसपी को बताया कि ग्राम देवरान गढ़िया में जमीन थाने के लिए देखी गयी। लगभग 6 महीने गुजर जाने के बाद भी अभी तक फाइल का पता नहीं। जिस पर जिलाधिकारी ने अपने अधीनस्थों से फाइल तलब की। थाने के भवन को कस्बा चौकी बनाया

थाना दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

जायेगा। समाधान दिवस में कुल पांच प्रार्थना पत्र आये। जिसमें ग्राम मितपुरा निवासी रामजीवन ने पूर्व प्रधान हरिश्चन्द्र की शिकायत कर बताया की वह उसकी भूमि पर कब्जा किये हैं। एसपी ने मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह ने बताया कि भूमि विवादों में कई मामले न्यायालय से सम्बन्धित होते हैं जिससे उनका निस्तारण नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि लेखपालों को निर्देश दिये गये हैं कि वह भूमि के जो विवाद न्यायालय से निस्तारण योग्य हों उन्हें न्यायालय में भी जाने को कहें। जिससे फरियादी का समय खराब नहीं हो।

एक खास समुदाय के बीच भाजपा दूरियां पैदा कर रही है: मो. रिजवान

सपा अल्पसंख्यक सभा की नगर कमेटी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नगर अल्पसंख्यक सभा की कमेटी घोषित की गई। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव प्रभारी मो0 रिजवान अहमद ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली और चुनाव को लेकर पेंच कसें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाजपा एक खास समुदाय के बीच दूरियां पैदा कर रही है। यह देश के भाईचारे के लिए शुभ संकेत नहीं है। सपा के साथ मुस्लिम समाज हर तरह से खड़ा है। हमें अपने समाज में घर-घर जाकर सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव हाजी वासिफ हुसैन, इलियास मंसूरी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा साजिद अली, मुजाहिद अंसारी, फैजान खान, रिजवान अहमद, नाजिम फारूखी, कमल हसन, यूसुफ अली, असलम शेख, इमरान अली, नसरुद्दीन मंसूरी, मुबीन खान, अखिल कठेरिया, रोशन खान आदि मौजूद रहे। साथ ही अल्पसंख्यक सभा की नगर कमेटी भी घोषित की गई और पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नगर अध्यक्ष कमल हसन मिरासी ने अपनी कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहनवाज, उपाध्यक्ष छोटे, नईम, मोहसिन, निसार को बनाया है। महासचिव अनू, कोषाध्यक्ष जाउल हक, सचिव महताब अली, तौफीक, शादाब, हनीफ अंसारी, युसूफ अंसारी, चांद अंसारी, शाकिर सिद्दीकी को बनाया है। सदस्य रहीश अंसारी, अनस अंसारी, जावेद कुरैसी, इसरार, काशिम, मोहसीन अंसारी बनाये गये है।

पार्टी कार्यालय पर मौजूद अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान ने किया मातृशक्ति को सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। संस्थान की छात्रा प्रिया मिश्रा ने नारी के विषय में बोलते हुए कहा कि आज की नारी अबला नहीं सबला है और वह जो मन में ठान लेती है वह करके दिखाती है। संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बोलते हुए कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की महिती भूमिका है। जिस क्षेत्र में महिला कार्य करती है वह पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करती है एवं सफलता प्राप्त करती है। आज की नारी किसी से भी कम नहीं है। हम सभी को नारी की शक्ति को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए, तभी हमारा देश भारत विश्व गुरु बनेगा। क्योंकि हमारे यहां कहा भी गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमयन्ते तत्र देवता जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं। इस अवसर पर शिल्पी सक्सेना, सुपर्णा मिश्रा, पूर्णिमा दीक्षित को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ईशु, तुलसी, एलेना, अभय, निखिल, अभी, शैलेन्द्र मिश्रा, सोनेलाल आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं को सम्मानित करते सुरेन्द्र पाण्डेय — समृद्धि न्यूज

खबरें एक नजर में

अश्नील दिवाकर ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बांटे पत्रक

मोहल्ला शीशमबाग में पत्रक बांटते अश्नील दिवाकर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने फतेहगढ़ मण्डल के बूथ संख्या 117, 118, 119, 120 व 122 में लाभार्थियों को पत्रक बांटे। केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए लाभार्थी जन सम्पर्क महा योजना के तहत लाभार्थियों से मुलाकात की और उनका डाटा सरल एप में अपडेट किया। लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत 110 पात्रों को इस अभियान से जोड़ते हुए उन्हें पत्रक बांटे। अश्नील दिवाकर ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीटे जीतेंगी। एक-एक कार्यकर्ता ने वोट डालने का मन बना लिया है। बीते दिन मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर में 100 रुपये की कटौती कर उपहार दिया है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान है। महिलायें सशक्त हो रही है। 70 साल से लोग अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे थे। 10 साल में भाजपा ने वो सब करके दिखाया है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केडी बालिका डिग्री कालेज में प्राचार्या ने महिला दिवस मनाने के उद्देश्य पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राचार्या व छात्रायें आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कृष्णा देवी बालिका डिग्री पी0जी0 कॉलेज लोहियापुर आवास विकास फर्रुखाबाद में विश्व महिला दिवस महाविद्यालय की प्राचार्या एवं प्रशासनिक अधिकारी के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति में मनाया गया। महाविद्यालय की छात्राओ को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने विश्व महिला दिवस को मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओ को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं दुनिया की आधी आबादी का हिस्सा हैं। वे किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। समाज की प्रगति में जितना बड़ा योगदान पुरुषों का है उतना ही महिलाओं का भी है, लेकिन फिर भी तमाम जगहों पर आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर और सम्मान नहीं मिल पाता। आज भी बराबरी के हक के लिए उन्हें कई मोर्चों पर लड़ना पड़ता है। इस दिन महिलाओ को समाज में समानता का अधिकार दिलवाना है, ताकि वे अपने हक के लिए जागरुक बनें। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी एवं समस्त स्टाफ ने भी छात्राओ को जागरुक करने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

कड़ी मेहनत ही व्यापार की सफलता का मंत्र : जमालुद्दीन

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पूर्व की सपा सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों एवं उन्नति के लिए कई प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन कर उनके व्यापार को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया था। वर्तमान की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जनमानस त्रस्त हो गया है। जिसका जवाब जनता आगामी लोकसभा चुनाव में देगी। यह बात शनिवार को पूर्व सपा विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने पश्चिमी बाईपास स्थित हिंदुस्तान फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स हाउस प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कही। कहा कि व्यापार को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत एवं मृदुभाषी होना बेहद जरूरी है। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक हाजी निसार अहमद ने पुर्व विधायक का फूलमालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान विनोद गुप्ता, पूर्व सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस, मेहंदी हसन, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नेहरू युवा केंद्र के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीएसबीडी पब्लिक स्कूल पांचाल घाट पर दौड़ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में खेल के प्रति छात्राओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता स्वयं सेविका रचना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि शिवम मिश्रा ने पुरस्कार पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। सेवा पांचाल नगरी संस्थापक राहुल वर्मा ने कहा है कि खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है। प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर अनुराग सोमवंशी, निर्भर मिश्रा, शिवम मिश्रा, आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, मधु पाल, संध्या आदि मौजूद रहे। रचना ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें व मौजूद अन्य लोग

ममता जाटव ने अपना दल छोड़ सपा की ली सदस्यता

सपा की सदस्यता ग्रहण करती ममता जाटव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने विधानसभा अध्यक्ष सोमेंद्र यादव की विधान सभा कमेटी में अपना दल की विधानसभा अध्यक्ष ममता जाटव को समाजवादी पार्टी में सदस्यता ग्रहण कराते हुए विधान सभा कायमगंज का उपाध्यक्ष बनाया। विधानसभा कायमगंज के पूर्व प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम, वीकेश यादव विधानसभा उपाध्यक्ष, करण माथुर, धर्मेंद्र यादव, राजीव यादव प्रधान, राजपाल यादव सहित समाजवादी साथी मौजूद रहे।

प्रकाशन को ग्रामीणों के समक्ष पढ़ी गई मतदाता सूची

मतदाता सूची निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वीप कोआर्डिनेटर व बीएलओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अमलैया आशानंद ब्लाक शमशाबाद में बूथ लेबल अधिकारी सुदामा देवी, गदनपुर बीएलओ समीर कुमार द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन हेतु पढ़कर सुनाई गयी। स्वीप टीम प्रभारी स्काउट मास्टर राजकुमार ने बूथों पर जाकर मतदाता सूची को बीएलओ से पढ़वाया। ग्रामीणों की सहमति से सूची का अवलोकन किया। शासनादेश के निर्देशानुसार मतदाता सूची का प्रकाशन दो दिवसों में किया जायेगा। 9 व 10 मार्च को यह तिथियां शासन द्वारा निश्चित की गई है। इस असवर पर ग्राम प्रधान कमलेश गंगवार, प्रमोद गंगवार, निशा, सरला, रन्नो देवी, रेखा देवी, पिंकी, कुंती देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी मौजूद रही। साथ ही स्काउट मास्टर राजकुमार ने सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी।

दिव्यांगों के जीवन में मोदी ने आशा का संचार भरा: ओमप्रकाश श्रीवास्तव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के अंतर्गत दिव्यांग जनों का जन सम्मेलन का आयोजन हुआ। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में संबोधन दिया एवं विशिष्ट अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय दिव्यांग प्रकोष्ठ सहसंयोजक डॉ0 अनुपमा जैन ने दिव्यांग जनों को सम्मानित किया। संचालन दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशीष दुबे उर्फ छोटू ने किया।

ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा मानव शरीर का कोई अंग अगर भंग हो जाता है तो उसकी सबसे बड़ी पीड़ा दिव्यांग ही समझ सकता है। दिव्यांग को सामाजिक स्तर पर अलग समझने वालों को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है, वह दिव्यांग जो निराशा का जीवन व्यतीत कर रहे थे। उनके जीवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आशा का संचार किया है। एकात्म मानवतावाद के विचारों पर चल रही भाजपा सरकार ने दिव्यांगों के कल्याण करने का कार्य किया दिव्यांग जनों के लिए 500 की सहायता राशि को बढ़ाकर 1000 करने का कार्य किया गया। हर सरकारी व्यवस्थाओं में दिव्यांगों को विशेष सुविधा दिलाई गई। दिव्यांग जनों के विवाह के लिए प्रत्येक दिव्यांग जोड़े को 35000 रुपए की धनराशि दी जा रही है।

विशिष्ट अतिथि डॉ0 अनुपमा जैन ने कहा केंद्र सरकार की साफ नीति और नियत के कारण दिव्यांग जनों को सम्मान से जीने का हक मिला। दिव्यांगजन अपनी इच्छा शक्ति से परिवार चलाने का सामर्थ रखता है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग जन को दिव्यांग नाम दिया। उनकी सभी श्रेणियां के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न संस्थाओं का गठन किया। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को पारित किया गया। दिव्यांगजन कहीं भी निःशुल्क बस यात्रा कर सकते हैं। अभिषेक त्रिवेदी ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते ओमप्रकाश श्रीवास्तव

स्वयं सेवकों ने साइबर सुरक्षा व नशा मुक्ति के लिए लोगों को किया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुर्गा नारायन महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर के छठवें दिवस का शुभारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। स्वयं सेवकों द्वारा स्लोगन लिखी पट्टिकाओं को लेकर गोद लिये गये ग्वालटोली में साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति से संबंधित जन जागरुकता रैली निकाली गई। रैली ग्वालटोली होते हुए आसपास के लोगों को नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही स्वयं सेवकों ने गलियों में घूमकर सर्वेक्षण किया। द्वितीय सत्र का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि सहायक उप शिक्षा निदेशक डा0 अनुपम अवस्थी व विशिष्ठ अतिथि डा0 श्वेता सिंह एवं डा0 सतेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। संचालन डा0 एचएसएन गुप्ता व प्रभारी डा0 प्रज्ञा सिंह ने किया। डा0 अनुपम अवस्थी ने नशा मुक्ति व साइबर क्राइम के बारे में स्वयं सेवकों को अवगत कराया। नशा मुक्ति अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम नारायन वर्मा, द्वितीय मानसी भदौरिया, तृतीय स्थान पर ओजस्वी सिंह रही। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जागरुक किया। एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 पंचम कुमार, डा0 मो0 अमीन, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

हाथों में पट्टिका लेकर जागरुकता रैली में भाग लेते स्वयं सेवक — समृद्धि न्यूज

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की संगोष्ठी 12 मार्च को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ एवं शिक्षण संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद हेतु लोकसभा शिक्षक सम्मेलन संकल्प पत्र संगोष्ठी एवं सुझाव हेतु 12 मार्च को बघार स्थित मेडिकल कालेज में संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा व विशिष्ठ अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल होंगे। मुख्य वक्ता डा0 दिवाकर मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। संगोष्ठी के संयोजक डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि 2024 में मोदी सरकार पुनः बनेगी। इस संकल्प पत्र के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तीसरी बात सरकार बनने के लिए बैठक में जानकारी दी जायेगी। शिक्षक संस्थानों के लोग भाग लेंगे।

बीवीडीसी में रोजगार मेला 12 मार्च को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर द्वारा आयोजित रोजगार मेला 12 मार्च को बद्री विशाल महाविद्यालय में होगा। जानकारी देते हुए प्राचार्य डा0 सीडी यादव ने बताया कि रोजगार हेतु सभी विद्यार्थी अपना ऑन लाइन पंजीकरण करें और 12 मार्च को प्रातः 10 बजे विद्यालय पहुंचकर रोजगार मेले में भाग लें।

प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर प्रथम नेशनल अवार्ड में पहुंचे जनपद के दो युवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में देशभर के अल-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स को नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड कहानी सुनाने, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा और गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। जनपद के पत्रकार अमर साइमन व पत्रकार पंकज प्रकाश को भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में फर्स्ट नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड में आमन्त्रित किया गया। जिसमें जिले के दोनों युवाओं ने जनपद का जनपद का नेतृत्व कर जिले का नाम रोशन किया। जिले के दोनों युवाओं को रेल मंत्रालय द्वारा दोनों को भारत मंडलम में बुलाया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर से आए युवा डिजिटल क्रिएटर का अभिवादन कर उनको अपने-अपने क्षेत्र में कर रहे काम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सभी के कार्यों की प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य की कामना की। न्यू इंडिया चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किए गए अभी और न्यू व देश के जाने-माने डिजिटल क्रिएटर से दोनों युवाओं ने मुलाकात कर जनपद की ऐतिहासिक स्थलों से बारे में अवगत कराकर उनको जिले में आने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में मौजूद जनपद के युवा पत्रकार

प्रतियोगिता — श्रीराम ऑडिटोरियम दिल्ली में जनपद के कलाकारों ने लिया भाग

नक्श थिएटर के कलाकारों ने बेबी नाटक का मंच कर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिले की रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बेबी नाटक का मंचन किया।

नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना द्वारा निर्देशित नाटक बेबी का मंचन कलाकारों ने दिल्ली के मंडी हाउस स्थित श्रीराम ऑडिटोरियम के मंच पर किया।

नाटक में शैली दिवाकर बेबी, धीरज मौर्या शिबप्पा, अमित सक्सेना कर्वे, राज गौरव पाण्डेय राघव, अंकित गुप्ता दुकानदार, प्रियांश ने पड़ोसी की भूमिका निभाई लाइट, सत्या म्यूजिक दिलीप कश्यप ने दी, वैक्सटेज संध्या पाण्डेय ने किया। नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना ने बताया कि देश के सबसे बड़े मंच पर नक्श थिएटर के कलाकारों ने नाटक की प्रस्तुति दी है। राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इसके लिए उन्होंने ब्लैक पर्ल आर्ट ग्रुप आयोजक अमूल सागर नाथ का धन्यवाद दिया। सभी नक्श थिएटर के सभी कलाकारों को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा) का उनके मित्र शेखर कांवत के सहयोग से करीब से देखने को अवसर मिला।

नाटक मंच के दौरान मौजूद निदेशक अमित सक्सेना व अन्य — समृद्धि न्यूज

रक्षामंत्री ने भविष्य के युद्धक्षेत्र में तीनों सेनाओं के तालमेल पर दिया जोर

हिंद महासागर क्षेत्र में शांति व समृद्धि के लिए नौसेना से नेतृत्व का आह्वान, नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तीनों सेनाओं की संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए भारतीय नौसेना से नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

नौसेना कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन का पहला संस्करण 05 से 08 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण समुद्री सुरक्षा मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सैन्य-सामरिक स्तर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर हुआ लेकिन इसके बाद 07 और 08 मार्च को यह कमांडर कांफ्रेंस हाइब्रिड प्रारूप से नई दिल्ली में हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा स्टाफ के प्रमुख, रक्षा सचिव और अन्य के साथ उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और नौसेना कमांडर उपस्थित थे।

रक्षा मंत्री ने पश्चिम एशिया और आसपास के समुद्रों में हाल की घटनाओं पर भारतीय नौसेना की बहादुरी भरी त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कमांडरों से संघर्ष के सभी क्षेत्रों में संचालन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में भारतीय नौसेना से अपेक्षित नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित किया। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने भविष्य के युद्धक्षेत्र को अनुकूल रूप देने और प्रभावित करने के लिए त्रि-सेवाओं की संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया।

समुद्री क्षेत्र में समकालीन और भविष्य की चुनौतियों को कम करने के लिए हुई बातचीत

नई दिल्ली की कार्यवाही में 07-08 मार्च को प्रमुख परिचालन, सामग्री, बुनियादी ढांचे, रसद और कार्मिक संबंधी पहल की समीक्षा की गई। इसके अलावा वरिष्ठ नौसैनिक नेतृत्व ने समुद्री क्षेत्र में समकालीन और भविष्य की चुनौतियों को कम करने के लिए द्वीप क्षेत्रों में क्षमता वृद्धि सहित मौजूदा और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीवी चौधरी ने भी नौसेना कमांडरों के साथ परिचालन वातावरण के अपने आंकलन को साझा किया। दोनों सेवा प्रमुखों ने मौजूदा और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के बीच तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और सहयोग को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों और डोमेन में राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर रूपरेखा तैयार की। सम्मेलन के इतर नौसेना कमांडरों ने 08 मार्च को सागर मंथन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न थिंक टैंक के साथ भी बातचीत की। इस फोरम ने आत्मनिर्भरता पहल को आगे बढ़ाने और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के तरीकों, साधनों और नए तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए एमएसएमई, इनोवेटर्स और शिक्षाविदों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

गैर जरूरी कामों के लिए पेयजल के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी

बेंगलुरु। बेंगलुरु में जल संकट के बीच शहर के जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने गैर-जरूरी उद्देश्यों के लिए पेयजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

बीडब्ल्यूएसएसबी ने कहा कि सभी के लिए पेयजल की आपूर्ति आवश्यक है। उसने कहा कि शहर में तापमान रोजाना बढ़ रहा है और हाल के दिनों में बारिश की कमी के कारण भूजल स्तर में गिरावट आई है इसलिए बेंगलुरु शहर में पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी है। इसमें कहा गया है कि पेयजल का संयमित उपयोग करना लोगों के लिए आवश्यक बना दिया गया है। बीडब्ल्यूएसएसबी ने बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1964 की धारा 33 और 34 के तहत सात मार्च को जनहित में एक आदेश जारी कर बेंगलुरु शहर में वाहनों की सफाई, इमारतों और सड़कों के निर्माण, मनोरंजक गतिविधियों या फव्वारे जैसी सजावट के लिए पेयजल के उपयोग पर रोक लगा दी। मॉल और सिनेमा हॉल को केवल पीने के लिए पेयजल का उपयोग करने की अनुमति है। उसने कहा, ''इस निषेधात्मक आदेश का पहली बार उल्लंघन किए जाने पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और दोबारा उल्लंघन करने पर 5,000 रुपए जुर्माना और 500 रुपए प्रतिदिन का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।

लोस चुनाव में इस बार बिहार की सभी 40 सीटें पीएम मोदी की झोली में : शाह

एजेंसी

पटना (बिहार)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार दोपहर पटना के पालीगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम जब-जब आए बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी। वर्ष 2014 में आए तो 31 सीटें दी, 2019 में आए तो 39 सीटें दी और अब 2024 में 40 की 40 सीटें मोदी की झोली में डालना है। अमित शाह ने सोनिया गांधी और लालू यादव पर तंज कसते हुए कहा कि एक का लक्ष्य बेटे को प्रधानमंत्री बनाना है तो दूसरे का लक्ष्य बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का है। लालू जिस कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठे हैं, उसने हमेशा पिछड़ा-अति पिछड़ा का विरोध करने का काम किया। लालू केवल गरीबों की जमीन हथियाने का काम कर सकते हैं। गरीब का यदि कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है।

अमित शाह ने कहा कि लालू को चेताने आया हूं कि भाजपा में डबल इंजन की सरकार बन गई है। भू-माफियाओं को उल्टा लटकाने का काम भाजपा करेगी। हमारी सरकार एक कमेटी बनाएगी और गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले को जेल की हवा खिलाएगी। उन्होंने कहा कि लालू ने आडवाणी का रथ रोका था। लालू अब कुछ नहीं कर सकते। मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास भी किया और उद्घाटन भी। अब लालू रोक कर दिखाएं। बिहार में एनडीए 40 की 40 सीटें जीतेंगी। यह भरोसा हमें बिहार की जनता ने दे दिया है। इस बार परिवार को बढ़ाने वाले का नहीं, बल्कि देश को बढ़ाने वाले का साथ हर कोई देगा। गृह मंत्री शाह ने कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने दबा दिया। राहुल गांधी ने ओबीसी कमीशन का विरोध दिया। राजद आज उसी कांग्रेस के साथ है। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नरेन्द्र मोदी और भाजपा की सरकार ने दिया। पिछड़ा व अतिपिछड़ा का अपमान करने वाली कांग्रेस के साथ बैठी राजद व लालू यादव आपका भला नहीं कर सकती। गृह मंत्री अमित शाह ने लालू यादव और कांग्रेस पर ही दशकों तक 370 लागू रखे रहने का ठीकरा फोड़ा।

गडकरी आज खूंटी में करेंगे तीन सड़कों का शिलान्यास

खूंटी (झारखंड)। राज्य के खूंटी शहरवासियों की वर्षों पुरानी बाईपास सड़क की मांग पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर खूंटीवासियों को 10 मार्च को तीन सौगातें मिलेंगी। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी रांची-खूंटी फोर लेन बाईपास रोड, रांची-खूंटी रोड (वर्तमान) का चौड़ीकरण एवं खूंटी-कर्रा-बेड़ो टू लेन सड़क का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। रांची-खूंटी फोर लेन बाईपास रोड तुपुदाना (एनएच 20, पुराना 75ई) से कुंडीबर टोली तक बनेगा, जो रांची, खूंटी और चाईबासा जिला को जोड़ेगा। इस रोड के बन जाने से खूंटी में हमेशा जाम और आए दिन सड़क दुर्घटना से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही यात्रा में भी समय कम लगेगा। इस संबंध में अर्जुन मुंडा मुंडा ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से स्थानीय लोगों के लिए बड़े अवसर सृजित होंगे। भगवान बिरसा मृग विहार, पंचघाघ और हिरणी जलप्रपात जैसे स्थानीय पर्यटन स्थलों कि जरूरतों को भी पूरा करेगी। आसपास के स्थानों में स्थित कई खनन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में की हाथी की सवारी

एजेंसी

काजीरंगा (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय असम दौरे के दूसरे दिन शनिवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में करीब दो घंटे बिताए। इस दौरान उन्होंने जिप्सी से भ्रमण किया और प्रद्युम्न नामक हाथी की सवारी भी की। इस दौरान वह महावत राजू ग्वाला और वन विभाग के जिप्सी चालक इब्सा सिंग के साथ बातचीत कर उद्यान और जानवरों के बारे में रोचक जानकारियां भी हासिल करते रहे। प्रधानमंत्री ने अपने कैमरे से जानवरों के फोटो भी खींचे।

आज सुबह 5.45 बजे काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रवेश करते हुए प्रधानमंत्री ने सबसे पहले प्रद्युम्न नामक हाथी पर सवार होकर करीब 20 मिनट तक हाथी सफारी का अनुभव लिया। प्रद्युम्न के साथ ही छह अन्य हाथी भी शामिल थे।

सफारी के दौरान प्रधानमंत्री ने महावत राजू ग्वाला से जंगली जानवरों के बारे में जानकारी हासिल की। उधर, प्रधानमंत्री मिहिमुख से दफलांग टावर तक जिप्सी से भ्रमण किया। प्रधानमंत्री के साथ जिप्सी में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व वनांचल फील्ड की डायरेक्टर शोनाली घोष भी थीं। प्रधानमंत्री काजीरंगा के बिग फाइव के अंदर गैंडों, हाथियों, हिरणों के समूहों, भैंसों की आवाजाही को देखकर अभिभूत हुए। हालांकि, प्रधानमंत्री को बाघ देखने का सौभाग्य नहीं मिला। प्रधानमंत्री ने मिहिमुख में वन विभाग के घरेलू हाथियों को चारा भी खिलाया।

खबरें एक नजर में

कमल हासन की पार्टी को मिलेगी एक राज्यसभा सीट

नई दिल्ली। द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के बीच शनिवार को गठबंधन पर चर्चा हुई। कमल हासन की पार्टी एमएनएम को द्रमुक एक राज्यसभा सीट देगी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक को एमएनएम पार्टी तमिलनाडु और पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव के दौरान सहयोग करेगी। कमल हासन और एमके स्टालिन के बीच शनिवार को आज एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के बाद पत्रकारों से बातचीत में कमल हासन ने कहा कि वे लोक सभा चुनाव नहीं लड़ेगे। एमएनएम ने निर्णय लिया है कि वे द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए काम करेंगे। आज हुए गठबंधन के बाद द्रमुक अबतक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) को दो-दो सीटें आवंटित कर चुकी है। एमडीएमके को एक सीट, वीसीके को विल्लुपुरम और चिदम्बरम, रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और नमक्कल निर्वाचन क्षेत्र कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) को आवंटित कर चुकी है। कांग्रेस और द्रमुक गठबंधन और सीट आवंटन की भी जल्द घोषणा हो सकती है।

भाजपा ने प्रदीप वर्मा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया

रांची (झारखंड)। राज्य में 21 मार्च को राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव होना है। इसके लिए भाजपा ने डॉ. प्रदीप वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने शनिवार को इस आशय का पत्र जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पत्र जारी करते हुए उनके नाम की घोषणा की है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने झारखंड से एक नाम फाइनल करते हुए प्रदीप वर्मा के नाम पर मुहर लगाई है। चुनाव आयोग की चार मार्च को जारी अधिसूचना के मुताबिक 11 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल होने के पश्चात 12 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी जबकि 14 मार्च तक नाम वापस लिए जाएंगे। यदि दो से अधिक नामांकन होते हैं तभी मतदान की नौबत आएगी। इस तरह से 14 मार्च को नामांकन वापसी का समय समाप्त होने के बाद साफ होगा कि मतदान होगा या नहीं।

भोपाल के वल्लभ भवन में लगी आग, धुएं से घिरी पूरी इमारत

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित वल्लभ भवन की तीसरी से पांचवी मंजिल आग की लपटों से घिर गई और पूरी इमारत में धुआं ही धुआं नजर आ रहा है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। दरअसल, वल्लभ भवन की पुरानी इमारत की तीसरी मंजिल पर शनिवार की सुबह धुआं उठते दिखा। उसके बाद आग की लपटें भी नजर आई। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंची। आग पर काबू पाने का दावा किया गया। मगर, कुछ ही देर बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। इमारत की पांचवी मंजिल तक आग की लपटें नजर आई। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी वल्लभ भवन की पुरानी इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लगने की पुष्टि की और कहा कि मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि इसकी मॉनिटरिंग करें ताकि आग की वस्तु स्थिति की जानकारी सामने आ जाए। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी कमल नागर ने मीडिया को बताया कि दूसरी-तीसरी मंजिल में आग लगी और बड़ी संख्या में दस्तावेज जल गए हैं।

10 को डीएमके व कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग होगी फाइनल

चेन्नई। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और डीएमके के बीच सीट बंटवारे को लेकर फैसला रविवार तक हो जाएगा। हालांकि, यह फैसला काफी पहले ही हो गया होता, लेकिन मगर डीएमके के रूख की वजह से ही इसमें विलंब हो गया। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, डीएमके 9 सीटों पर सहमत हो चुकी है, लेकिन तीन सीटों को लेकर बदलाव की संभावना अभी भी बनी हुई है। हालांकि, जब डीएमके नेताओं से इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने चुप्पी साध ली। डीएमके और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की पार्टी कार्यालय में बैठक होगी। इस बैठक में अन्ना अरिवलयम, डीएमके के टी.आर. बालू और एस. दुरईमुरुगन सत्तारूढ़ दल का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि सेल्वापेरुन्थागई कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुन्थागई ने बात करते हुए कहा, हम चाहते हैं कि हमें वो सभी 9 सीटें मिले हैं, जिन पर हमने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पुदुचेरी भी शामिल है।

खाद्य पदार्थों की कीमतें नियंत्रित करने को केंद्र करेगा उपाय

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि ष्हमारी नारी-शक्तिष् के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, ष्हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

तीनों सेनाएं स्वदेशी हथियारों से 12 को दिखाएंगी भारत शक्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की तीनों सेनाओं के स्वदेशी हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन 12 मार्च को राजस्थान के पोखरण में 'भारत शक्ति' के रूप में होगा। तीनों सेनाएं लगभग 50 मिनट तक युद्धाभ्यास करके भारत में निर्मित हथियारों का लाइव प्रदर्शन करेंगी। इस अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित हथियार प्रणालियां, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। रक्षा क्षेत्र में भारत की 'आत्मनिर्भरता' के इस प्रदर्शन को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के भी शामिल होने की उम्मीद है।

पोखरण में तीनों सेनाओं के इस संयुक्त युद्धाभ्यास के बारे में जानकारी देने के लिए आर्मी डिजाइन ब्यूरो (एडीबी) के एडीजी मेजर जनरल सीएस मान ने शनिवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस की। तीनों सेनाओं ने स्वदेशीकरण से सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसके लिए कई परियोजनाओं पर लगातार काम किया जा रहा है। सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और प्रणालियों का प्रदर्शन करने के लिए लाइव फायर और युद्धाभ्यास प्रदर्शन से जुड़े इस त्रि-सेवा अभ्यास को 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन में स्वदेशी उपकरणों का उपयोग करके आक्रामक अभियानों में तीनों सेनाओं के एकीकृत मल्टी डोमेन संचालन का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें खुफिया निगरानी और टोही ग्रिड की स्थापना, हवाई प्लेटफार्मों का संचालन, लंबी दूरी की गोलीबारी, मशीनीकृत बलों से युद्धाभ्यास और वाहनों में पैदल सेना की आवाजाही भी शामिल होगी।

युद्धाभ्यास में भारत निर्मित हथियारों का होगा लाइव प्रदर्शन

अश्विन ने बेन स्टोक्स को बोल्ड करते ही बनाए दो रिकॉर्ड

एजेंसी

धर्मशाला। भारतीय स्टार स्पिनर आर अश्विन ने भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने धर्मशाला के मैदान पर ऐतिहासिक पांच विकेट हॉल लिया। ये उनका 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने जैक क्रॉली (0), बेन डकेट (2), ओली पोप (19), बेन फोक्स (8) और बेन स्टोक्स (2) को अपना शिकार बनाया। अश्विन ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को 23वें ओवर की पांचवीं गेंद पर बोल्ड किया। स्टोक्स के बोल्ड होते ही अश्विन के नाम दो रिकॉर्ड दर्ज हो गए। उन्होंन वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल को पछाड़ा है।

दरअसल, अश्विन ने स्टोक्स को 17वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बने हैं। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने अपने करियर में वेस्टइंडीज को डेसमंड हेन्स को 16 बार अपना शिकार बनाया था। वहीं अश्विन ने टेस्ट में स्टोक्स को 13वीं बार आउट किया है। वह टेस्ट क्रिकेट में किसी एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार पवेलियन भेजने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

टेस्ट में किसी एक बल्लेबाज को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले भारतीय गेंदबाज

13- आर अश्विन बनाम बेन स्टोक्स
12-कपिल देव बनाम मुदस्सर नसर
11-ईशांत शर्मा बनाम एलेस्टेयर कुक
11-आर अश्विन बनाम डेविड वॉर्नर
11-कपिल देव बनाम ग्राहम गूच

इसके साथ ही अश्विन ने अपने करियर में 36वीं बार पांच विकेट लिया है। वह भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइफर लेने वाले गेंदबाज बन चुके हैं। उन्होंने इस मामले में अनिल कुंबले को पछाड़ा है। जिन्होंने 35 बार ये कारनामा अपने नाम किया है।

जेम्स एंडरसन ने पूरे किए 700 टेस्ट विकेट

धर्मशाला। जेम्स एंडरसन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार की सुबह धर्मशाला में भारत के कुलदीप यादव को आउट कर अपना 700वां विकेट पूरा किया। तेज गेंदबाज ने टेस्ट में 698 विकेट से शुरुआत की और 699 पर पहुंच गए जब उन्होंने शतकवीर शुभमन गिल को खूबसूरत रिवर्स स्विंग के साथ बोल्ड किया। उन्हें अपने मील के पत्थर के क्षण के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करना पड़ा, जब दूसरे दिन के शेष समय में स्पिनरों का दबदबा रहा। अगले दिन, उन्होंने 30 रन पर विकेट के पीछे कैच आउट होकर कुलदीप को आउट करके अपना 700वां विकेट हासिल किया। उनका पहला टेस्ट विकेट 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ लॉर्ड्स में आया था जहां उन्होंने पांच विकेट लेकर अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। 41 साल की उम्र में एकमात्र तेज गेंदबाज के रूप में 700 के क्लब में प्रवेश करने के लिए एंडरसन को 184 और टेस्ट खेलने पड़े। अपने लगभग 21 साल लंबे करियर में एंडरसन ने अपने और दूसरों के बीच दूरी बनाए रखना जारी रखा है। नाथन लियोन, वर्तमान में 517 विकेटों के साथ, सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन अब टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में नंबर दो पर मौजूद शेन वॉर्न को पछाड़ने से ज्यादा दूर नहीं हैं।

कुलदीप-यशस्वी के कायल हुए भारतीय कप्तान : रोहित

धर्मशाला। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-1 से अपने नाम की। भारत ने धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 64 रन से धूल चटाई। भारत ने तीन दिनों के अंदर ये मैच जीत लिया। सीरीज समाप्त होने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने धांसू बयान दिया है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों की सराहना की है। इसके साथ ही भारतीय कप्तान रोहित ने कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल की जमकर तारीफ की है। कुलदीप ने धर्मशाला टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में दो विकेट चटकाए। यशस्वी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। उनके बल्ले से कुल 712 रन निकले, जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं। वहीं रोहित ने कहा कि, जब आप इस तरह से टेस्ट मैच जीतते हैं तो सभी चीजें सही होनी चाहिए।

सहजन की पत्तियों से डायबिटीज व मोटापा रहेगा नियंत्रित

सहजन एक ऐसी पौष्टिक सब्जी है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इनका सेवन करने से मोटापे, केलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां भी कंट्रोल में रहती हैं। इसे मोरिगां भी कहा जाता है। आप इसकी सब्जी के अलावा फूल और पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। सहजन की पत्तियों में मल्टीविटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और एमिनो एसिड जैसे भरपूर गुण पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सहजन को 300 से ज्यादा बीमारियों के लिए एक दवाई माना जाता है। तो चलिए बताते हैं कि इसकी पत्तियों के जूस का सेवन करने से आपको कौन-कौन सी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है।

क्या होते हैं फायदे

सहजन की पत्तियों में कार्ब्स, प्रोटीन, मेग्निशियम, पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे भरपूर गुण पाए जाते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसकी पत्तियों का जूस पीने से ब्लड प्रेशर कम होता है और वजन घटाने में भी सहायता मिलती है। इसकी पत्तियों के जूस का सेवन करने से आपकी और भी कई स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से राहत मिलती है।

डायबिटीज में फायदेमंद

इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व डायबिटीज जैसी बीमारियों के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह आपके शरीर में ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। लेकिन यदि आप डायबिटीज के मरीज हैं तो एक बार डॉक्टर की सलाह लेकर ही इस जूस का सेवन करें।

वजन कम करने में सहायक

सहजन के पत्तियों में एंटी-ओबेसिटी गुण भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मोटापे में भी आप इसकी पत्तियों का जूस बनाकर पी सकते हैं। आप नियमित तौर पर भी सहजन की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं। गलत लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण मोटापे से बहुत ही लोग ग्रस्त हैं। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो सहजन की पत्तियों का जूसक बनाकर पिएं।

खून को साफ करने के लिए

आप खून को साफकरने के लिए भी सहजन की पत्तियों का जूस बनाकर पी सकते हैं।

इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके खून को साफ करने में मदद करते हैं। पत्तियों का जूस पीने से आपके शरीर में पाए जाने वाले जहरीले पदार्थ यूरिन के द्वारा बाहर निकल जाते हैं। लेकिन इसका सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर की सलाह जरुर ले लें।

पेट संबंधी समस्याओं के लिए होगा फायदेमंद

सहजन की पत्तियों का जूस पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। पेट दर्द, अल्सर जैसी समस्याओं के लिए आप इसको अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला फाइबर आंतों में जमा हुए किसी भी तरह के हानिकारक पदार्थ को दूर करने में मदद करता है। आप कब्ज जैसी समस्या से राहत पाने के लिए भी सहजन की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।

आंखों की रोशनी के लिए फायदेमंद

सहजन की पत्तियों में पाए जाने वाले तत्व आपकी आंखों की रोशनी के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से आपकी आंखों की रोशनी भी ठीक रहती है। साथ ही आंखों में होने वाली जलन, रैशेज और सूजन जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है।

हड्डियों की मजबूती के लिए

आप हड्डियों से संबंधित समस्या से राहत पाने के लिए सहजन की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला मेग्नीशियम, फॉस्फोरस और कैल्शियम हड्डियों को मजबूती देने का काम करता है। हड्डियों का मजबूत और हेल्दी रखने के लिए आप सहजन की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।

चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने दी पहली किस्त

एजेंसी

रांची। राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को चेक बाउंस से जुड़े मामले में आरोपित अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच रांची सिविल कोर्ट में मध्यस्थता के माध्यम से शनिवार को एग्रीमेंट हुआ। इसमें पहली किस्त के रूप में 20 लाख रुपए का चेक से भुगतान अमीषा पटेल की ओर से शिकायतकर्ता को किया गया।

दोनों पक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े। इस दौरान झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सह हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने भी उनसे बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच दो करोड़ 75 लाख देने का समझौता हुआ है। पहली किस्त के रूप में 20 लाख का भुगतान शनिवार को हुआ। जबकि दूसरी किस्त के रूप में 50 लाख, तीसरी किस्त के रूप में 70 लाख, चौथी किस्त रूप में 62 लाख

और अंतिम के रूप में 31 जुलाई 2024 को 62 लाख रुपए का भुगतान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह को होना है। पूर्व में अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता को 11 लाख रुपए का भुगतान कर दिया था। मामले में अगली सुनवाई एक 11 मार्च को होगी। शिकायतकर्ता की अधिवक्ता विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव ने बताया कि पहले किस्त 20 लाख रुपए का चेक को 11 मार्च तक क्लियर करने को कहा गया है। बैंक बंद होने का हवाला देकर समय लिया गया है। इससे पूर्व चेक बाउंस मामले में बीते गुरुवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई थी।